जबलपुर
सोमवार, 20 जनवरी 2025
माघ मास शुक्ल पक्ष -06
■ वर्ष : 19, अंक : 256
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 26
न्यून. 09

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



विश्व के सबसे ऊंचे चेनाब ब्रिज से गुजरी ट्रेन

*उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक पर ट्रायल रन पूरा*

## कटड़ा से बडगाम ट्रैक पर चली 18 डिब्बों की ट्रेन

इस परियोजना का मुख्य आकर्षण चेनाब नदी पर बना विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे पुल और अंजी खड पर केबल-स्टे पुल

**ये भी जानें**

- कुल लंबाई : 326 किलोमीटर
- कुल खर्च : 41000 करोड़
- सुरंगें : 111 किमी के हिस्से में
- यहां देश की सबसे लंबी रेल सुरंग : 12 .77 किमी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक के कटड़ा-बडगाम रेलवे ट्रैक पर ट्रायल रन पूरा कर लिया गया है। रविवार सुबह 8 बजे ये फाइनल ट्रायल रन शुरू किया गया था। 18 डिब्बों की एसी ट्रेन कटड़ा रेलवे स्टेशन से कश्मीर की तरफ रवाना हुई थी।

**शिविर के अंदर रखे तीन सिलेंडर फटे**



महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगी आग की ड्रोन से ली गई तस्वीर। इनसेट में ब्लास्ट हुआ सिलेंडर

हादसे को लेकर पीएम मोदी ने की सीएम योगी से बात

# महाकुंभ में भीषण आग, करीब 250 टेंट जले 500 लोगों को बचाया गया, कोई हताहत नहीं

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले में रविवार शाम अचानक आग लग गई। इस आग के चलते आसमान में काले धुएं का काला गुबार छा गया। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और जल्द ही आग को कंट्रोल कर लिया। इस आग में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। मेला सीएफओ (चीफ फायर ऑफिसर) प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग से करीब 500 लोगों को बचाया गया है। एक चश्मदीद ने दावा किया कि 250 के आसपास टेंट आग से जलकर खाक हो गए।

- *15 दमकलों ने आग पर काबू पाया एनडीआरएफ की चार टीमें तैनात*

**गीता प्रेस के ट्रस्टी बोले-180 कॉटेज जले**

महाकुंभ में लगी आग को लेकर पीएम मोदी ने भी संज्ञान लिया और तुरंत ही सीएम योगी आदित्यनाथ से बात की। सीएम योगी प्रयागराज में घटनास्थल पर पहुंच गए। एडीजी भानु भास्कर ने कहा कि हमें सिलेंडर फटने की सूचना मिली थी। गीता प्रेस के ट्रस्टी कृष्ण कुमार खेमका ने बताया कि लगभग 180 कॉटेज बने हुए थे। हमने बहुत सावधानी से बनाया। सभी को मना किया गया कि किसी प्रकार का अग्नि का कोई काम न करें। जहां हमने सीमा बनाई उसके पार सर्कुलेटिव एरिया घोषित की गई थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम की 118 वीं कड़ी में मप्र के नवाचारों का किया जिक्र

# अब स्टार्टअप कल्चर छोटे शहरों में भी आधे से ज्यादा का नेतृत्व बेटियां कर रहीं

प्रधानमंत्री ने रातापानी टाइगर रिजर्व का किया उल्लेख

देश के प्रमुख स्टार्टअप सेंटर के रूप में उभर रहा ग्वालियर



*पीएम ने कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत आस-पास के पशु-पक्षियों के साथ स्नेह से रहना सिखाती है। देश में दो नए टाइगर रिजर्व की शुरुआत वनस्पति और जीव-जगत के संबंधों को अधिक समृद्ध करेगा।*

- सभी के लिए प्रेरणादायी है मन की बात कार्यक्रम : डॉ. यादव
- मुख्यमंत्री ने वाजपेयी नगर के रहवासियों के साथ सुनी 'मन की बात'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम की 118 वीं कड़ी में मप्र में हाल ही में जुड़े रातापानी टाइगर रिजर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत आस-पास के पशु-पक्षियों के साथ स्नेह से रहना सिखाती है। देश में दो नए टाइगर रिजर्व की शुरुआत वनस्पति और जीव जगत के संबंधों को अधिक समृद्ध करेगा। प्रधानमंत्री ने भारत में बन रहे नए स्टार्टअप सेंटर्स के तहत देश के 7 शहरों में ग्वालियर का भी उल्लेख किया।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल में हुई आर्मी मैराथन के विजेताओं को पुरस्कृत किया

मुख्यमंत्री ने आर्मी मैराथन विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए

## आमजन और सेना के बीच जुड़ाव को प्रोत्साहित करेगी आर्मी मैराथन

*मुख्यमंत्री फिटनेस-एकता और देशभक्ति के लिए फिट इंडिया-रन विथ इंडियन आर्मी मैराथन में हुए शामिल*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पूरे देश और दुनिया को भारतीय सेवा पर गर्व है। बेहद अनुशासित इकाई के रूप में सेना ने अपनी विशेष पहचान बनाई है। अपनी क्षमता और योग्यता से दुनिया की कई चुनौतियों का समाधान कर भारतीय सेना ने कठिनतम समय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव फिटनेस-एकता और देश भक्ति के लिए फिट इंडिया रन विथ इंडियन आर्मी के द्रोणांचल में आयोजित आर्मी मैराथन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

## देर रात ठाणे की झाड़ियों में छिपा था हमलावर पुलिस का दावा- उसका बांग्लादेश कनेक्शन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर अटैक केस में पुलिस ने मुख्य आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को गिरफ्तार किया है। जो अपने अलग-अलग नाम बता रहा है। उसने अपने नाम विजय दास, उर्फ बिजॉय दास, उर्फ इलियास उर्फ शहजाद बताए हैं। शनिवार देर रात को पुलिस ने उसे ठाणे की झाड़ियों से गिरफ्तार किया है। वह वहीं छिपा हुआ था। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गिरफ्तार किए गए आरोपी के बारे में जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से जो जब्त किया गया है उससे ये शक हो रहा है कि वो बांग्लादेश का रहने वाला है।

केंद्रीय खेल मंत्री मंडाविया ने किया ऐलान

## हम जल्दी ही नई राष्ट्रीय खेल नीति लेकर आ रहे

- प्रदेश के पहले फिट इंडिया क्लब की शुरूआत
- सीएम डॉ. यादव ने कहा फिट इंडिया मूवमेंट प्रधानमंत्री के फिटनेस और स्वास्थ्य को लेकर विजन का अहम हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने रविवार को कहा कि हमारे युवा देश की आस हैं और अपेक्षा भी। हम इन्हें फिर से फिट रखने की कोशिश कर रहे हैं। हम देश में खेलों की अधोसंरचनाओं का विकास कर रहे हैं। हम बहुत जल्द नई राष्ट्रीय खेल नीति लेकर आएंगे। इसमें हम खेलों, खेल अधोसंरचनाओं, खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करेंगे।




सीएम ने भोपाल में फिट इंडिया क्लब लोकार्पण समारोह को संबोधित किया

**फिट इंडिया क्लब गांव-गांव में बनेंगे**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट के तहत रविवार को प्रदेश के पहले फिट इंडिया क्लब की शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया क्लब बनाने की बात अब पूरे प्रदेश में सकारात्मक रूप से गांव-गांव तक जाएगी। इससे बच्चे और बुजुर्ग सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल को हमारी सरकार ने अब एक पाठ्यक्रम (विषय) बना दिया है। बच्चे इस विषय में शिक्षा ग्रहण कर व्याख्याता, सहायक प्राध्यापक, प्रशिक्षक आदि फील्ड में अपना कैरियर बना सकेंगे। हमने प्रदेश के खेलों और खिलाड़ियों दोनों का मान-सम्मान बढ़ाया है।

कोलकाता रेप केस में सजा का ऐलान आज

## मां ने कहा- 'फांसी' पर लटका दो, उसके लिए यही सजा ठीक



■ आरजी कर केस में दोषी ठहराया जा चुका है संजय

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर मामले में दोषी ठहराए गए संजय रॉय की सजा का ऐलान सोमवार को होगा। उसकी मां ने कहा है कि अगर उनका बेटा वाकई दोषी है तो उसे सजा मिलनी चाहिए, भले ही इसके लिए उसे मौत की सजा ही क्यों न हो। मालती रॉय ने रविवार को कहा कि अगर अदालत उसे फांसी पर लटकाने का फैसला करती है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि कानून की नजर में उसका अपराध साबित हो चुका है।

निमंत्रण के बाद अनशन खत्म

## डल्लेवाल को चढ़ाया ग्लूकोज 122 किसानों ने तोड़ा अनशन



■ किसानों की मांगों पर समाधान का आश्वासन

एजेंसी ▶▶ पटियाला

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन को 55 दिन हो गए हैं। केंद्र से निमंत्रण के बाद डॉक्टरों की एक टीम ने रविवार को डल्लेवाल को ग्लूकोज चढ़ाया। शनिवार को केंद्र की ओर से आए निमंत्रण में कहा गया है कि उम्मीद है कि डल्लेवाल जल्द ही अपना अनशन खत्म करेंगे और बैठक में शामिल होंगे। पटियाला रेंज के डीआईजी मनदीप सिंह सिद्धू और एसएसपी डॉ. नानक सिंह ने मरण व्रत पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात कर उन्हें चिकित्सा सहायता दिलाई।

आंखों-पैरों में जलन से भगदड़

## इंदौर में चलते टैंकर से केमिकल का 'रिसाव'



■ बाइपास पर वाहनों की लगी रहीं लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

रविवार को एक टैंकर से केमिकल का रिसाव हो गया। इससे वहां मौजूद लोगों की आंखों और हाथ-पैरों में जलन होने लगी। इससे भगदड़ मच गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों तरफ से रास्ता बंद करा दिया। फायर ब्रिगेड की टीम केमिकल पर पानी डालकर रिसाव कम करने में जुटी रही। घटना तेजाजी नगर बाइपास की है। यहां हरि प्रभु गैस रिफ्लेक्शन लिमिटेड के टैंकर से एक्यूमस अमोनिया नाम के केमिकल से रिसाव शुरू हो गया था।

ट्रंप आज लेंगे दूसरी बार शपथ, वे अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति होंगे

ट्रंप से मिले मुकेश और नीता अंबानी, साथ में किया कैंडल लाइट डिनर

# विदेश मंत्री जयशंकर होंगे शामिल, नए विदेश सचिव के साथ क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों के साथ करेंगे बैठकें

*ये समारोह अमेरिका में दोपहर 12 बजे होगा यानि भारतीय समयानुसार रात साढ़े 10 बजे होगा। डोनाल्ड ट्रंप को मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स पद की शपथ दिलाएंगे। वॉशिंगटन में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इस वजह से शपथ ग्रहण का उद्घाटन भाषण खुले में नहीं होगा। समारोह यूएस कैपिटल के रोटुंडा के अंदर होगा।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



डोनाल्ड ट्रंप सोमवार यानी 20 जनवरी को दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। वे अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे और व्हाइट हाउस में वापसी करेंगे। विदेश मंत्री एस. जयशंकर की ट्रंप प्रशासन के संबंधित लोगों के साथ द्विपक्षीय हितों से जुड़े हर मुद्दों पर बात होगी।

कैंडल लाइट डिनर में भाग लेने वाले वे एकमात्र भारतीय



ट्रंप के साथ अंबानी दंपती की तस्वीर सामने आई

**ट्रंप के परिवार से हैं अंबानी के अच्छे संबंध**

मुकेश अंबानी के परिवार के ट्रंप के परिवार के साथ अच्छे संबंध हैं। 2017 में जब डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप ग्लोबल आंत्रप्रेन्योरशिप समिट के लिए हैदराबाद आईं तो अंबानी वहां मौजूद थे। फरवरी 2020 में जब ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में भारत आए थे तब भी अंबानी मौजूद थे।



# ‘मन की बात’ में पीएम मोदी ने महाकुंभ की सराहना की, पुष्करम और ‘गंगा सागर मेले’ का जिक्र किया

# महाकुंभ को बताया एकता, समता और समरसता का संगम परंपरा का बिना भेदभाव और जातिवाद के हो रहा समागम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महाकुंभ को एकता और समता-समरसता का असाधारण संगम करार दिया। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। आकाशवाणी पर हर महीने प्रसारित होने वाले रेडियो कार्यक्रम ‘मन की बात’ की 118वीं कड़ी और साल 2025 की पहली कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है तो उसकी सभ्यतागत जड़ें और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह दिन इसलिए अहम है, क्योंकि इसी दिन ‘भारतीय निर्वाचन आयोग’ की स्थापना हुई थी। पीएम मोदी ने ‘कुंभ’, ‘पुष्करम’ और ‘गंगा सागर मेले’ का जिक्र करते हुए कहा कि ये पर्व सामाजिक मेल-जोल, सद्भाव और एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं। उन्होंने कहा कि ये पर्व भारत के लोगों को भारत की परंपराओं से जोड़ते हैं।




*ये पर्व भारत के लोगों को भारत की परंपराओं से जोड़ने में सहायक*

आकाशवाणी पर हर महीने प्रसारित होने वाले रेडियो कार्यक्रम ‘मन की बात’ की 118वीं कड़ी और साल 2025 की पहली कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है तो उसकी सभ्यतागत जड़ें और मजबूत होती हैं और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है।



## विरासत को सहेजें और आगे बढ़ें

पीएण मोदी ने कहा कि कुंभ में दक्षिण, पश्चिम और हर कोने से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब और अमीर सब एक हो जाते हैं और सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं। एक साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं। तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। कुंभ का आयोजन हमें यह भी बताता है कैसे हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं। उन्होंने कहा कि इस बार कुंभ में युवाओं की भागीदारी बहुत व्यापक रूप में नजर आई है। जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व के साथ जुड़ जाती है तो उसकी जड़ें और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है। पीएम ने कार्यक्रम में पौष द्वादशी के दिन अयोध्या में राम मंदिर में राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ का भी जिक्र किया और कहा कि प्राण प्रतिष्ठा की यह द्वादशी भारत की सांस्कृतिक चेतना की पुनः प्रतिष्ठा की द्वादशी बन गई। उन्होंने कहा कि हमें विकास के रास्ते पर चलते हुए ऐसे ही अपनी विरासत को भी सहेजना है और उनसे प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना है।

## आस्था के रंग में रंगे, गाया कबीर भजन

पीएम मोदी के भतीजे सचिन



यहां पीएम नरेंद्र मोदी के भतीजे सचिन मोदी भी अपने दोस्तों के साथ पहुंचे और महाकुंभ की आस्था के रंग में रंग गए। सचिन के दोनों दोस्त सीए हैं। सचिन ने महाकुंभ में दोस्तों संग कबीर के भजन गाए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।सचिन मोदी ने अपने साथियों के साथ कबीर के भजनों का आनंद लिया। प्रधानमंत्री के परिवार से संबंध होने के बावजूद सचिन मोदी महाकुंभ में एक सामान्य श्रद्धालु की तरह शामिल हुए। उनके साथ प्रधानमंत्री मोदी के छोटे भाई पंकज मोदी भी नजर आ रहे हैं। यह भक्ति से भरा अंदाज लोगों को खूब पसंद आ रहा है।

### गुजरात के श्रद्धालु और श्रीराम सखा मंडल के सदस्य भी पहुंचे

गुजरात से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस बार महाकुंभ में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। इन्हीं में शामिल सचिन ने अपने परिवार और दोस्तों के साथ प्रयागराज में डेरा जमाया। वे ‘श्रीराम सखा मंडल’ ग्रुप के सदस्य हैं। यह हर शनिवार को अहमदाबाद और गांधीनगर में विभिन्न जगहों पर हनुमान चालीसा का पाठ करता है। इस ग्रुप में डॉक्टर, इंजीनियर और सीए भी हैं।

**विदेशी धरती पर भारतीय संस्कृति की गूंज**


### इटली की महिलाओं ने योगी के सामने गाए गीत



देश ही नहीं विदेशों से लोग संगम की रेती पर आकर अध्यात्म की खोज कर रहे है।एक अनोखा दृश्य देखने को मिला है जिसमें त्रिवेणी में डुबकी लगाने के बाद इटली से आए एक महिला प्रतिनिधिमंडल ने सीएम योगी के सामने रामायण, शिव तांडव और कई भजनों का पाठ किया। इस भक्तिमय दृश्य ने सभी को भावुक कर दिया और सीएम योगी भी इस भक्ति से भावविभोर हो गए। इस प्रतिनिधि मंडल को भारतीय संस्कृति ने काफी प्रभावित किया हैं। उन्होंने रामायण की चौपाई, शिव तांडव स्तोत्र का अभ्यास करके यह साबित कर दिया कि भारतीय संस्कृति दुनिया के किसी भी कोने में लोगों को जोड़ सकती है।

महाकुंभ में रहस्यमयी बाबाओं की कतार

## किसी की जटाओं से निकल रही आग तो कोई जटावाले बाबा बने आकर्षण



ये महाकुंभ अचरजों से भरा संसार है। देश के हर कोने के साधु संत, नागा बाबा हैं तो किन्नर भी। महिला नागा आए हैं तो विश्व स्तरीय सुंदर साध्वी भी हैं। सबसे अधिक कौतूहल वाला क्षेत्र अखाड़े हैं। 13 अखाड़ों में लाखों नागा बाबा, साधु अजब-गजब काम कर आकर्षण बटोर रहे हैं। यहां भक्ति, अध्यात्म, आशीर्वाद का अमृत बंट रहा। चिमटा खनक रहा।

### महाकुंभ में रील बनाने शेख बनकर पहुंचा युवक, साधुओं ने पीटा



यहां का एक नया वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो एक युवक का है जो नकली शेख बनकर महाकुंभ में पहुंचा था। बताया जाता है कि वह महाकुंभ में रील बनाने आया था। कुछ साधुओं ने उसे पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। सोशल मीडिया पर आए वीडियो में नजर आ रहा है कि युवक अरबी शेख की वेषभूषा बनाकर मेले में आया हुआ है। उसके साथ दो अन्य युवक भी हैं, जो उसका बॉडीगार्ड होने का दिखावा कर रहे हैं।




### फ्रांस की मरियम अब ‘कामाख्या गिरि’, इटली की बंकिया बनीं शिवानी

सनातन धर्म के मोहपाश में आबद्ध होकर 3 विदेशी महिलाएं भी रविवार को नागा संन्यासिनी बन गईं। इन महिलाओं में फ्रांस के कोग्नाक टाउन की मरियम, इटली के वेनिस शहर की बंकिया और नेपाल की मोक्षता राय हैं। श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा ने तीनों को विधि-विधान से संन्यास की दीक्षा दी। मरियम को नया नाम कामाख्या गिरि मिला है। बंकिया अब शिवानी भारती बन गई हैं। राय को मोक्षता गिरि नाम मिला।

**खबर संक्षेप**

### कोटा में आत्महत्या के लिए प्रेम संबंध जिम्मेदार



**जयपुर।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने हाल ही में कोटा में छात्रों की आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। कोचिंग हब कोटा जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रसिद्ध है। इस दुखद प्रवृत्ति के पीछे मंत्री दिलावर ने प्रेम संबंधों और अत्यधिक शैक्षणिक दबाव को एक प्रमुख कारण बताया है।

### निशानेबाज मनु की नानी और मामा की मौत



**महेंद्रगढ़।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज मनु भाकर की नानी और बड़े मामा की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। महेंद्रगढ़ बाइपास रोड पर स्कूटी व ब्रेजा गाड़ी की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही मनु भाकर के मामा और नानी की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया।

### जो शेरनी का दूध पिएगा मेरे जैसा दहाड़ेगाः रत्नेश



**पटना।** बिहार की सरकार ने मद्य निषेध विभाग के मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि बिहार में शराबबंदी का कानून लागू है। इसको हमसख्त नियम के साथ पालन भी करवा रहे हैं। अभी भी कुछ लोग है जो चोरी छिपे हुए शराब को पीते हैं यह खत्म नहीं होना वाला है। इस बीच उन्होंने कहा कि जो शेरनी का दूध पिएगा, मेरे जैसे दहाड़ेगा।

### गंगा नदी में नाव डूबी, 3 की मौत और 4 लापता



**कटिहार।** बिहार के कटिहार जिले में रविवार को गंगा नदी में नाव पलट गई। नाव में 17 लोग सवार थे। इनमें से 10 लोग तैरकर किनारे पहुंच गए, लेकिन 3 लोगों की मौत हो गई जबकि 4 अन्य लापता हो गए। नौका अमदाबाद में गोलाघाट के पास पलटी, जिसमें 17 लोग सवार थे। लापता लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है।

## आंध्र प्रदेश में गरजे केंद्रीय गृहमंत्री शाह, केंद्र देता रहेगा भरपूर मदद

# महाराष्ट्र और हरियाणा की तरह दिल्ली में भी बनेगी एनडीए की बहुमत वाली सरकार



### किसी भी आपदा से निपटने एनडीआरएफ हर समय आपके साथ खड़ी रहेगी

एजेंसी ▶▶ कोंडा पावुलुरू

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आंध्र प्रदेश के गन्नावरम मंडल के कोंडा पावुलुरू में 10वीं बटालियन एनडीआरएफ परिसर और एनआईडीएम दक्षिणी परिसर का उद्घाटन किया। इस दौरान आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब कोई आपदा भगवान द्वारा भेजी जाती है, तो एनडीआरएफ मदद के लिए आती है। जब कोई आपदा मानव निर्मित होती है तो एनडीए मदद के लिए आती है। महाराष्ट्र और हरियाणा में भारी जीत के बाद एनडीए 2025 में दिल्ली में सरकार बनाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 2014 से 2019 के बीच संभावनाओं से भरा राज्य आंध्र प्रदेश मानव निर्मित आपदा के कारण पीड़ित रहा। अब आपको उन बर्बाद हुए पांच वर्षों के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। पीएम मोदी और सीएम नायडू की जोड़ी यहां विकास की रफ्तार को तीन गुना तेज करेगी। नरेंद्र मोदी सरकार आंध्र प्रदेश के विकास के लिए चंद्रबाबू नायडू के साथ चट्टान की तरह खड़ी है।

**केंद्र नायडू सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़ा**

### सीएम नायडू ने निरंतन सहायता की आपील की

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय मंत्री से अपील की कि वे राज्य के पूरी तरह से ठीक होने तक केंद्र से निरंतर सहायता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, केंद्रीय मंत्री के राम मोहन नायडू और बंडी संजय कुमार मौजूद रहे।



### मोदी सरकार ने 3 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने छह महीने में आंध्र प्रदेश के लिए तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। हुडको, विश्व बैंक के माध्यम से राजधानी अमरावती के विकास के लिए 27,000 करोड़ रुपए दिए गए हैं। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र आंध्र प्रदेश के विकास के लिए चट्टान की तरह चंद्रबाबू नायडू के साथ खड़ा है।

### मोदी के नेतृत्व में भारत जीरो कैजुअल्टी के लक्ष्य पर कायम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जीरो कैजुअल्टी के लक्ष्य पर काम रहा है जो कि आपदाओं के दौरान जान-माल के नुकसान को पूरी तरह से रोकने पर केंद्रित है। एनआईडीएम और एनडीआरएफ इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एनआईडीएम प्रशिक्षण, शोध और नीति निर्माण में काम करता है, जबकि एनडीआरएफ आपदा के समय राहत और बचाव कार्यों में सबसे आगे रहता है।

### ‘इंटीग्रेटेड इनडोर शूटिंग रेंज’ की आधारशिला रखी

इसके अलावा शाह हैदराबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में 27 करोड़ की लागत की एक अत्याधुनिक ‘इंटीग्रेटेड इनडोर शूटिंग रेंज’ की आधारशिला भी रखी। यह 50 मीटर लंबी रेंज होगी, जिसमें 10 लेन होंगी जहां एक साथ 10 लोग फायरिंग का अभ्यास कर सकेंगे। यह स्वचालित होगी और इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीक का उपयोग किया जाएगा।

### क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भवन का लोकार्पण किया



इसके साथ ही गृहमंत्री अमित शाह आंध्र प्रदेश के तिरुपति में राज्य सरकार के क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भवन का उद्घाटन भी किया। यह नई सुविधा राज्य में फॉरेंसिक जांच को मजबूत बनाएगी। एनडीआरएफ की 10वीं बटालियन ने अब तक 800 से अधिक आपदा प्रबंधन अभियानों में हिस्सा लिया है, जिसमें 15,000 से अधिक लोगों की जान बचाई गई है और 1 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। वहीं एनआईडीएम का दक्षिणी परिसर, जो आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2014 के तहत बनाया गया था मई 2023 से कार्यरत है। इसने अब तक 44 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं जिसमें 2,130 से अधिक लोगों को आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया है।

नड्डा का राहुल पर निशाना

## उन्हें नहीं पता उनके पिता दादी परदादा ने संविधान से ‘खेला’



*‘भारतीय राज्य’ पर नेता प्रतिपक्ष को नसीहत दी*

**अहमदाबाद।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष ने भाजपा के ‘संविधान गौरव अभियान’ में कहा कि राहुल गांधी को इतिहास की जानकारी नहीं है। राहुल को पता ही नहीं है कि उनके पिता, दादी, परदादा ने संविधान के साथ कैसे छेड़छाड़ की थी। नड्डा का ये बयान राहुल के उस बयान पर पलटवार के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा और आरएसएस ने इस देश की हर एक संस्था पर कब्जा कर लिया है। अब हम भाजपा, आरएसएस और भारतीय राज्य से ही लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 65 वर्षों तक देश पर शासन किया और उसके नेताओं ने संविधान के साथ छेड़छाड़ की। संविधान के बुनियादी प्रावधानों को भी नष्ट करने की कोशिश की। नड्डा ने कहा कि आज हमारे कांग्रेस नेता कहते हैं कि ‘भारतीय राज्य के खिलाफ लड़ रहे हैं।’ उन्हें इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है।

### कांग्रेस की मंशा ही गलत रही

नड्डा ने कहा कि राहुल को नहीं पता कि उनके पिता (राजीव गांधी), परदादा (जवाहरलाल नेहरू) और दादी (इंदिरा गांधी) क्या करते थे? उन्हें ये बातें पता होनी चाहिए। आंबेडकर का हवाला देते हुए कि भले ही संविधान खराब हो, फिर भी अच्छा किया जा सकता है अगर इसे लागू करने वालों की मंशा सही हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की मंशा ठीक नहीं थी। उन्होंने अनुच्छेद 370 को खत्म करने, ‘एक देश एक कर’ लागू किया। अब समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। नड्डा ने यह भी कहा कि डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, अगर इसे लागू करने वाला बुरा है, तो यह विफल हो जाएगा। अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 (ए) को आंबेडकर के विरोध के बावजूद भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा लागू किया गया था।

### इंदिरा ने 1.35 लाख लोगों को जेल भेजा

आपातकाल का संकेत देते हुए नड्डा ने कहा कि इंदिरा गांधी ने संविधान के साथ छेड़छाड़ की और 1.35 लाख लोगों को जेल भेजा। यह गर्व की बात है कि आपातकाल के दौरान जेल जाने वाले अधिकांश लोग हमारी विचारधारा से थे। इस दौरान उन्होंने 39वें और 42वें संवैधानिक संशोधन का हवाला दिया, जो तत्कालीन इंदिरासरकार द्वारा लागू किए गए थे। नड्डा ने यह भी कहा कि इंदिरा लुभावने नारे देकर देश को गुमराह करना चाहती थीं। इसलिए उन्होंने संविधान में धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद शब्द जोड़े।

राहुल के ‘इंडियन स्टेट’ वाले बयान पर बवाल

## अब असम के पान बाजार में गैर जमानती धाराओं में एफआईआर

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ असम के गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। यह मामला उनके हालिया बयान को लेकर है, जिसमें उन्होंने विधानसभा चुनावों का हवाला देते हुए चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े किए थे और कहा था कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से नहीं, बल्कि इंडियन स्टेट से भी है।



### 15 जनवरी को दिया था बयान

राहुल ने यह बयान 15 जनवरी को दिल्ली के कोटला रोड पर कांग्रेस पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन समारोह के दौरान दिया था, जिस पर मोनजीत चेतिया ने गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। यह एफआईआर भारतीय दंड संहिता की धारा 152 और 197(1)डी के तहत दर्ज की गई है।

श्री जगन्नाथ मंदिर के गर्भगृह का वीडियो वायरल

वीडियो बांके बिहारी अनंता नाम के यूजर ने शेयर किया

## कैमरा कैसे अंदर गया, पुलिस क्या कर रही?

### भक्तों में नाराजगी, सुरक्षा पर उठ रहे सवाल

एजेंसी ▶▶ पुरी

ओडिशा में पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर के अंदर का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो बांके बिहारी अनंता नाम के यूजर ने शेयर किया था। वीडियो में मंदिर परिसर और गर्भगृह की तस्वीरें दिखाई दे रही हैं। यह घटना एक बार फिर इस प्राचीन मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। मंदिर के अंदर फोटोग्राफी पर श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके अलावा, सेवायतों और मंदिर के अन्य कर्मचारियों को भी स्मार्टफोन लेकर अंदर जाने की अनुमति नहीं है।



*सेवायतों और कर्मचारियों को भी स्मार्टफोन लेकर अंदर जाने की मनाही*

**बाहर मोबाइल स्टैंड लगाए गए,1,000 जुर्माना**

मंदिर प्रशासन ने फोन रखने के लिए बाहर मोबाइल स्टैंड भी लगाए हैं। जो कोई भी नियम का उल्लंघन कर फोन अंदर ले जाता है, उसे 1,000 का जुर्माना देना पड़ता है। इसके बावजूद मंदिर के अंदर का वीडियो बना लिया गया और इसे सोशल मीडिया पर शेयर भी कर दिया गया। भक्तों ने इस घटना पर नाराजगी जताई है।

**लोगों से वीडियो न वायरल करने की अपील**

मंदिर के मुख्य प्रशासक ने बताया कि उन्होंने अपनी टीम को शिकायत दर्ज करने के लिए कह दिया है और लोगों से वीडियो को वायरल न करने की अपील की है। एसपी विनीत अग्रवाल के अनुसार पुलिस मामले तह तक पहुंच कर इस पर एक्शन लेगी।

### 5 जनवरी को मंदिर के ऊपर दिखा था ड्रोन

मंदिर के ऊपर 5 जनवरी तड़के एक ड्रोन देखा गया था। ड्रोन तड़के करीब 4:10 बजे मंदिर के ऊपर देखा गया था और यह करीब आधे घंटे तक मंडराता रहा था, जिससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं उत्पन्न हो गईं थी। यह उड़ान निषिद्ध क्षेत्र है। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने चिंता जताते हुए कहा था कि मंदिर के ऊपर ड्रोन उड़ाना गैरकानूनी है और स्वीकार्य नहीं है। सुरक्षा का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुरी एसपी (पुलिस अधीक्षक) ने टीम गठित करके घटना की जांच शुरू कर दी है।



❑ इसरो के सफल स्पेस डॉकिंग का किया जिक्र बेंगलुरू के स्टार्टअप की उपलब्धि भी बताई

❑ स्टार्टअप इंडिया के 9 साल पूरे, टियर 2 और 3 शहरों में बढ़ रहे हैं स्टार्टअप्स

❑ पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं

## मन की बात का 118 वां एपिसोड

# पीएम मोदी ने स्पेस सेक्टर में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों को सराहा, देश के पहले प्राइवेट स्पेसशिप का किया जिक्र

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 118वें एपिसोड के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों के बारे में बताया*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा, 2025 की शुरुआत में ही भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। आज, मुझे ये बताते हुए गर्व है कि एक भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप, बेंगलुरू के 'पिक्सेल' ने भारत का पहला निजी सैटेलाइट कांस्टेलेशन – 'फायर-फ्लाई', सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। यह सैटेलाइट कांस्टेलेशन दुनिया का सबसे हाई-रिज़ॉल्यूशन हाइपर स्पेक्ट्रल सैटेलाइट कांस्टेलेशन है। इस उपलब्धि ने न केवल भारत को आधुनिक स्पेस टेक्नोलॉजी में अग्रणी बनाया है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। ये सफलता हमारे निजी स्पेस सेक्टर की बढ़ती ताकत और इनोवेशन का प्रतीक है।

### हमारे वैज्ञानिकों ने सफलता हासिल की

मैं इस उपलब्धि के लिए 'पिक्सेल' की टीम, इसरो, और इन-स्पेस को पूरे देश की ओर से बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा,कुछ दिन पहले हमारे वैज्ञानिकों ने स्पेस सेक्टर में ही एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। हमारे वैज्ञानिकों ने सैटेलाइट की स्पेस डॉकिंग कराई है। जब अंतरिक्ष में दो स्पेसक्राफ्ट कनेक्ट किए जाते हैं, तो इस प्रक्रिया को स्पेस डॉकिंग कहते हैं। यह तकनीक अंतरिक्ष में स्पेस स्टेशन तक सप्लाई भेजने और क्रू मिशन के लिए अहम है। भारत इसमें सफलता हासिल करने वाला चौथा देश बना।

### असम की 'हाथी बंधु' टीम के बारे में पीएम ने किया जिक्र

*मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि असम में एक जगह है 'नौगांव'। 'नौगांव' हमारे देश की महान विभूति श्रीमंत शंकरदेव जी का जन्म स्थान भी है। ये जगह बहुत ही सुंदर है। यहां हाथियों का भी एक बड़ा ठिकाना है। इस क्षेत्र में कई घटनाएं देखी जा रही थी,जहां हाथियों के झुंड फसलों को बर्बाद कर देते थे, किसान परेशान रहते थे, जिससे आस-पास के करीब 100 गांवों के लोग, बहुत परेशान थे, लेकिन गांव वाले, हाथियों की भी मजबूरी समझते थे।*

### 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस की जयंती

आगामी 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि 23 जनवरी यानि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म-जयंती को अब हम 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाते हैं। उनके शौर्य से जुड़ी इस गाथा में भी उनके पराक्रम की झलक मिलती है।

### स्टार्टअप्स के रजिस्ट्रेशन में 200 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि

पीएम ने 2025 के पहले मन की बात कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि कुछ दिन पहले ही स्टार्टअप इंडिया के 9 साल पूरे हुए हैं। हमारे देश में जितने स्टार्टअप्स 9 साल में बने हैं उनमें से आधे से ज्यादा टियर 2 और टियर 3 शहरों से हैं, और जब यह सुनते हैं तो हर हिन्दुस्तानी का दिल खुश हो जाता है, यानि हमारा स्टार्टअप कल्चर बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं है। पीएम ने आगे कहा कि जब यह सुनने को मिलता है कि अंबाला, हिसार, कांगड़ा, चेन्नई, और वाशिम जैसे शहर के सेंटर बन रहे हैं, तो 'मन' आनंद से भर जाता है। नागालैंड जैसे राज्य में, पिछले साल स्टार्टअप्स के रजिस्ट्रेशन में 200 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

## खबर संक्षेप

### कुंभ के लिए जम्मू से विशेष बस सेवा शुरू

**जम्मू।** जम्मू से प्रयागराज कुंभ के लिए विशेष बस सेवा शुरू की गई है, जिसका किराया 1690 रुपए प्रति यात्री है और



डायरेक्ट बुकिंग पर 10% छूट मिलेगी। जम्मू से प्रयागराज कुंभ के लिए एक विशेष बस सेवा शुरू की जा रही है, जो प्रतिदिन शाम 5:00 बजे जम्मू से प्रयागराज के लिए रवाना होगी। बस का किराया 1690 रुपए प्रति यात्री निर्धारित किया गया है। यात्रियों को 10 फ़ीसदी की छूट भी दी जाएगी। उद्घाटन परिवहन मंत्री सतीश शर्मा ने रविवार को किया। कुंभ मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक किफायती यात्रा विकल्प प्रदान करेगी।

### ट्रंप शपथ ग्रहण के बाद चीन जाएंगे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेने के बाद चीन के दौरे पर जाएंगे। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक



ट्रंप, चीन के संबंधों को गहरा करने के लिए बीजिंग की यात्रा करना चाहते हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के 100 दिनों के अंदर ही ये दौरा करने की इच्छा जताई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने भारत का दौरा करने को लेकर भी अपने सलाहकारों से बात की है। पिछले महीने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की अमेरिकी यात्रा के दौरान, ट्रंप के भारत दौरे को लेकर प्रारंभिक बातचीत भी हुई थी।

## पीएम नेतन्याहू बोले- मिल गई बंधकों की लिस्ट

# आखिरकार इजराइल-हमास में खत्म हुआ युद्ध, गाजा में सीजफायर लागू

इजराइल और हमास के बीच जंग के 15 महीने बाद सीजफायर लागू हो गया है। इसमें तय समय से करीब 3 घंटे की देरी हुई है। गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता लगभग तीन घंटे की देरी के बाद आज से शुरू हुआ जिससे 15 महीने पुराना युद्ध रुक गया। हमास ने आज रिहा होने वाले बंधकों की सूची इजराइल को भेजी।

एजेंसी ▸▸ यरुशलम

इजराइल और हमास के बीच जंग के 15 महीने बाद सीजफायर लागू हो गया है। इसमें तय समय से करीब 3 घंटे की देरी हुई है। गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता लगभग तीन घंटे की देरी के बाद आज से शुरू हुआ, जिससे 15 महीने पुराना युद्ध रुक गया।

इजराइल ने हमास पर सीजफायर की शर्तों को पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि हमास ने आज रिहा होने वाले 3 इजराइली बंधकों के नाम नहीं दिए हैं। अब हमास ने आज रिहा होने वाले बंधकों की सूची इजराइल को भेज दी है।

❑ लगभग तीन घंटे की देरी के बाद रविवार से शुरू हुआ

❑ हमास ने भेजी इजराइली बंधकों की लिस्ट

❑ हमास के साथ सीजफायर डील को मंजूरी

❑ 15 महीने पुराना युद्ध रुका



### हमास ने सौंपी बंधकों की लिस्ट

*❑ फलस्तीनी चिकित्सकों ने इसको लेकर कहा कि जब युद्धविराम शुरू होना था और पर यह वास्तव में प्रभावी हुआ। इस बीच इजराइली हवाई हमलों और तोपखाने के हमलों में 13 फलिस्तीनियों की मौत हो गई।*

*❑ फलस्तीनी आतंकवादी समूह की तरफ से समझौते के तहत रिहा किए जाने वाले पहले तीन बंधकों के नामों की लिस्ट में न करने में विफल रहने के बाद इजराइल ने देरी के लिए हमास को दोषी ठहराया।*

*❑ हमास ने देरी के लिए तकनीकी कारणों को जिम्मेदार ठहराया, बिना यह बताए कि वे क्या थे।*

*❑ इस बीच एक फलस्तीनी अधिकारी ने कहा, देरी इसलिए हुई क्योंकि मध्यस्थों ने युद्धविराम के प्रोसेस से पहले 48 घंटे की 'शांति' मांगी थी, लेकिन समय सीमा समाप्त होने तक इजराइली हमले जारी रहे, जिससे लिस्ट भेजना मुश्किल हो गया।*

### बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस ने जारी किया बयान

समय सीमा के दो घंटे बाद, हमास ने कहा कि उसने नामों की लिस्ट भेज दी है, और इजराइली अधिकारियों ने प्राप्ति की पुष्टि की। हमास ने जिन बंधकों को रविवार को रिहा करना था उनके नाम रोमी गोनेन, डोरोन स्टीनब्रेचर और एमिली दामारी रखे हैं। इजरायल ने तुरंत नामों की पुष्टि नहीं की। -युद्धविराम समझौते से गाजा युद्ध को समाप्त करने में मदद मिल सकती है, जो छोटे तटीय क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले हमास की तरफ से अक्टूबर में इजराइल पर हमला करने के बाद शुरू हुआ था।

### हमास और इजराइल के बीच समझौता

*हमास द्वारा 33 इजरायली बंधकों की रिहाई के नामों की सूची सौंपने के बाद युद्धविराम लागू हो सका। इजराइली सेना ने पहले कहा था कि जब तक बंधकों की सूची नहीं मिलती, तब तक गाजा में सैन्य अभियान जारी रहेगा।*

### दो हजार फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा इजराइल

समझौते के तहत पहले चरण में हमास 98 में से 33 इजरायली बंधकों को रिहा करेगा। इसके बदले में, इजराइल करीब 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा।

### सीजफायर लागू होने से पहले तक इजराइल करता रहा हमला

युद्धविराम से पहले इजराइली सेना गाजा में आतंकी ठिकानों पर हमला कर रही थी। इजराइली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हागारी ने कहा कि जब तक बंधकों की सूची नहीं दी जाती, तब तक युद्धविराम लागू नहीं होगा।

### सीजफायर के बाद बड़े बदलाव

*इस वजह से मध्य पूर्व में तबाही और राजनीतिक परिवर्तन आया है। गाजा में निवासियों और एक चिकित्सा कर्मचारी ने कहा कि उन्होंने इसे अंतिम रूप से लागू होने से लगभग आधे घंटे पहले से कोई नई लड़ाई या सैन्य हमले के बारे में नहीं सुना है।*

## केंद्रीय मंत्री वैष्णव करेंगे अगुवाई

# विश्व आर्थिक मंच की बैठक में दिखेगी भारत की विविधता की एकता

एजेंसी ▸▸ दावोस

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की पांच दिवसीय बैठकें आज (सोमवार) से दावोस में शुरू हो रही हैं। इन बैठकों में भारत की विविधता की एकता की झलक देखने को मिलेगी। डब्ल्यूईएफ में सोमवार से दुनिया के अमीर और ताकतवर लोग जुटेंगे। भारत इस बार अपना अब तक का सबसे बड़ा दल दावोस भेज रहा है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में पांच केंद्रीय मंत्री, तीन मुख्यमंत्री और कई राज्यों के मंत्रियों के साथ ही करीब 100 मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ), सरकार, नागरिक समाज और कला और संस्कृति के क्षेत्रों से जुड़े दिग्गज शामिल हैं।

### भारत ने डिजिटल इंडिया का एक नया ढांचा बनाया

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भारतीय



प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे। उन्होंने दावोस रवाना होने से पहले कहा 'विश्व आर्थिक मंच में हमारी विचार प्रक्रिया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक नीतियों, डिजिटल परिवर्तन और जिस तरह से भारत ने डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत एक नया डिजिटल ढांचा बनाया है, उसे समझने में बहुत रुचि है।

### इस साल वैश्विक आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा

*बैठक से पहले, दुनियाभर के मुख्य अर्थशास्त्रियों के एक सर्वेक्षण में कहा गया है कि उन्हें 2025 में वैश्विक आर्थिक स्थितियों के कमजोर होने की आशंका है। हालांकि, भारत की विकास दर कमजोर पड़ने के बावजूद सबसे तेज बनी रहेगी। विश्व आर्थिक मंच ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को 2025 में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। सर्वेक्षण में शामिल 56 प्रतिशत मुख्य अर्थशास्त्रियों ने स्थितियों के कमजोर होने की आशंका जताई। केवल 17 प्रतिशत अर्थशास्त्रियों का मानना था कि स्थिति में सुधार होगा। सर्वेक्षण के अनुसार, अमेरिकी अर्थव्यवस्था के 2025 में मजबूत वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। दक्षिण एशिया, विशेष रूप से भारत भी मजबूत वृद्धि की रफ्तार बनाए रखेगा। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की सहित दुनिया के शीर्ष 60 राजनीतिक नेता डब्ल्यूईएफ की बैठक को संबोधित करेंगे।*

### इन राज्यों के सीएम भी जाएंगे

महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के सीएम क्रमशः देवेंद्र फडणवीस, एन चंद्रबाबू नायडू और ए रेवंत रेड्डी भी बैठक में शामिल होंगे। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और तमिलनाडु के टीआर बी राजा, केरल के पी राजीव सहित कई अन्य राज्यों के वरिष्ठ मंत्री भी दावोस की बैठक में मौजूद रहेंगे। महाराष्ट्र सरकार ने डब्ल्यूईएफ की वार्षिक बैठक में सात लाख करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने का लक्ष्य रखा है।

# बॉर्डर पर बांग्लादेश की हरकत से त्रिपुरा हुआ चिंतित

## इंदिरा-मुजीब समझौते का उल्लंघन कर रहा पड़ोसी मुल्क

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बांग्लादेश और भारत के बीच रिश्ते तनावपूर्ण हैं। त्रिपुरा सरकार ने त्रिपुरा के उनाकोटी जिले के देवीपुर के पास भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब बांग्लादेश सरकार द्वारा मनु नदी पर तटबंध के निर्माण की खबर पर चिंता व्यक्त की है।

उनाकोटी के जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार चकमा के नेतृत्व में एक टीम ने शुक्रवार को जीरो पॉइंट से साइट का निरीक्षण किया और कहा कि सीमा पार तटबंध के कारण कैलासहर टाउनशिप को विनाशकारी बाढ़ का सामना करना पड़ सकता है।



### जीरो लाइन के पास बांग्लादेश कर रहा निर्माण

शनिवार शाम को इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए दिलीप कुमार चकमा ने कहा, हमारे पास एक तटबंध है। उनके पास एक तटबंध है। लेकिन बांग्लादेश की तरफ किस तरह का तटबंध है, इसकी जानकारी नहीं है। जीरो लाइन के पास निर्माण की ऊंचाई काफी अधिक है। यह एक सड़क हो सकती है, या यह एक तटबंध हो सकता है, लेकिन यह एक तटबंध जैसा लग रहा था। जिस स्थान पर हम गए थे, उसके पास एक स्लुइस गेट भी है।

### 1971 के इंदिरा-मुजीब समझौते का उल्लंघन कर रहा बांग्लादेश

*दिलीप कुमार चकमा ने कहा कि बांग्लादेशी अधिकारियों ने पहले जीरो लाइन से लगभग 5-7 किलोमीटर दूर मनु नदी पर तटबंध सहित कुछ तटबंध स्थापित करने का प्रस्ताव दिया था। जिला मजिस्ट्रेट ने अपने निष्कर्षों पर राज्य सरकार को एक यात्रा नोट सौंपा है। 1971 के इंदिरा-मुजीब समझौते के अनुसार, जीरो लाइन के दोनों ओर 150 गज के भीतर किसी भी स्थायी निर्माण की अनुमति नहीं है।*

## सैटेलाइट लॉचिंग को लेकर पाक की किरकिरी

**कराची।** पाकिस्तान ने हाल ही में एक सैटेलाइट लॉन्च की है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। हालांकि सैटेलाइट की तस्वीर जैसे ही सामने आई तो इसे लेकर सोशल मीडिया पर खूब मजाक उड़ा और खूब मीम्स शेयर किए गए हैं। कुछ लोगों ने पाकिस्तानी सैटेलाइट की तुलना पानी की टंकी से की तो किसी ने इसकी तुलना किचन में रखे गैस सिलेंडर से की। पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सैटेलाइट की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा कि 'और ऊंची उड़ान पर! देश के लिए गर्व का क्षण, क्योंकि पाकिस्तान ने चीन के जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से अपने पहले स्वदेशी इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल उपग्रह को गर्व के साथ लॉन्च किया।

## अभियान में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं

# कश्मीर के सोपोर में सेना का ऑपरेशन, दो आतंकवादियो को सुरक्षा बलों ने घेरा

एजेंसी ▸▸ श्रीनगर

जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर में गोलीबारी की घटना सामने आई है। गोलियां तब चली है जब सेना का जॉइंट सर्च ऑपरेशन चल रहा था। सोपोर के गुज्जरपेटी जालुरा में आतंकी के छिपे होने की आशंका है, और बताया जा रहा है को दो आतंकी को घेर लिया गया है। जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर में गोलीबारी की घटना सामने आई है। गोलियां तब चली है जब सेना का जॉइंट सर्च ऑपरेशन चल रहा



था. सोपोर के गुज्जरपेटी जालुरा में आतंकी के छिपे होने की आशंका है, और बताया जा रहा है को दो आतंकी को घेर लिया गया है। बारामूला जिले के सोपोर में 22 आरआर, सीआरपीएफ की 179वीं बटालियन और पुलिस की टीम सर्च अभियान के लिए पहुंची थी।

### किश्तवाड़ में चार आतंकियों की तस्वीरें जारी

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने किश्तवाड़ जिले में सक्रिय चार आतंकवादियों की तस्वीरें जारी की हैं और इनके बारे में जानकारी देने पर प्रति आतंकवादी पांच लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। इन आतंकियों की पहचान सैफुल्ला, फरमान, आदिल और बाशा के रूप में हुई है।

## सोशल मीडिया पर इंडियन यूजर्स ने जमकर तारीफ की

# मेरा दूसरा घर...भारत छोड़कर जाते वक्त भावुक हो गए अमेरिकी राजदूत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के साथ ही कई देशों के राजदूत भी अपनी सेवाएं खत्म कर यूएस लौट रहे हैं। ऐसे में भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी को भी अमेरिका जाना पड़ा। लेकिन निकलते वक्त वे काफी भावुक हो गए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत कई नेताओं से मुलाकात की। ये भी बताया कि उनके कार्यकाल में भारत और अमेरिका के रिश्ते कितनी ऊंचाई पर पहुंचे। लेकिन भारत छोड़कर जाते वक्त उन्होंने एक वीडियो शेयर किया, जिसे देखने के बाद आपका सीना चौड़ा हो जाएगा।

### एरिक गार्सेटी ने लिखा डियर इंडिया

आपने मुझे दूसरा घर, दोस्तों का परिवार और जीवन भर याद रहने वाली तमाम यादें दी हैं। आज मैं एक



राजदूत से कहीं अधिक यहां से लेकर जा रहा हूं। मैं अमेरिका इंडिया फ्यूचर के लिए आजीवन भारत का मित्र रहूंगा।' इसके बाद उन्होंने जो लिखा, वह भावुक करने वाला है। एरिक गार्सेटी ने लिखा, 'डीयर इंडिया, आप न केवल अविश्वसनीय हो, बल्कि अविस्मरणीय भी हो' सोशल मीडिया पर इंडियन यूजर्स उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं।

## ट्रायम्फ इलेक्टोरल ट्रस्ट ने भाजपा को 127.5 करोड़ रुपए दिए

# चुनावी बांड्स पर रोक लगते ही प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट में डोनेशन की बाढ़

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की ओर से फरवरी 2024 में चुनावी बांड्स योजना को निरस्त करने के बाद, प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट को कॉर्पोरेट डोनेशन में भारी वृद्धि देखने को मिली है। 2023-24 में ट्रस्ट ने कुल 1075.7 करोड़ रुपए की डोनेशन राशि हासिल की, जिसमें से तीन-चौथाई राशि फरवरी 16, 2024 और मार्च 31, 2024 के बीच आई। प्रूडेंट के डोनेशन रिपोर्ट के मुताबिक, 2022-23 में यह राशि 363 करोड़ रुपए थी, जो 2023-24 में बढ़कर 1075.7 करोड़ रुपए हो गई।

यह आंकड़ा आगामी आम चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक डोनेशन में वृद्धि का संकेत देता है। खास तौर से, 16 फरवरी 2024 से 31 मार्च 2024 के बीच डोनेशन की राशि 797.1 करोड़ रुपए तक पहुंच गई, जो उस अवधि से पहले हासिल की गई राशि 278.6 करोड़ रुपए से कहीं अधिक थी।

**यह आंकड़ा आगामी आम चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक डोनेशन में वृद्धि का संकेत देता है**



### चुनावी बांड्स से इलेक्टोरल ट्रस्ट की ओर रुख

*यह वृद्धि संभवतः चुनावी बांड्स के बंद होने के बाद कॉर्पोरेट डोनेशन कर्ताओं की ओर से इलेक्टोरल ट्रस्ट्स की ओर रुख करने का नतीजा हो सकती है। प्रूडेंट के डोनेशन दाताओं की संख्या भी 2023-24 में बढ़कर 83 हो गई, जो पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग 22 थी। प्रमुख डोनेशन कर्ता कंपनियों में आर्सेलर समूह, डीएलएफ लिमिटेड, मारुति सुजुकी, सिपला और जीएमआर समूह शामिल हैं।*

### अन्य चुनावी ट्रस्ट्स ने भी किए इलेक्टोरल डोनेशन

वहीं, अन्य चुनावी ट्रस्ट्स ने भी डोनेशन किए हैं। ट्रायम्फ इलेक्टोरल ट्रस्ट ने भाजपा को 127.5 करोड़ रुपए और डीएमके को 5 करोड़ रुपए दिए. जयभारत ट्रस्ट ने भाजपा को 5 करोड़ रुपए, डीएमके को 3 करोड़ रुपए और एआईएडीएमके को 1 करोड़ रुपए डोनेशन किए। विशेष रूप से, पारिबर्तन ट्रस्ट ने अपना डोनेशन चुनावी बांड्स के जरिए किया और इसका खुलासा नहीं किया। ट्रायम्फ के प्रमुख डोनेशन दाताओं में चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट्स, सीजी पावर, कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड और ट्यूब इन्वेस्टमेंट्स शामिल हैं। जयभारत को लक्ष्मी मशीन वर्क्स और सुपर सेल्स इंडिया से डोनेशन मिला है।

### किसे कितना मिला डोनेशन

प्रूडेंट ने 1075.7 करोड़ रुपए की राशि छह पार्टियों में बांटी है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा भारतीय जनता पार्टी को मिला, जो 723.8 करोड़ रुपए था। इसके बाद कांग्रेस को 156.4 करोड़ रुपए, बीआरएस को 85 करोड़ रुपए, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को 72.5 करोड़ रुपए, टीडीपी को 33 करोड़ रुपए, और जनसेना पार्टी को 5 करोड़ रुपए मिले।

## चिंतन

# विज्ञान-तकनीक क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की जरूरत

इक्कीसवीं सदी अगर चीन और भारत जैसे संभावनाओं से भरे देश की है तो विज्ञान और तकनीक के नवोन्मेश की भी है। हिंदुत्व और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचारों के साथ भाजपा के सत्ता में आने के बाद से सरकार पर वैज्ञानिकता के विचारों से दूर होने के आरोप लगे हैं, लेकिन हकीकत में पीएम नरेन्द्र मोदी की भाजपा नीत राजग सरकार के दौर में भारत ने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में शोध से लेकर निर्माण तक अधिक प्रगति की है। इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) ने मंगलयान, सूर्ययान (आदित्य एल1) से चंद्रयान तक इतिहास रचा है, उपग्रह प्रक्षेपण में विश्व कीर्तिमान बनाया है। उपग्रह से लेकर फाइटर प्लेन तक का निर्माण भारत कर रहा है। डिजिटल तकनीक में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यूपीआई से लेकर एआई (कृत्रिम मेधा), ब्लॉक चेन, क्लाउड कंप्यूटिंग, इंटरनेट ऑफ थाउट्स (आईओटी), रोबोटिक्स आदि क्षेत्र में मोदी सरकार नीति से लेकर निवेश तक को बढ़ावा दे रही है, तकनीक आधारित सेमीकंडक्टर व ग्रीन हाइड्रोजन उद्योग को प्रोत्साहित कर रही है। नई शिक्षा नीति के जरिये स्कूल से लेकर कॉलेज तक के बच्चों में वैज्ञानिक सोच और वैज्ञानिकता को बढ़ावा दिया जा रहा है। आने वाले वक्त में पढ़ाई, पाठ्यक्रम और उद्योग की प्रकृति पूरी तरह बदलने वाली है। प्राचीन भारत की ताकत आध्यात्मिक ज्ञान और योग-आयुर्वेद थे, तो आधुनिक भारत की ताकत विज्ञान व तकनीक के ज्ञान आधारित कार्य हैं। हाल में भारत ने अंतरिक्ष में दो उपग्रहों की सफल डॉकिंग कर नया कीर्तिमान रचा है और अमेरिका, रूस व चीन के बाद ऐसा करने वाला चौथा देश बन गया है। 'डॉकिंग', अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ने की प्रक्रिया को कहते हैं। यह तकनीक अंतरिक्ष में अंतरिक्ष स्टेशन तक आपूर्ति सुनिश्चित करने और मिशन के सदस्यों के लिए अहम है। मोदी सरकार ने विज्ञान और नए वैज्ञानिक शोध के लिए बजट बढ़ाया है, एक फरवरी को आने वाले नए बजट में भी इसकी उम्मीद है। 2025 की शुरुआत में ही भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। अंतरिक्ष के क्षेत्र की एक भारतीय स्टार्टअप 'पिक्सेल' ने भारत का पहला निजी उपग्रह कॉन्स्टेलेशन 'फायर-फ्लाई' सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। यह दुनिया का सबसे उच्च विभेदन वाला निजी इमेजिंग सैटेलाइट कॉन्स्टेलेशन है। इस उपलब्धि ने न केवल भारत को आधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अग्रणी बनाया है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी बड़ा कदम है। ये सफलता हमारे निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की बढ़ती ताकत और नवोन्मेष का प्रतीक है। हालांकि स्पेस साइंस में भारत में निजी निवेश दो फीसदी से भी कम है। हमारे वैज्ञानिक अंतरिक्ष में पौधे उगाने और उन्हें जीवित रखने के प्रयास भी कर रहे हैं। इसरो के वैज्ञानिकों ने लोबिया के बीज को चुना। 30 दिसंबर को भेजे गए ये बीज अंतरिक्ष में ही अंकुरित हुए। ये एक बेहद प्रेरणादायक प्रयोग है जो भविष्य में अंतरिक्ष में सब्जियां उगाने का रास्ता खोलेगा। टीका बनाने में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। आईआईटी मद्रास का एक्सटेम केंद्र अंतरिक्ष में विनिर्माण के लिए नई तकनीकों पर काम कर रहा है। विज्ञान, तकनीक व डिजिटल क्षेत्र में नए स्टार्टअप्स से लेकर नवोन्मेष आधारित उद्योग भारत को विश्व में नॉलेज सुपर पावर बनाएंगे। सरकार को शिक्षा से लेकर नीतिगत स्तर पर साइंस-टेक के माहौल पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है, इसमें सार्वजनिक व निजी निवेश को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। समाज में वैज्ञानिक माहौल भी बने रहना चाहिए।



पर्यावरण
डॉ. रेनू यादव

# जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटे केंद्र

पिछले दिनों में भारत सहित दुनिया के देशों ने जलवायु परिवर्तन और इसके कारण बढ़ते तापमान का साक्षात तांडव देखा है। जुलाई में केरल के वायनाड में हुए दु:खद भूस्खलन और कुछ समय से जोशीमठ सहित हिमालयी पहाड़ों के दरकने की खबरें निश्चित ही भविष्य में भयंकर परिणामों की तरफ संकेत करती हैं। यही नहीं, देश के कई हिस्सों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया और भारी मानसूनी बारिश रुकावट और मौत का कारण बनी। अत्यधिक गर्मी के कारण मानव स्वास्थ्य, कृषि, जल आपूर्ति और ऊर्जा आपूर्ति पर भी बहुत बुरा असर पड़ा है, जिसके प्रभाव धीरे-धीरे सामने आएंगे।

हाल ही में भारत मौसम विज्ञान विभाग के 150 साल पूरे होने पर नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में विश्व मौसम विज्ञान संगठन की महासचिव सेलेस्टे साउलो ने पेरिस समझौते को लेकर जो बयान दिया है, उसने पहले से चिंतित पर्यावरणविदों को और परेशान कर दिया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में मौसम वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए सेलेस्टे साउलो ने कहा था कि पेरिस समझौता गंभीर खतरे में है और दुनिया को चाहिए कि ग्रीनहाउस गैसों को कम करने और अक्षय ऊर्जा में बदलाव को गति देने के लिए 2025 को निर्णायक जलवायु कार्रवाई के वर्ष के रूप में मानें।

अपने वक्तव्य में उन्होंने एक और महत्वपूर्ण तथ्य का जिक्र किया कि साल 2024 भारत और वैश्विक स्तर पर अब तक का सबसे गर्म वर्ष था। पिछले दिनों में भारत सहित दुनिया के देशों ने जलवायु परिवर्तन और इसके कारण बढ़ते तापमान का साक्षात तांडव देखा है। भूस्खलन, बेमौसमी बारिश, अत्यधिक बारिश और अत्यधिक सूखा, बादल फटना, समुद्र का जलस्तर बढ़ने से द्वीपीय इलाकों का डूब के क्षेत्र में आना, ग्लेशियरों व अंटार्कटिका की बर्फ तेज़ी से पिघलना, जंगलों में आग की घटनाओं में वृद्धि जलवायु परिवर्तन के प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। इसी साल जुलाई में केरल के वायनाड में हुए दुःखद भूस्खलन और कुछ समय से जोशीमठ सहित हिमालयी पहाड़ों के दरकने की खबरें निश्चित ही भविष्य में भयंकर परिणामों की तरफ संकेत करती हैं। यही नहीं, देश के कई हिस्सों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया और भारी मानसूनी बारिश रुकावट और मौत का कारण बनी। अमेरिका के लॉस एंजिलिस और कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी भयंकर आग तो बिल्कुल ताज़ी घटना है, जिसमें हजारों जानवर, पेड़-पौधों की अनगिनत प्रजातियां, खरबों डॉलर की संपत्ति और सैकड़ों इंसानी जानों का नुकसान हो चुका है। पूरा हॉलीवुड तबाह हो गया। तमाम टेक्नोलॉजी और प्रौद्योगिकी के बावजूद हम आग पर काबू नहीं पा सके। यही नहीं, अभी इसके और तेज़ होने व अन्य शहरों तक फैलने की आशंकाएं भी बनी हुई हैं।

जनवरी के महीने में इस तरह जंगल में आग भड़कना केवल और केवल हमारी भूलों से बढ़े तापमान का ही नतीज़ा कहा जा सकता है। अत्यधिक गर्मी के कारण मानव स्वास्थ्य, कृषि, जल आपूर्ति और ऊर्जा आपूर्ति पर भी बहुत बुरा असर पड़ा है, जिसके प्रभाव धीरे-धीरे सामने आएंगे। असल में, 2024 ऐसा पहला कैलेंडर वर्ष रहा है जिसका औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक समय के औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक रहा है। पूर्व-औद्योगिक समय, यानी 1850-1900 वह अवधि है जब जीवाश्म ईंधन जलाने जैसी मानवीय गतिविधियों ने जलवायु को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करना शुरू किया था।

आधिकारिक रूप से 4 नवम्बर 2016 को लागू हुए पेरिस समझौते में वैश्विक तापमान को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के प्रयास जारी रखने पर ज़ोर दिया गया था। यह माना गया था कि इससे जलवायु परिवर्तन के जोखिम और प्रभाव काफी कम हो जाएंगे। लेकिन 2024 में ही तापमान 1.55 डिग्री



सेल्सियस से पार हो गया, जिसे इंसानी सभ्यता के लिए खतरे की घंटी कहा जा सकता है।

जलवायु परिवर्तन और इसके नकारात्मक प्रभावों से निपटने के लिए, 12 दिसंबर 2015 को पेरिस में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन में यह माना गया था कि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक आपातकाल है जो राष्ट्रीय सीमाओं से परे है। यह एक ऐसा मुद्दा है जिसके लिए सभी स्तरों पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समन्वित समाधान की आवश्यकता है। मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए सम्मेलन में शामिल 194 देशों और यूरोपीय संघ के नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए साझा रोडमैप तैयार करने और अपने स्तर पर ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने की प्रतिबद्धता दर्शाई। समझौते में सभी देशों को मार्गदर्शन देने के लिए कुछ दीर्घकालिक लक्ष्य निर्धारित किए गए थे। जिनमें वैश्विक तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने के लिए वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को पर्याप्त रूप से कम करना प्रमुख था। इसके अलावा, इस समझौते के उद्देश्य और इसके दीर्घकालिक लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सामूहिक प्रगति का समय-समय पर आकलन करना तथा जलवायु परिवर्तन को कम करने, लचीलेपन को मजबूत करने और जलवायु प्रभावों के अनुकूल होने की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विकासशील देशों को वित्तपोषण प्रदान करना भी समझौते में शामिल था। लेकिन अब अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नकारात्मक रवैये व विकसित देशों द्वारा आगे बढ़कर अपनी जिम्मेदारियों को न निभाने के चलते पेरिस समझौते पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। हालांकि अपने देश की ऊर्जा संबंधी जरूरतों को पूरा करने के दबावों के बावजूद भारत ने इस दिशा में काफी सकारात्मक रुख दिखाया है।

भारत ने विश्व पटल पर तीन तरह के आश्वासन दिए हैं। पहला यह कि हम ऊर्जा की खपत को कम करेंगे, उस का कार्यकुशल उपयोग करेंगे। दूसरा, ऐसे ऊर्जा-स्त्रोतों का इस्तेमाल करेंगे जिनसे कार्बन डाइऑक्साइड न निकले और सौर-ऊर्जा जैसे विकल्पों को बढ़ावा देंगे। और तीसरा, हरियाली और जंगलों का विस्तार करेंगे। भारत का यही रुख मौसम विज्ञान विभाग की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह के वक्तव्यों में भी देखने को मिला। उन्होंने कहा कि इस के लिए हमें अपनी नीतियों को नए सिरे से परिभाषित करते हुए उन्हें लागू भी करना होगा। एक नागरिक के रूप में हम क्या करें? जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण ग्रीनहाउस गैसों का अत्यधिक उत्सर्जन है। इसके लिए कार्बनयुक्त ईन्धन, जैसे लकड़ी, कोयला, पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम करनी होगी। मोटे तौर पर कहें तो पेट्रोल-डीजल के वाहन, कल-कारखाने, पॉवर प्लांट, एसी, दिनोंदिन बढ़ता कचरा इत्यादि बढ़ती गर्मी के मुख्य कारक हैं।

जलवायु अनुकूल भवनों का निर्माण, बेहतर कचरा प्रबंधन, सोलर ऊर्जा का अधिकाधिक प्रयोग, साइकिल या सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग, ऊर्जा (खासतौर पर बिजली) की खपत को कम करना व निरन्तर पेड़ लगाना इस दिशा में उठाए जाने वाले प्रभावी कदम हो सकते हैं। इससे न केवल जलवायु परिवर्तन के खतरे कम होंगे, बल्कि हमारा खर्च भी घटेगा और सेहत भी ठीक रहेगी। ज़ाहिर है कि इसके लिए हमें व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर अपने रहन-सहन के तरीकों में बड़े परिवर्तन करने होंगे। याद रखिए, इसके बिना अब बहुत कम रास्ते बचे हैं हमारे पास!

(लेखिका पीजीआईएमईआर में सीनियर डेमोंस्ट्रेटर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।



व्यंग्य
डॉ . सूर्यकांत मिश्रा

# जो बांटे रेवड़ी, सत्ता उसकी

जब हम बच्चे थे, खूब रेवड़ियां खाया करते थे। हॉफ पेंट की जेब में 10 पैसे की रेवड़ियां उछलते-कूदते बाहर झांक रही होती थीं। तब हम इसे केवल रसना का परम आनंद ही माना करते थे। शक्कर की चासनी में डूबकर बनी रेवड़ी के सफेद तिल दांतों के बीच फंसकर जब बाहर निकलते तो भी परम आनंद का अनुभव कराती थी। शायद इसी रेवड़ी के उत्तम स्वाद की याद ने उम्र बढ़ने के बाद हम जैसों के साथ बाललीला शुरू कर राजनीति के मैदान में कदम रखने वालों को रेवड़ी की घुलनशीलता का सम्मान करना बखूबी सिखा दिया। उसे बांटने की प्रथा को अपनी मजबूती और सत्ता की स्थाई कुर्सी के चार स्तंभ के रूप में पहचान कर उन्होंने रेवड़ी वितरण को समाज सेवा का पर्याय बना डाला। आज उसी रेवड़ी ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि बिना उसके सहारे किसी का दिल जीतना आसान नहीं है। इसी रेवड़ी ने भारतवर्ष की आत्मा दिल्ली में फ्री बिजली और मोहल्ला क्लिनिक जैसी योजना की भारी-भरकम रेवड़ी तैयार कर सत्ता के सिंहासन रूपी चार पैरों को इसी की चासनी में डुबाकर 'आप' के सहारे मजबूती बनाई हुई है। दिल्ली की तर्ज पर कई राज्यों में लोक-लुभावनी रेवड़ीनुमा योजनाओं को संकल्प पत्र की सुंदरी बनाकर राजनीतिक दल हारी हुई बाजी जीतकर बाजीगर साबित हो रहे हैं। हमने देखा है कि ऐसी कुछ लालच भरी थाली परोसकर महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन ने न केवल बंपर जीत हासिल की वरन विरोधियों के लिए पांच वर्ष की बीपी, शुगर जैसी बीमारी भी परोस दी। रेवड़ियों में छिपी सत्ता की चाबी, जो कभी कुछ जौहरियों द्वारा ही पहचानी गई थी, अब दल-दल की आम समझ बन चुकी है। भारतीय राजनीति में पिछले कुछ दशकों में चुनावों के दौरान रेवड़ियां बांटने का चलन काफी बढ़ चुका है। ये रेवड़ियां केवल मतदाताओं के कंठ के नीचे ही रसास्वादन नहीं कर रहीं हैं, बल्कि पार्टी कार्यकर्ताओं को भी भरपूर जोड़े रखने में 'फेवीक्विक' का काम कर रही हैं। चुनाव में किसी एक को टिकिट देने के बाद मचे विरोधी स्वर को भी यही संस्कृति ठंडा कर रही है। किसी को चुनाव की कमान सौंपकर तो किसी को चुनाव के बाद लालबत्ती की सौगात देने के आश्वासन ने रेवड़ियों के स्वाद को और अधिक बढ़ा दिया है। भले ही मुफ्त की योजनाओं (रेवड़ियां) के मुद्दे पर चुनाव आयोग से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सवाल उठाए जा चुके हैं , किंतु राजनीतिक दलों के लिए रेवड़ी संस्कृति 'गेम चेंजर' ही सिद्ध हो रही है। हमारे देश के कम से कम दो दर्जन राज्य ऐसे हैं जहां विधानसभा चुनाव में लोक-लुभावनी योजनाओं ने ही राजनीतिक दलों को सत्ता की चाबी सौंपी है। अभी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनावों की रणभेरी बजाई जा चुकी है। इस रणभेरी में एक से बढ़कर एक हलवाई रेवड़ी बनाने के लिए स्वादिष्ट घोल तैयार करने में जुटे हुए हैं। एक दशक से मुफ्त की योजनाओं के सहारे सत्ता सुंदरी को नई-नई चुनरी ओढ़ाने वाले शूरवीर ने इस बार जो रेवड़ी फेंकी है, वह विरोधी दलों के लिए विष का काम करती दिख रही है। एक ओर जहां पुरानी डिब्बा बंद रेवड़ी खिलाते रहने का वादा है तो दूसरी ओर विरोधियों की रेवड़ी की चासनी चुराते हुए मफलर बाबा ने ऐसी रेवड़ी लुटाने की बात की है जो मंदिर-मस्जिद, गुरुद्वारे-चर्च तक अपना असर दिखाने के लिए उतावली है। पुजारी, मुल्लों, ग्रंथि एवं फादर को प्रतिमाह और प्रतिदिन इसी रेवड़ी के ललचाए स्वाद का रसास्वादन 15 हजार रुपये सेवाशुल्क के रूप में प्रदान करने की घोषणा ने बहुत बड़े वोट बैंक को रेवड़ी फैक्ट्री की ओर खींचने का प्रयास किया है।

हमारे देश की बड़ी एवं पुरानी राजनीतिक पार्टियों ने इसी रेवड़ी कल्चर को मजबूत ईंट और गारे का स्वरूप देना जारी रखा है। इस तरह की रेवड़ियां केवल मतदाताओं तक सीमित नहीं हैं। अब इनका फैलाव राजनीतिक दलों द्वारा सत्ता हथियाने के लिए अपने परम विरोधियों से हाथ मिलाकर सरकार गठन तक हो चुका है। मध्य प्रदेश की लाडली बहना योजना , महाराष्ट्र में लाडकी बहिन योजना और झारखंड में मैया सम्मान योजना ने सत्तारूढ़ दलों की सत्ता में जोरदार वापसी कराई है ! इसी तरह कर्नाटक में गृह लक्ष्मी, ओडिसा में सुभद्रा योजना ,पश्चिम बंगाल में लक्ष्मी भंडार तथा असम में मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता योजना भी सत्ता का मार्ग खोलती दिखाई पड़ी है। राजनीतिक दलों ने चुनाव से पूर्व गठबंधन कर सत्ता मिलने पर मंत्री पदों को भी रेवड़ी की चासनी में डुबा डाला है। कुछ ऐसी ही रेवड़ी वाली योजनाओं से हम मतदाता अब निकल नहीं पा रहे हैं। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार भी रेवड़ी संस्कृति से पीछे नहीं है। मोदी सरकार ने गरीबों को मुफ्त राशन 2028 तक देने की घोषणा कर खुद को रेवड़ी बांटने वालों की श्रेणी में शामिल कर लिया है। यह अलग बात है कि देश के कुछ महान अर्थशास्त्रियों ने मोदी की इस घोषणा को लोक-कल्याणकारी योजना की संज्ञा दी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## एकनिष्ठ भक्ति



संकलित
दर्शन

अनेक महापुरुष हैं, अनेक देवी-देवता हैं, अनेक मार्ग हैं, किंतु एकनिष्ठता आवश्यक है। इसी कारण इष्ट देवता की अवधारणा है। घर की बहू सास, ससुर, जेठ, जेठानी सबका आदर सम्मान करती है, किसी की अवज्ञा या उपेक्षा नहीं करती। सबकी सेवा करती है, किंतु अपने पति को वह सबसे अधिक चाहती है। इसी तरह तुम भी अपने इष्ट देवता पर दृढ़ एकनिष्ठ भक्ति रखो, जबकि अन्य देवी-देवताओं का सम्मान करो, सबके प्रति श्रद्धा रखो। सभी देव एक ही परमेश्वर के रूप हैं। किंतु किसी एक के प्रति एकनिष्ठ रहो। चौसर के खेल में गोटी सब खानों का चक्कर लगाए बिना लक्ष्य पर नहीं पहुंचती। यदि दो गोटियां जोड़ी बांधकर इकट्ठी चलें तो उन्हें कोई काट नहीं सकता, नहीं तो अकेली गोटी लक्ष्य के पास पहुंचकर पकते-पकते भी कट जा सकती है। इसी प्रकार साधना के मार्ग पर भी यदि गुरु अथवा इष्ट के साथ युक्त होकर आगे बढ़ा जाए तो बाधा विघ्न का भय नहीं रहता, यात्रा निर्विघ्न रूप से सफल हो सकती है। एक बार किसी यात्री ने एक आदमी से कलकत्ता (अब कोलकाता) जाने का रास्ता पूछा। उस आदमी ने कहा, इस रास्ते से चले जाओ। थोड़ी दूर चलकर उसने और एक जन से रास्ता पूछा। उसने दूसरा रास्ता बताया। इस तरह वह थोड़ा सा आगे बढ़कर किसी से रास्ता पूछता तो पहले वाले का रास्ता छोड़ उस पर चल देता। ऐसा करते हुए वह रास्तों पर ही भटकता रहा, कलकत्ता नहीं पहुंच पाया। उसे किसी ऐसे व्यक्ति से रास्ता पूछना चाहिए था, जिस पर विश्वास हो कि वह सही मार्ग जानता है।

## जिसका भी मनोबल जागा



संकलित
प्रेरणा

राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्ध नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उसपर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता। समय गुजरता गया, अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धँस गया और फिर धँसता ही चला गया। हाथी के फँसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला। तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया। गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्ध की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्ध में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी।

## सटाका




## आज की पाती

### एक पंक्ति 80 से ऊपर के बुजुर्गों की भी बने

भारत के सभी सरकारी (और निजी) अस्पतालों में डाक्टरों को दिखाने के लिए वरिष्ठ नागरिकों के अलावा एक विशिष्ट, सुनिर्धारित पंक्ति ओक्टोजेनेरियन (80 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक) के लिए भी होना बहुत आवश्यक है। चिकित्सा विशेषज्ञ कैसे और कितने सक्षम तरीके से इलाज कर पाएं, ये अलग विषय हैं। परंतु आरम्भिक रूप से ही कुछ श्रेयस्कर होना भी अनिवार्य है। ओक्टोजेनेरियन सहित सभी वरिष्ठ नागरिकों के बैठने के लिए भी उचित और समुचित स्थान उपलब्ध होना चाहिए। भारत सरकार व सभी राज्य सरकारों से अनुरोध है कि इस मनुष्य जीवन की लगभग अंतिम अवस्था में जी रहे माननीय नागरिकों को इतनी सी विशेष सुविधा तो उपलब्ध होनी ही चाहिए। स्वस्थ भारत के लिए स्वस्थ व बेहतर व्यवस्था ज़रूरी है। – *मनोज जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### कार्यकर्ताओं से संवाद




दिल्ली ने विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने की ठान ली है। 22 जनवरी को दोपहर 1 बजे 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में समर्पित कार्यकर्ताओं से संवाद का सुअवसर मिलेगा। इसके लिए आप अपने विचार जरूर साझा करें। मैं आपमें से कुछ लोगों से बात करूंगा।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### 'अनब्रेकेबल' का ट्रेलर




आम आदमी पार्टी पर बनी फिल्म "Unbreakable" का ये ट्रेलर है। ट्रेलर देख लीजिए। आपको समझ आ जाएगा कि बीजेपी इस फिल्म को क्यों रोकना चाहती है।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### रिश्ते बनते भी हैं



रिश्ते जन्मजात ही नहीं होते बनाए भी जा सकते हैं, मैं मध्य प्रदेश से हूँ दीपिका जी महाराष्ट्र गुजरात से, अरुण जी उत्तर प्रदेश से,और हम रामायण के माध्यम से मिले और रिश्ता हमेशा के लिए बन गया और हम सभी इसका सम्मान करते हैं।
-सुनील लहरी, अभिनेता


### मोदी जी की गारंटी



अब होगा सच्चा जनकल्याण, अब होगा दिल्ली का विकास। विकसित भारत की राजधानी दिल्ली के लिए भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र है मोदी जी की गारंटी, मतलब हर गारंटी पूरा होने की गारंटी।
-बांसुरी स्वराज, भाजपा सांसद

## करंट अफेयर

### अमेरिका में प्रतिबंध लागू होने के बाद 'टिकटॉक' बंद




अमेरिका में लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'टिकटॉक' पर प्रतिबंध लगाने वाला संघीय कानून प्रभावी होने से कुछ घंटे पहले ऐप को बंद कर दिया गया। ऐप शनिवार को बंद किया गया। अमेरिकी उपयोगकर्ताओं को ऐप खोलने पर एक संदेश मिला जिसमें लिखा था, "अमेरिका में टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने का कानून पारित किया गया है। इसका मतलब है कि दुर्भाग्य से आप अब टिकटॉक का इस्तेमाल नहीं कर पायेंगे। संदेश में लिखा था, हम भाग्यशाली हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह पदभार संभालने के बाद टिकटॉक को बहाल करने के लिए हमारे साथ मिलकर काम करेंगे। तब तक के लिए हमारे साथ बने रहिये। एक ओर, बाइडन प्रशासन ने टिकटॉक की बंद करने की धमकी को एक स्टंट बताकर खारिज कर दिया तो दूसरी ओर टिकटॉक ने कहा कि स्पष्ट आश्वासन के बिना, उसके पास अमेरिका में अपनी सेवाओं को निलंबित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। कर्मचारियों को भेजे गए एक आंतरिक ईमेल में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने 20 जनवरी को पदभार संभालने के बाद टिकटॉक को बहाल करने के लिए एक समाधान पर काम करने की मंशा व्यक्त की है।

## ऑफ बीट

### क्या कौए सचमुच चतुर पक्षी होते हैं?



यह कोई रहस्य नहीं है कि कौए उल्लेखनीय संज्ञानात्मक क्षमताओं से संपन्न होते हैं। इंटरनेट कौए की आवाज की नकल करने या दिमाग लगाने वाले जटिल गेम को हल करने के वीडियो से भरा पड़ा है। लेकिन क्या ये पक्षी उतने ही बुद्धिमान हैं जितना उन्हें समझा जाता है? कठोर आवरणयुक्त फल तोड़ने वाली पहेली। कौए में बेहतर बुद्धि की अवधारणा का समर्थन करने के लिए सबसे अधिक उद्धृत अध्ययनों में से एक कौए द्वारा फल के कठोर आवरण युक्त फल (नट) को तोड़ने के लिए कारों का इस्तेमाल करना है। 1978 में, कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं ने देखा कि अमेरिकी कौए सड़क पर अखरोट फेंकते थे, फिर उनके किसी कार से कुचले जाने का इंतजार करते थे और फिर टूटे हुए फल खाते थे। हालांकि, शोधकर्ताओं ने पाया कि जब कोई कार आ रही थी तो कौए अपने आवरणयुक्त फल सड़क पर नहीं फेंकते थे। इसके अलावा अध्ययन किए गए 200 मामलों में से, शोधकर्ताओं ने कभी भी किसी कार को किसी फल के आवरण को कुचलते हुए नहीं देखा। इससे पता चला कि यह सिद्धांत कि कौए जानबूझकर कार को अखरोट तोड़ने के रूप में उपयोग कर रहे थे, वास्तव में गलत था।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**रेस्क्यू कर चार लोगों को सुरक्षित बचाया, लाखों की क्षति**

# टीबड़े मार्केट में कपड़ा गोदाम में भीषण आग भड़की







**जबलपुर।** करमचंद चौक स्थित टीबड़े वाला मार्केट की तीसरी मंजिल पर स्थित एक कपड़े के गोदाम में रविवार की दोपहर 12 बजे के लगभग अचानक भीषण आग लग गई। बिल्डिंग से धुआ निकलते देख, क्षेत्र में अफरच गई। गोदाम के अंदर चार कर्मचारी फंसे हुये थे, जिन्हें रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है। इस हादसे में लाखो के के कपड़ेऔर फर्नीचर खाक हो गये। निगम मुख्यालय के 8 दमकल वाहनों के साथ साथ आईएसबीटी और रांझी के दो वाहन भी आग बुझाने में लगे रहे। इस तरह कुल 9 दमकल वाहनों ने करीब ढाई घंटे में आग पर काबू पाया। नगर निगम के दमकल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार करमचंद चौक से तुलाराम चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित टीबड़े वाला मार्केट में मैडम कलेक्शन नाम से कपड़े की गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल दमकल वाहन मौके पर पहुंचे, तीसरी मंजिल में स्थित गोदाम में आग की भयावह स्थिति को देखते हुये रांझी और आईएसबीटी से भी दमकल वाहन बुला लिये गये। घटना की जानकारी मिलने पर लार्डगंज कोतवाली और ओमती का पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया था। दोनों तरफ से यातायात रोका गया, तब जाकर घने बाजार में दमकल कर्मियों ने रेस्क्यू शुरु किया। इस बीच विद्युत अमला भी मौके पर पहुंचा और विद्युत आपूर्ती को डिस्कनेक्ट कर दिया।

### चार लोगों को रेस्क्यू कर बचाया

दमकल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस वक्त कपड़े की गोदाम में आग लगी, उस वक्त गोदाम में चार कर्मचारी काम कर रहे थे, जिनमे एक महिला भी शामिल थी। आग लगने के बाद पूरे गोदाम में धुआं भर गया था। दमकल कर्मियों ने यहां फंसे लखन रजक, रेखा रजक, राजेश बेन और प्रकाश बेन को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। धुएं में फंसे यह कर्चारी बेहद बैचनी महसूस कर रहे थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिये विक्टोरिया अस्पताल भेजागया।

### लाखों का नुकसान

दमकल विभाग के मुताबिक टीबड़े वाला मार्केट स्थित मैडल कलेक्शन गोदाम के संचालक राहुल और प्रकाश बलेचा हैं। आग कैसे लगी इसका खुलासा नहीं हो सका है। अभी क्षति भी नहीं बताई गई है, लेकिन अनुमान है की लाखों रुपये के कपड़े और फर्नीचर खाक हो गया। आग इतनी भीषण थी की दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पुलिस ने दोनों ओर से मार्ग को बंद कर दिया, जिसके बाद ही रेस्क्यू अभियान सफल हो पाया। आग लगने के बाद आसपास की दुकानों के संचालक किसी तरह सीढ़ियों से बाहर भागे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार होने के कारण कुछ दुकानें सुबह खुली ही नहीं, जिससे स्थिति और भयावह हो सकती थी। दोपहर 2 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका।

# यूनिपोल एडवरटाईजर पर एफआईआर की मांग

## सिविल लाईन थाने में शिकायत गृह मंत्रालय भेजा पत्र

**जबलपुर। सिविल लाईन थाना क्षेत्र के इलाहाबाद बैंक चौक के पास 18 जनवरी के यूनिपोल हादसे में हुये मौत के मामले मे यूनिपोल एडवायटर पर एफआईआर दर्ज कर आपराधिक प्रावधानों के तहत दंडित किया जाए, क्योंकि उक्त एडवरटाईजर ने नियमों का घोर उल्लंघन कर यूनीपोल लगाया है।**



यह शिकायत नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच नेलाईन थाने मे दर्ज की। जिसके बाद सचिव गृह मंत्रालय को पत्र भेजा। शिकायत में बताया है कि एडवरटाईजर ने मध्य प्रदेश आ उ ट डो र विज्ञापन मीडिया नियम 2017 का घोर उल्लंघन केयिा है। सक्त यूनिपोल सड़के के 3 मरीटर दूरी नहीं है। अतः यह नियम 28 का उल्लंघन है। इसके साथ ही नियम 31 का भी उल्लंघन है। वास्तविकता में इस क्षेत्र में यूनिपोल लगाने के लिये ट्रेफिक पुलिस से लोकशन वाइज अनुमति लेना चाहिय थी, किन्तु यह न करते हुये मोटर व्हीकल एक्ट 1988 का भी उल्लंघन किया गया।

### हाईकोर्ट में लंबित है मामला

शिकायत में बताया है कि मीडिया नियमों का उल्लंघन कर यूनिपोल तथा होर्डिंग लगाने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये सिलसिलो में डॉ पीजी नाजपांडे एवं रजत भार्गव ने जनहित याचिका डब्लयूपी 26109/2024 मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में दायर की है, जिस पर शासन से जवाब मांगा गया है। किन्तु 18 जनवरी को हुये मामले में केवल ठेकेदार तथा मजदूर पर मामला दर्ज किया गया है, यह गलत है। मामला एडवरटरटाईजर पर भी दर्जी होना चाहिये था।

### आज घंटाघर में प्रदर्शन

आज 20 जनवरी दोपहर 1 बजे घंटाघर के पास प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जायेगा। विभिन्न संगठनों के डॉ पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुभाष च्रंदा, केसी सोनी, सुशीला कनौजिया आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

# क्या एक बार फिर महाकौशल के खाते में आएगा प्रदेश अध्यक्ष पद

**विलम्ब के साथ प्रदेश अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया शुरु**

जबलपुर। जबलपुर में नगर एवं ग्रामीण अध्यक्ष की घोषणा हो चुकी है। प्रदेश के 80 प्रतिशत से अधिक भाजपा नगर एवं ग्रामीण अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है। इस लिहाज से प्रदेश अध्यक्ष के चयन के लिए आवश्यक कोरम पूरा हो चुका है। नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए, प्रदेश स्तर पर तैयारी एवं जिला स्तर पर सुगबुगाहट शुरू हो गई।

जिले में भाजपा खेमे में चर्चा एक ही है कि क्या वर्तमान में मंत्री राकेश सिंह का इतिहास दोहराया जा सकता है। क्या जबलपुर से कोई प्रदेश अध्यक्ष बन सकता है। गौरतलब है कि 15 जनवरी तक भारतीय जनता पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष के लिए चुनाव प्रक्रिया पूरी हो जानी थी। लेकिन इस साल नगर अध्यक्षों के चुनाव में हुई देरी की वजह से पूरी प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। अब जब कोरम पूरा हो गया है और प्रदेश अध्यक्ष पद के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है, तब पूरे प्रदेश में लॉबिंग का दौर शुरू हो गया है। हर कोई जानता है कि प्रदेश अध्यक्ष का कद शासन और प्रशासन में किसी कैबिनेट मंत्री से बड़ा होगा। जिसकी संगठन में पकड़ होगी, उसकी सत्ता में पैठ होगी। इस लिए इंदौर, ग्वालियर, भोपाल से लेकर महाकौशल तक हर संभाग के नेता प्रदेश कार्यकारिणी में मजबूत स्थान बनाने में जुटे हुए हैं।

### एक समीकरण यह भी है

वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के पहले जबलपुर के राकेश सिंह प्रदेश अध्यक्ष थे। जानकारी के मुताबिक राकेश सिंह जबलपुर से बने एकमात्र प्रदेश अध्यक्ष थे। संभावना कम है लेकिन चर्चा जोरों पर है कि राकेश सिंह का कार्यकाल दोहराया जा सकता है। क्योंकि प्रदेश में मुख्यमंत्री ओबीसी वर्ग से हैं। वीडी शर्मा ब्राह्मण वर्ग से आते थे। यदि जातिगत समीकरण बैठाए गए और महाकौशल को प्रदेश अध्यक्ष मिला, तो एससी-एसटी से फग्गन सिंह कुलस्ते और क्षत्रिय (सामान्य) से राकेश सिंह का नाम सबसे ऊपर होगा।

## राष्ट्र के लिए आत्म गौरव का अनुभव ही स्वामी विवेकानन्द जी का संदेश है : डॉ गुमास्ता.

जबलपुर। मध्यप्रदेश जन आभियान परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद की 162 वीं जयंती पखवाड़ा के उपलक्ष्य में रविवार को जिला स्तरीय व्याख्यान का आयोजन सिविल लाइन स्थित शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद का पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। "भारत का उत्कर्ष-स्वामी विवेकानंद" विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रख्यात चिकित्सक, चिन्तक एवं साहित्यकार डॉ अखिलेश गुमास्ता ने कहा कि जहां निरंतरता है वहीं ऊर्जा है और संकल्प सिद्धि भी वहीं है। उन्होंने कहा कि जब भारत में पाश्चात्य प्रभाव के प्रति युवा आर्कषित हो रहे थे तथा भारतीय समाज विभिन्न मत, संप्रदाय, पंथ और विचार धाराओं में विभाजित था, ऐसी विषम परिस्थिति में भारतीय समाज में एकत्व का भाव जागृत करने का कार्य विवेकांनद जैसे युग दृष्टा ने किया।

# यातायात शहर की गंभीर समस्या

## प्रस्तावित मास्टर प्लान को लेकर परिचर्चा

**जबलपुर।** जबलपुर संघर्ष समिति उड़ान जबलपुर के तत्वाधान में जबलपुर शहर के प्रस्तावित मास्टर प्लान पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न वर्गों से आए प्रबुद्ध जन उपस्थित थे। समिति संयोजक हिमांशु खरे ने इस अवसर पर बताया कि जबलपुर शहर का आगामी मास्टर प्लान सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए बनाया जाना चाहिए जिसमें दीर्घकालीन विकास दृष्टि को दर्शाया जाए। उन्होंने कहा की जबलपुर विकास की दृष्टि से अन्य शहरों के मुकाबले पिछड़ता जा रहा है तथा इसमें कहीं न कहीं पूर्व में जारी मास्टर प्लानों का भी दोष है जिनके प्रावधानों का पालन नहीं किया गया अथवा प्रावधान तर्कसंगत नहीं थे। आने वाला मास्टर प्लान शहर के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाए, शहर सुव्यवस्थित विकास की ओर बढ़े, पर्यावरण का संरक्षण हो तथा सभी वर्गों के लिए शहर की प्लानिंग श्रेष्ठ स्तर की हो ऐसे मास्टर प्लान की परिकल्पना होना चाहिए।




### बुनियादी सुविधाएं के लिए श्रेष्ठ प्लान बने

जबलपुर संघर्ष समिति के प्रोफेसर आई के खन्ना, जितेंद्र पचौरी, मनोज जसाती, सीए मनीष कौशल, अशोक गुप्ता ने बताया की संघर्ष समिति शासन को मास्टर प्लान हेतु अधोसंरचना, यातायात, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, जल संरक्षण, ऊर्जा, उद्योग व्यापार, आदि के साथ जबलपुर के लिए नई सैटेलाइट सिटी या मेट्रोपॉलिटन जबलपुर का सपना देख उपरोक्त विषयों पर विभिन्न विशेषज्ञों से चर्चा कर सुझाव शासन को देगी।

### पूर्व के मास्टर प्लेनों का ऑडिट हो

समिति के बलदीप मनी, हिमांशु राय, गीता शरत तिवारी ने सुझाव दिया की जबलपुर विकास के लिए पूर्व में बनाए गए मास्टर प्लानों का ऑडिट होना चाहिए जिससे कि यह पता चले की उक्त प्लान में किए गए प्रावधानों का कितना प्रतिशत पालन किया गया है तथा प्रावधानों के पालन न करने की स्थिति में शहर को कितना नुकसान झेलना पड़ा है।

### यातायात संबंधी प्लान जल्द

बैठक में उपस्थित मनु शरत तिवारी, इंजीनियर संजय वर्मा, मनीष दुबे, नीरज ब्यौत्रा, प्रीति चौधरी ने बताया की जबलपुर के लिए सुव्यवस्थित यातायात प्लान की आवश्यकता है तथा अराजक यातायात इस शहर की सबसे गंभीर समस्याओं में से एक है। समिति के सदस्य यातायात को सुचारू रूप प्रदान करने संबंधित विशेषज्ञों की सहायता से एक प्लान बनाकर प्रशासन एवं शासन को सौंपेंगे जिससे यातायात की समस्या को बहुत हद तक दूर किया जा सकेगा। समिति संयोजक हिमांशु खरे ने बताया की मास्टर प्लान के विषय पर यह प्रथम बैठक है एवं विषय वार एवं सेक्टर वार विभिन्न बैठकें आयोजित की जाएंगी जिसमें विषय विशेषज्ञ अपने सुझाव प्रस्तुत करेंगे जिसे शासन को सौप जाएगा।




# डॉ. अम्बेडकर ने हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाई : मोदी

हरिभूमि जबलपुर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025 का प्रथम एवं मन की बात का 118 वें एपिसोड में देशवासियों कोगणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा संविधान के निर्माण में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय गणतंत्र में सभी वर्गो के हित के लिए योजनाओं को बनाया। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के सभी 956 बूथों में मन की बात का प्रसारण किया गया जिसमे कार्यकर्ताओ ने क्षेत्रीय जनों के साथ प्रधानमंत्री जी को सुना।

## प्रधानमंत्री के मन की बात सभी 956 बूथों में सुनी गई



भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, बरगी विधायक नीरज सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने उत्तर विधानसभा के सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड के बूथ क्र 231 में कार्यकर्ताओ के साथ मन की बात सुनी। जबलपुर के प्रवास पर आए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने केंट विधानसभा के अटल बिहारी वाजपेई मंडल के बूथ क्र 168 में सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी एवम स्थानीय कार्यकर्ताओ के साथ मन की बात सुनी।

जबलपुर में मन की बात कार्यक्रम में विभिन्न बूथों पर महामंत्री पंकज दुबे, राजेश मिश्रा, अभय सिंह ठाकुर, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष रूपा राव, सुषमा जैन, कैलाश चक्रवर्ती, नंदकुमार यादव, अजय मिश्रा, रौनक अग्रवाल, आशीष राव, रवि शर्मा आदि उपस्थित थे। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भोपाल स्थित अपने आवास पर मन की बात कार्यक्रम सुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से मन की बात करते हुए कहा डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने समानता का अधिकार की बात रखी थी संविधान सभा को हर सदस्य को नमन किया। 25 जनवरी को भारत निर्वाचन आयोग का स्थापना दिवस है भारतीय लोकतंत्र की मां है। हर मतदाता को अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने प्रयागराज के महाकुंभ का उल्लेख करते हुए कहा कुंभ में हर सनातनी संस्कृति से जुड़े हुए व्यक्ति को पहुंचना चाहिए। महाकुंभ प्रयागराज 144 वर्ष बाद सभी संतों का आगमन हुआ है। अद्भुत अद्वितीय आयोजन है। हमें विरासत को सहेजने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा भारत के वैज्ञानिक लगातार स्पेस टेक्नोलॉजी में कार्य कर रहे जिससे आगामी आने वाले समय में आने वाली चुनौतियां से विजय पा सकेंगे। स्वामी विवेकानंद जयंती पर विकसित भारत संवाद में युवाओं ने स्पेस, विकास, औधौगिक क्रांति के विषय में दिये गये सुझावों को मैंने बहुत अच्छी शुरुआत है।

## सनातन जनजागरण पदयात्रा निकाली

# भगवा लहराते हुए छुआछूत की विदाई का संकल्प लिया

हरिभूमि जबलपुर।

देश-विदेश की बदलती परिस्थितियां और सामाजिक परिवर्तन के बीच रविवार को सनातन एकता मंच के बैनर तले एक बार फिर सनातनियों ने एक विशाल पदयात्रा निकाल कर जनजागरण किया है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को जाग्रत करना है जो अपनी परिस्थितियों से अनजान है और शत्रु बोध से अपिरिचत है। इसी क्रम में सिविक सेंटर में लगे मंच पर संत महात्माओं की अगुवाई में एक विशाल पदयात्रा निकाली गई। धर्मयात्रा के नाम से निकल रही पदयात्रा सिविक सेंटर से प्रारम्भ होकर करमचंद चौक, तुलाराम चौक, अंधेरदेव,



कमानिया गेट, बड़ा फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट, मालवीय चौक होते हुए वापस वंदे मातरम चौक सिविक सेंटर पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ. जहां वक्ताओं ने आव्हान किया कि काश्मीर और बांग्लादेश की तरह भारत के हालात अब बिल्कुल नहीं होने दिए जाएंगे। इसलिए छुआछूत की करो विदाई हम सब हिंदू भाई-भाई हैं।

### जगह-जगह पदयात्रा का स्वागत

सनातन एकता मंच द्वारा निकाली जा रही यात्रा का मार्ग में जगह-जगह स्वागत किया गया, व्यापारी- व्यवसायियों द्वारा मंच लगा कर सनातन धर्मयात्रा का स्वागत सत्कार किया जा रहा है। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा जय-जय श्रीराम का जयघोष बुलंद किया गया।

## पटवारी से बने डिप्टी कलेक्टर

# राज्य प्रशासनिक सेवा में चयन होने पर सागर जैन को कलेक्टर ने दी बधाई

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा-2022 में जबलपुर जिले की मझौली तहसील में पदस्थ पटवारी सागर जैन का डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन हुआ है। अपने पहले प्रयास में ही सागर ने राज्य सेवा परीक्षा में 24 वीं रैंक हासिल की है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने सागर को उनकी इस सफलता पर आज सुबह फोन कर बधाई दी।





विपरीत परिस्थितियों के बावजूद दृढ़ संकल्प, लगन और कठोर परिश्रम के बलबूते सागर ने सफलता के इस मुकाम को हासिल किया है और युवाओं के सामने राह कितनी भी कठिन क्यों न हो कभी हार न मानने का उदाहरण प्रस्तुत किया है।मूलतः मंडला जिले के ग्राम पिंडरई के निवासी कोविड महामारी के पहले उनके पिता का निधन हो गया था। वे पिंडरई में किराना की दुकान चलाने में पिता का हाथ बटाते थे। पिता का साया उठ जाने के बाद सागर व्यवसाय में अकेले पड़ गये थे। ऐसे में उन्होंने प्रशासनिक सेवा में आकर जनता की सेवा को अपना लक्ष्य बनाया। वे अपने बड़े भाई जबलपुर में विद्युत कंपनी में वित्त अधिकारी शिवम जैन के घर आकर पढ़ाई करने लगे।

बचपन से ही मेधावी विद्यार्थियों में शामिल सागर ने अपनी स्कूल शिक्षा पिंडरई में ही पूरी की और नागपुर में उच्च शिक्षा प्राप्त की। कॉमर्स में स्नातक 28 वर्षीय सागर ने इंदौर में पीएससी परीक्षा की तैयारी की। लगभग एक साल तक उन्होंने जैन तीर्थ जबलपुर के पिसनहारी की मढिया में रहकर भी पढ़ाई की। करीब एक वर्ष पहले पटवारी के पद पर उनका चयन हुआ था और जबलपुर जिले की मझौली तहसील में उनकी पदस्थापना हुई। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा-2022 का अंतिम परिणाम जारी होने पर सागर और उनके परिवार में खुशी का माहौल है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सागर जैन की सफलता को युवाओं के लिये अनुकरणीय बताया है।

## रोमांचक मुकाबले में जीतकर फाइनल में पहुंची नरसिंहपुर

# श्री विष्णु वराह कप क्रिकेट प्रतियोगिता

**मझौली।** अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के श्री विष्णु वराह कप के पहले सेमी-फाइनल मुकाबले में नरसिंहपुर 11 ने जम्मू कश्मीर को 10 रनों से हराकर फाइनल में जगह बनाई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नरसिंहपुर ने अंकुर सिंह के 43 रन,रीतेश गुड़गे के हरफनमौला प्रदर्शन 39 एवं 4 ओवर में किफायती 24 देकर 3 विकेट की बदौलत नरसिंहपुर ने 20 ओवर में 172 बनाए।

जवाब में उतरी जम्मू की ओर से अच्छी लड़ाई देखने को मिली लेकिन बड़े स्कोर को पीछा करने के दबाव के चलते नियमित अंतराल पर विकेट खोते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 162 रन ही बना सकी,जम्मू की ओर से सलमान ने 32 गेंदों में 41, व आदिल ने अंतिम ओवरों में 21 गेंदों में ताबड़तोड़ 36 रन बनाए,लेकिन टीम को जीत नहीं दिल सके,रीतेश गुड़गे को उनकी ऑलराउंड पारी के लिए मैच में उपस्थित





अतिथि द्वारा मैन ऑफ का पुरस्कार रीतेश गुड़गे को प्रदान किया गया।

मैच के प्रारंभ में रामरुद्र तिवारी,प्रभुदत्त दुबे और अंत में राजेंद्र चौरसिया मनोरंजन राय अमित रैकवार देवेंद्र दाहिया आशीष तिवारी राहुल जैन अभिलाष विश्वकर्मा सुरेश ठाकुर गुड्डू जैन अनुराग दुबे रामराज राजपूत राममिलन राजपूत शाहिद खान सहित सभी पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित रहे। कल टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच दिल्ली और प्रयागराज के मध्य खेला जाएगा।

### ट्रेन से टकराकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत देवरी रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से टकराकर मृत्यू हो गई। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार देवरी स्टेशन के अपलाईन में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली। रेलवे ट्रैक मैन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पंचनामा की कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिये पहुंचाया।

## भाई ने बहन के साथ की मारपीट

**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत कांच घर में एक महीला से उसके रिश्ते के भाई ने शराब पीने के लिये 500 रुपये मांगे रुपये नहीं देने पर उसके साथ मारपीट की गई. घटना के संबंध में घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार झामन दास चौक निवासी श्रीमति रिंकी चौधरी अपने मां गोमती बाई के घर कांचघर गई थी. तभी उसके बड़े पिताजी का लड़का विनय चौधरी उससे शराब पीने के लिये 500 रुपये मांगने लगा, मना करने पर गालीगलौच कर बहन के साथ मारपीट की. पुलिस ने आरोपी विनय चौधरी के खिलाफ धारा 296, 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## हिरन नदी में कई घाट हो गये बर्बाद, जगह जगह हो रहा अवेध खनन

**फनवानी।** सिहोरा तहसील की जीवनदायनी हिरन नदी रेत माफियाओं की गिरफ्त में है जिसका रेत माफिया बेतरतीब दोहन कर रहे हैं। ग्राम वासियों ने बताया कि हिरन नदी में केवल एक घाट स्वीकृत है मगर कई जगहों से रेत निकाली जा रही है। ग्रामीर्णों की माने तों नदी मे किस्तियों के माध्यम से पूरी नदी मे घूमकर रेत निकाली जा रही है। नदी किनारे लगी फसलों को चौपट कर



लगा देते है ढेर। नदी किनारे साग सब्जी की खेती करने वालों ने बताया की रेत निकालने वाले इतनी मनमानी करते है कि उनकी नदी किनारे बोई गई फसल पर रेत रख देते है मना करने पर विवाद करने लगते है।

**दर्जनों नये घाट है नदी में -** हिरन नदी मे सचुली, लमतरा, देवरी, कुम्ही, महगवाँ, कचनारी, खभरा, जुनवानी, मढा, केवलारी, अमगवाँ सहित अन्य जगहों से अवेध घाट बना कर रेत निकाली जा रही है ग्रामवासियों ने प्रशासन से अवेध घाटों को बंद कराये जाने की माँग की है।

## और कितनी बली लेगा सिहोरा का बायपास चौराहा

# हाईवे पर ब्लैक स्पाट का नहीं हो रहा इलाज, बढ़ रहे सड़क हादसे



**सिहोरा।** सड़क हादसों का ग्राफ थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। इसका मुख्य कारण हाईवे पर चिह्नित ब्लैक स्पाट दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने कोई व्यवस्था न होना है। इसको लेकर प्रशासनिक अधिकारी व एनएचआइ गंभीर नहीं है। इसी वजह से सड़क हादसों में आये दिन बेकसुर लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है एन एच 30 हाईवे पर जबलपुर से सिहोरा के बीच अनेक ब्लैक स्पाट चिह्नित है। इस स्थलों पर दुर्घटनाओं में अब तक सैकड़ों लोगों की जान चली गई है। इसके बाद भी हादसे रोकने के लिए अभी तक कोई विशेष इंतजाम नहीं किया गया। एनएचआइ इसको लेकर तनिक भी गंभीर नहीं रहता है। डायवर्जन के नियमों का पालन नहीं होने से हादसे बढ़ते जा रहे है।

**एनएच के सिहोरा बाईपास ब्लैक स्पाट पर अधिक हुए हादसे**

एन एच से सिहोरा नगर को जोड़ने बनाये गये बाईपास तिराहे पर होने वाली दुर्घटना में अनेक लोगों के लहु से आये दिन सड़क लाल हो रही है। फिर भी एन एच आई आज तक यहां ओवर ब्रिज नहीं बना पाई। बताया जाता है कि मुण्डी टोरिया से बाह्य नाला के पहले तक ओवर ब्रिज बनाया जाना था जिससे सिहोरा नगर की ओर आने जाने वाले वाहन ब्रिज के नीचे से मुड़ सके एंव सीधे हाइवे पर न आ सके लेकिन हाईवे निर्माण के वर्षो बाद भी ओवर ब्रिज का निर्माण नहीं हो सका। इसी बायपास चौराहे के पास गत दिवस सड़क दुर्घटना में दो नवयुवकों की जान चली गई।

### राजस्व एंव नगरीय प्रशासन भी कम जिम्मेदार नहीं

राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास के दोनों और लगातार नियमों को दरकिनार करते हुए स्थाई निर्माण के साथ-साथ हरे भरे खेतों में राजस्व एंव नगरीय प्रशासन की मिली भगत से अवैध कालोनी काटी जा रही ।जिसके चलते बाईपास के दोनों तरफ नवीन बसाहट के चलते स्थानीय यातायात दवाव एंव हाईवे के यातायात दवाव के कारण आये दिन सड़क दुर्घटना घटित हो रहे हैं।

### हाईवे भी अतिक्रमण का शिकार

राष्ट्रीय राजमार्ग के नियमों को दरकिनार करते हुए सड़क किनारे बहुमंजिला इमारतो के निर्माण के साथ-साथ चाय पान की गुमटियों के सजने से भी बायपास तिराहा दुर्घटनाओं का केंद्र बिंदु बनकर रह गया है स्थानीय लोगों ने नहीं एवं स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि जबलपुर से सिहोरा आने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग में सिहोरा नगर में प्रवेश करने वाले उक्त स्थल पर ओवरब्रिज का निर्माण कर ब्लेक स्पाट पर होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए।

## चाकूबाजी के आरोपियों से छीने गये पांच मोबाइल जब्त

**जबलपुर।** तिलवारा थानांतर्गत राजनगर शाहनाला में अवैध वसूली के लिए पिता, पुत्र से चाकूबाजी करने वाले दो आरोपियों ने विजयनगर व संजीवनी नगर थानांतर्गत मोबाइल लूट की तीन वारदातों का खुलासा किया है। आरोपियों के पास से छीने गये पांच मोबाइल फोन, चाकू, एक मोटरसाइकिल व एक एक्टीवा जब्त की गई है। तिलवारा पुलिस ने बताया कि राजनगर शाहनाला निवासी मनीष पटेल रात १२ जनवरी की शाम ६.*० बजे अपने घर के सामने खड़ा था। मोहल्ले का गगन केवट अपने एक साथी के साथ आकर मनीष से शराब पीने रुपये मांगने लगा। मना करने पर गगन ने गालीगलौज कर मनीष पर चाकू से वार कर कलाई, कंधे, सीना, सिर व जांघ में चोटें पहुंचाई। तभी बीचबचाव करने आये मनीष के पिता मनोहर पटेल व आर्यन के साथ भी गगन ने विवाद कर मनोहर पटेल की हथेली में चाकू मार दिया। तिलवारा पुलिस ने हमलावर गगन केवट व उसके साथी १७ वर्षीय विधि विवादित बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने राहुल पटेल के साथ विजयनगर थाना क्षेत्र में एक मोबाइल लूट व संजीवनी नगर थाना क्षेत्र में दो मोबाइल लूट की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार कर लिया।



## 59 वर्ष की आयु में 100वां रक्तदान

**जबलपुर।** वरिष्ठ रक्तदाता विकास खंडेलवाल ने अपना 59 वां जन्मदिवस 100 वां रक्तदान करके मनाया। क़दम संस्था के साथ वृक्षारोपण करके बच्चा वॉर्ड में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के साथ केक काटा। इन्होंने 18 वर्ष की उम्र से रक्तदान प्रारंभ किया था। अपने विवाह के दिन तथा अपने पिताजी और ताऊजी के स्वर्गवास के दिन भी इन्होंने रक्तदान किया था। ये अपने महत्वपूर्ण अवसरों एवं त्योहारों के अलावा इमरजेंसी में देर रात्रि में भी रक्तदान के लिए तैयार रहते हैं। इस मौक़े पर शीर्ष रक्तदाता सरबजीत सिंह नारंग, डॉ. संजय असाटी, रूपाली सिंघई, सोनिया वाकुलकर,पुष्पा अर्चना खंडेलवाल, प्रिंसी जैन, सुनील सिडाना, अमरजीत सिंह, इलुविंदर सिंह छाबड़ा, श्रेया खंडेलवाल,अमर पटेल, आलोक मेढ़े आदि ने उपस्थित होकर रक्तदान भी किया। विक्टोरिया हॉस्पिटल की ब्लड बैंक टीम ने रक्त संग्रह का कार्य सुचारु रूप से किया।

## 11 अदतन अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही

**जबलपुर।** जिला पुलिस बल ने पिछले 24 घंटे में आदतन अपराधियों के साथ साथ वारंटियों की धरपकड़ की। इस दौरान 11 आदतन आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 96 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 15 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 16 गैरम्यादी, 23 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 14 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 169 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 10 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 2 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आम्र्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये ।

**श्रीमती मुलिया बाई बर्मन-** सदर गली नं. 23 शर्मा कम्पाउंड निवासी श्री नंदी बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती मुलिया बाई बर्मन (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिवम पाण्डेय-** सिद्धबाबा शंकर मंदिर के पीछे निवासी श्री अजय कुमार पाण्डेय के पुत्र श्री शिवम पाण्डेय (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री किशन कुमार रजक-** वुडस्टाक अपार्टमेंट सिविल लाइन निवासी श्री किशन कुमार रजक (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमलेश श्रीवास्तव-** मदनमहल बेदी नगर तक्षशिला रोड निवासी श्री उमाकांत श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती विमलेश श्रीवास्तव (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लालती देवी विश्वकर्मा-** मिल्क स्कीम के पास अधारताल निवासी श्री केपी विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती लालती देवी विश्वकर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।





**श्रीमती ललिता कोरी-** कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री हेमराज कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता कोरी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती देवंती देवी सिंह-** भगत सिंह कॉलोनी सिंगरोली निवासी श्री हरि शंकर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती देवंती देवी सिंह (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माहेश्वरी सिंह-** रावण पार्क के पास रांझी निवासी श्री कुंदन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती माहेश्वरी सिंह (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती चंद्र किशोरी ओझा-** बोस कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री शिव कुमार ओझा की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्र किशोरी ओझा (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश कुमार रजक-** संस्कार कॉलोनी न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री बसंत राम रजक के पुत्र श्री राकेश कुमार रजक (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्कवायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x5 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x5 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप

### शिक्षक बसंत पंचमी से मनाएंगे विद्यालय दिवस

**भोपाल।** शिक्षक संदर्भ समूह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लेकर अहम पहल की है। जिसके तहत 2 फरवरी (बसंत पंचमी) से 26 फरवरी तक समूह विद्यालय दिवस का आयोजन करेगा। शिक्षक संदर्भ समूह के संस्थापक समन्वयक डॉ. दामोदर जैन ने बताया कि कार्यक्रम के तहत स्कूलों में विद्यार्थियों के पालकों को आमंत्रित किया जाएगा, जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विस्तृत चर्चा होगी। विद्यार्थियों द्वारा निर्मित विभिन्न कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी और छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### श्री पशुपतिनाथ मंदिर में मोदी की मन की बात का आयोजन

**भोपाल।** श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर गोविंदपुरा में रविवार सुबह 11 बजे 11 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग सहित नेपाली समाज के लोग मन की बात सुनेंगे।

### दिल्ली चुनाव में डॉ.मिश्रा को मिली जिम्मेदारी

**भोपाल।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की एंट्री हो गई है। पार्टी ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए दक्षिण दिल्ली कि विधानसभा सीटों पर सक्रिय कर दिया है। शनिवार को डॉ. मिश्रा ने पालम विधानसभा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की व आगे की रणनीति पर मंथन किया। डॉ. मिश्रा ने बैठक में जीत का मंत्र देते हुए कहा कि परिश्रम सफलता की कुंजी है। दिल्ली की जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है, आपको बस इस मन को आप व कांग्रेस के झूठे वादों व बयानों से भ्रमित नहीं होने देना है। इस बार दिल्ली में सरकार भाजपा की ही बनेगी। बैठक में पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, हरियाणा के पूर्व मंत्री कैलाश, पालम विधानसभा के पूर्व विधायक बर्म देवसौलंकी सहित अन्य उपस्थित थे।

### इंदौर: थानों में साइबर हेल्प डेस्क ट्रेनिंग टीम

**भोपाल।** वर्तमान के बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए इन्दौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। साइबर अपराधों की शिकायतों में आवेदक को थाने में ही उचित समाधान मिल सकें व उसे इधर-उधर न भटकना पड़े, इसी बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर संतोष कुमार सिंह द्वारा थाना स्तर पर साइबर अपराधों के लिए दक्ष पुलिस कर्मी हो, इसके लिए एक विशेष ट्रेनिंग की कार्ययोजना तैयार करवाई गई है। जिसके तहत नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक थाने से कुछ पुलिस कर्मियों को साइबर अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण की शुरूआत अति. पुलिस आयुक्त अपराध/मुख्यालय मनोज कुमार श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति में की गई, जिसमें नगरीय क्षेत्र के सभी थानों से आरक्षक से उप निरीक्षक स्तर के करीब 80 पुलिस कर्मियों को ट्रेनिंग दी जाएगी।

# संपत्ति कार्ड से मिला लोन, डेयरी फार्म किया शुरू, परिवार की स्थिति हुई सुदृढ़

## प्रधानमंत्री मोदी ने सीहोर के मनोहर मेवाड़ा से किया संवाद, स्वामित्व योजना से आए परिवर्तन को जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत सम्पत्ति कार्ड के ई-वितरण कार्यक्रम में सीहोर जिले की ग्राम पंचायत पीपलिया मीरा के हितग्राही मनोहर मेवाड़ा से वर्चुअल संवाद किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने मनोहर से स्वामित्व योजना में मिले सम्पत्ति कार्ड से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी ली। हितग्राही मनोहर ने बताया कि जब उनके पास अपनी जमीन का कोई कागज नहीं था। तब कोई भी बैंक हमें लोन नहीं देता था। स्वामित्व योजना में सम्पत्ति कार्ड मिल जाने से हमें आसानी से 10 लाख का लोन मिल गया। लोन से हमने डेयरी फार्म शुरू किया, जिसमें 5 गाय और एक भैंस है।

प्रतिमाह 30 हजार रुपए की आमदनी हो रही है, जिसमें 16 हजार रुपए नियमित रूप से बैंक की किस्त भी जमा कर रहे हैं। डेयरी फार्म में मेरा परिवार भी सहयोग कर रहा है। खेती के साथ पशुपालन से होने वाली आय हमारे परिवार के लिए लाभप्रद हो रही हैं।





### पीएम बोले- मुझे खुशी है आपके जीवन की मुश्किलें कम हुई

प्रधानमंत्री मोदी ने हितग्राही मनोहर का अनुभव सुन कर कहा कि मुझे खुशी है कि स्वामित्व योजना से आपके जीवन की मुश्किलें कम हुई हैं। मुझे यह देख कर अच्छा लगा कि केन्द्र सरकार की स्वामित्व जैसी योजनाओं से आप जैसे लाखों लोगों की आमदनी बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि देश के हर नागरिक का शीश गर्व से ऊंचा रहे और उसके जीवन में सुगमता आए। प्रधानमंत्री मोदी ने मनोहर मेवाड़ा से कहा कि वे अपने गांव के अन्य हितग्राहियों को भी स्वामित्व योजना के लाभ से अवगत कराएं।

कोरबा के तिलकेजा के कलमीभाठा का मामला

# अवैध कच्ची महुआ शराब पर फूटा महिलाओं का गुस्सा

◆ *अवैध शराब निर्माण स्थल पर जताया रोष*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के आदर्श ग्राम पंचायत तिलकेजा के कलमीभाठा मोहल्ला में बनाई और बेची जा रही अवैध कच्ची महुआ शराब पर स्व सहायता समूह की महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। उरगा पुलिस को सूचना देने के बाद महिलाओं ने अवैध शराब निर्माण स्थल पर धावा बोला।

इनके सुरक्षार्थ उरगा पुलिस मौके पर मौजूद रही। महिलाओं ने दर्जनों जरीकेनों को इकट्ठा कर आग लगा दी। महुआ पास को नष्ट किया गया। अवैध शराब बनाने वाले महिलाओं का आक्रोश देखकर भाग निकले। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि गांव में अवैध शराब बनाने और बेचने नहीं दिया जाएगा। क्योंकि बच्चे नशे के आदी हो रहे हैं और गांव झगड़े का माहौल निर्मित होते रहता है। आबकारी विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता। पिछले दिनों महिलाओं ने विधायक फूल सिंह राठिया को ज्ञापन भी सौंपा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि काफी लंबे समय से महुआ शराब की खरीदी बिक्री चल रही है। इससे गांव का माहौल भी खराब हो रहा है। बच्चों से लेकर बड़े महुआ शराब पीकर आए दिन घर में मारपीट गाली-गलौज जैसी घटना को अंजाम दे रहे हैं।

पूरा गांव महुआ शराब की बिक्री से परेशान है। कई बार गांव में बैठक कर महुआ शराब बनाने वाले लोगों पर कार्रवाई को लेकर पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधि को भी अवगत कराया जा चुका है। लेकिन उसके बावजूद भी किसी तरह का अंकुश नहीं लग पा रहा है। मजबूर होकर आज उन्हें खुद इसके खिलाफ उतरना पड़ा।

स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों को संपत्ति अधिकार पत्रों के वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा

# पानी की एक-एक बूंद का उपयोग कर किसानों को बनाएंगे खुशहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसान कल्याण अंतर्गत खेती को लाभ का धंधा बनाया जाएगा, खेतों में सिंचाई की क्षमता बढ़ाई जाएगी। हर खेत में पानी पहुंचाने का काम किया जाएगा और हर हाथ को काम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पारस पत्थर से सोना बनता है या नहीं यह तो पता नहीं लेकिन सूखे खेतों में पानी पहुंचने से अवश्य ही सोने रूपी फसल तैयार होंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सिवनी में स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों को संपत्ति अधिकार पत्रों के वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर खेत में माइक्रोलिफ्ट ऐरिगेशन के माध्यम से पानी पहुंचाया जाएगा और पानी की एक-एक बूंद का उपयोग कर किसानों को खुशहाल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2003-04 में प्रदेश में सिर्फ 7 लाख हेक्टेयर में ही सिंचाई होती थी, अब 48 लाख हेक्टेयर से अधिक सिंचाई का रकबा हो गया है। आने वाले 5 सालों में एक करोड़ हेक्टेयर कृषि रकबे को सिंचित करने का लक्ष्य है।

### प्रदेश में बहेगी विकास की गंगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सुशासन के साथ नागरिक सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। प्रदेश के विकास केलिए लगातार कल्याणकारी योजनाऐं क्रियान्वित की जा रही है, जिनके माध्यम से प्रदेश में विकास की गंगा बहेगी। सरकार लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, अटल पेंशन योजना, किसान सम्मान निधि योजना, भू-स्वामित्व अधिकार योजना के साथ अन्य कल्याणकारी योजनाऐं चलाकर जनकल्याण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

### 2003-04 में मप्र में 7 लाख हेक्टेयर में ही सिंचाई होती थी, अब 48 लाख हेक्टेयर से ज्यादा रकबा



### धनौरा में बनेगा महाविद्यालय, लोकार्पण व भूमिपूजन भी किया



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 190 करोड़ के 72 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। उन्होंने कहा कि धनौरा में शासकीय महाविद्यालय बनाया जाएगा। संजय सरोवर भीमगढ़ में फ्लोटिंग सोलर पैनल स्थापित किए जाएंगे। कांचना मंडी में नहर प्रणाली के कार्य को पूरा कराया जाएगा। सिवनी में इसी वर्ष गो-शाला बनाई जाएगी, जिसमें निराश्रित गायों को संरक्षित किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज के सेकण्ड फेस का कार्य शुरू किया जाएगा। इस मौके पर विधायकों ने मुख्यमंत्री के समक्ष कई प्रस्ताव रखे। मुख्यमंत्री ने विकास परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई।

### गांव-गांव परिवहन के लिए बसें चलाने की व्यवस्था

*मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात की सुविधाओं का विस्तार करते हुए अब गांव-गांव परिवहन के लिए बसें चलाने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार काम कर रही है। रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती के अवसर पर जबलपुर व संग्रामपुर में कैबिनेट की बैठकें कर उन्हें सम्मान दिया गया। रानी अहिल्या बाई की 300 वीं जयंती के दृष्टिगत आने वाले समय में सुशासन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय होंगे। दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मप्र सरकार का नवाचार है कि गौ-पालकों को अनुदान की राशि देने के साथ दूध उत्पादन पर बोनस भी दिया जाएगा। गौ-पालन के प्रोत्साहन के लिए सरकार हर संभव प्रयास करेगी। किसानों को धान का बोनस खेत की फसलों के ड्रोन सर्वे के आधार पर दिया जाएगा।*

### श्रीकृष्ण जहां-जहां गए, वहां-वहां बनेंगे तीर्थ स्थल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अयोध्या में 500 साल बाद भगवान श्रीराम जिस प्रकार विराजमान हुए, उसी प्रकार प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण ने जहां-जहां गमन किया, वहां-वहां तीर्थ स्थल बनाए जाएंगे।

### जिला स्तर पर भी करेंगे इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने फरवरी 2025 में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पूर्व 7 स्थानों पर रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव की हैं, संभागीय इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के बाद हम जिला स्तर पर भी कॉन्क्लेव करेंगे।

अरेतरा लेमरू मार्ग पर स्थित कॉफी पॉइंट का मामला

# युवक-युवती पर अज्ञात लोगों ने किया हमला, गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



अरेतरा लेमरू मार्ग पर स्थित कॉफी प्वाइंट में कोरबा जिले के एक युवक और युवती पर अज्ञात लोगों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पिकनिक मनाने गए लोगों को जब इस बारे में जानकारी हुई तो उन्होंने पर डायल 112 को सूचना दी। पीड़ितों को कोरबा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जिला मुख्यालय कोरबा से 22 किलोमीटर दूर स्थित कॉफी प्वाइंट वन विभाग के द्वारा विकसित किया गया। एक टूरिस्ट पॉइंट है, जहां पर पार्टी के लिए आसपास से लोग पहुंचते हैं। इसी कड़ी में स्कूटी से एक युवक और युवती पहुंचे हुए थे, जिनके साथ अज्ञात लोगों ने मारपीट की और फिर अधमरा कर छोड़ दिया। जिला मेडिकल में पदस्थ सुरक्षा कर्मी संजीवनी नायर ने बताया कि वो अपने परिवार के साथ घूमने गई हुई थी।

इस दौरान दोनों सड़क किनारे खून से लहूलुहान पड़े हुए मिले। दोनों बात करने की स्थिति में नहीं थे। दोनों के सिर आंख और हाथ मे चोंटे आई हैं। 112 की मदद से जिला मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

वन विभाग के दो दिन मंथन सत्र का समापन

# नगर वनों की तरह ही ग्राम वनों का भी होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वन विभाग की ओर से अपेक्स बैंक भोपाल के सभागृह में शनिवार को आयोजित मंथन सत्र में ईको पर्यटन नियम, राज्य वन अनुसंधान संस्थान को सुदृढ़ करने और राष्ट्रीय उद्यान एवं टाइगर रिजर्व का प्रजेंटेशन हुआ। वन मंथन में प्रदेश के कृषकों की निजी भूमि पर बांस रोपण को प्रोत्साहित करने की प्रक्रिया का सरलीकरण करने पर विचार-विमर्श हुआ।

वन समितियों के माध्यम से वन विकास अभिकरण का उपयोग कर राशि के उपयोग को पुनर्जीवित किए जाने पर विचार किया गया। ट्री-आउटसाइड फॉरेस्ट को बढ़ावा देने के लिए कार्य-योजना बनाई गई। इसमें नगर वनों की तरह ही ग्राम



पंचायतों के लिए भी ग्राम वनों का विकास करने की रणनीति तैयार की गई। प्रदेश में वन एवं वन्य-जीवों के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए राज्य वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर का सुदृढ़ीकरण का निर्णय लिया गया। वन मंथन के समापन सत्र में अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव और वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

ईडी को नवोदय अस्पताल के छापे में तय सीमा से अधिक लेन-देन के मिले सबूत

# सौरभ की ब्लैक मनी अस्पताल के जरिए की जा रही थी 'व्हाइट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रवर्तन निदेशालय ईडी की टीम ने सौरभ शर्मा के करीबी डॉ. श्याम अग्रवाल के 4 ठिकानों पर शुक्रवार को छापा मारा था। इस दौरान ईडी की टीम ने बडी मात्रा में घर और अस्पताल से रिकार्ड जब्त किया था। वहीं टीम को प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट के संबंध में भी कुछ दस्तावेज मिले थे। हालांकि अभी तक ईडी ने नगदी और वित्तीय लेन-देन के दस्तावेजों के संबंध में विस्तृत खुलासा नहीं किया है, लेकिन छापे के दूसरे दिन ईडी के अफसर इन दस्तावेजों का आंकलन करते रहे।

ईडी सूत्रों की माने तो इस मामले में खुलासा हुआ है कि सौरभ शर्मा की ब्लैक मनी अग्रवाल द्वारा संचालित नवोदय अस्पताल में लगी है। नवोदय अस्पताल एमपी नगर ओर इंद्रपुरी में संचालित हो रहे है। इन अस्पतालों में निवेश के जरिए ब्लैक मनी को व्हाइट किया जा रहा था। साथ ही नगदी लेन-देन की तय सीमा का भी उल्लघंन किया गया है। ईडी की एक टीम बैंक के खातों की भी जांच कर रही है। इसके अलावा उनके आय के अन्य स्त्रोतों की भी जांच शुरू कर दी गई ह्रै। ईडी की इस कार्रवाई में नवोदय अस्पताल के संचालक डॉ. अग्रवाल बुरी तरह से उलझ सकते हैं।

### केके अरोरा गायब, बैंगलुरु में होने की सूचना

*ईडी के भोपाल और ग्वालियर के छापे की लिंक उसी समय मिल गई थी जब उसने सौरभ शर्मा और उसके करीब शरद जायसवाल के ठिकानों पर छापा मारा था। इसके अलावा ईडी की टीम ने शुक्रवार को ग्वालियर में पूर्व रजिस्टार केके अरोरा के मुरार स्थित घर पर भी दबिश दी थी। अरोरा गायब थे। इस दौरान सीआरपीएफ की मौजूदगी में चाबी बनाने वाले को बुला गया और इसके बाद डुप्लीकेट चाबी से ताला खोलकर सर्चिंग की गई। इस दौरान ईडी की टीम ने प्रॉपर्टी के दस्तावेजों के साथ गोल्ड और सिल्वर भी जब्त किया है। कितनी मात्रा में जब्ती हुई है यहां भी खुलासा नहीं किया है। फिलहाल केके अरोरा गायब है उनके आने के बाद ईडी पूछताछ करेगी। अभी किराएदारों के बयान भी लिए गए है। उन्होंने उनके बैंगलुर में होने की बात कही है। यहां भी सौरभ शर्मा का लिंक मिला है।*

संदेही को मुंबई पुलिस दुर्ग रेलवे स्टेशन में छोड़कर खाली हाथ वापस मुंबई लौटी, मुम्बई पुलिस कर रही केस की जांच

# सैफ पर हमले के संदिग्ध को पूछताछ के बाद छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमले मामले में छत्तीसगढ़ की रेलवे पुलिस फोर्स जिस संदिग्ध व्यक्ति को दुर्ग रेलवे स्टेशन से हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी, उसे अब छोड़ दिया गया है। 18 जनवरी की शाम से रातभर तमाशे के बाद हमले के संदेही को मुंबई पुलिस दुर्ग रेलवे स्टेशन में छोड़कर खाली हाथ वापस मुंबई लौट गई।

गौरतलब है कि मुंबई पुलिस अपने इंटेलिजेंस के दम पर दुर्ग आरपीएफ को फोटो भेजकर संदिग्ध के शालीमार-ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस में होने की सूचना दी थी। इस आधार पर ही दुर्ग आरपीएफ ने संदिग्ध व्यक्ति आकाश कैलाश कनौजिया को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। यहां तक की आरपीएफ ने संदिग्ध की फोटो वाट्सएप से दोबारा मुंबई पुलिस को भेजकर शिनाख्ती भी करवाई। इस पर मुंबई पुलिस ने संदिग्ध की फोटो सही होने की जानकारी दी। रात 8 बजे रायपुर एयरपोर्ट माना में आने की बात भी कही। इसके बाद संदिग्ध को आरपीएफ चौकी में बैठाकर रखा गया था। 'तस्वीर की पहचान के बाद ही आरोपी को हिरासत में लिया'

### हमने मामला डिक्लीयर नहीं किया-बांद्रा पुलिस

इससे पहले मुंबई पुलिस संदेही आकाश कैलाश कनौजिया को अपने साथ गाड़ी में बैठाकर आरपीएफ पोस्ट से बाहर ले गई। देर रात तक मामले में गहन पूछताछ भी की। बांद्रा क्राइम ब्रांच के सब इंस्पेक्टर प्रदीप फुंडे ने कहा कि पूछताछ की प्रक्रिया पूरा कर ली गई है। उन्होंने संदेही को मुंबई न ले जाकर छोड़ने की बात कही। संदिग्ध की फोटो मुंबई पुलिस की ओर से जारी करने और क्या इस मामले में गलती हुई है, आदि सवालों पर उन्होंने कहा कि आरोपी से पूछताछ की गई। किसी प्रकार की गलती नहीं हुई है। संदिग्ध के आधार पर पकड़ा गया था। उलटे मीडिया पर ही बरसते हुए फुंडे ने कहा कि हमने इस मामले में संदिग्ध को डिक्लीयर नहीं किया था, हमने पहले ही कहा था कि हमें जांच पड़ताल करने दीजिये। जो संदिग्ध लगेगा उसकी जांच तो करेंगे ही। संदेही का फोटा हमने वायरल नहीं किया है। मीडिया ने ही फोटो वायरल की है। जब संदिग्ध आरोपी नहीं है तो उसके ट्रांजिट रिमांड पर लेने की बात ही नहीं है।



### दुर्ग पुलिस का काम उसे पकड़ने तक का था



इस संबंध में दुर्ग आरपीएफ प्रभारी संजीव सिन्हा ने मीडिया के सामने चर्चा में कहा था कि मुंबई पुलिस की ओर से भेजे गये तस्वीर की पहचान के बाद ही आरोपी को हिरासत में लिया गया है। इस संबंध में बाकी की जांच-पड़ताल करने के लिये मुंबई पुलिस रायपुर एयरपोर्ट आकर इन्वेस्टीगेट कर रही है। मुंबई पुलिस ही मामले की छानबीन करेगी। हम इसमें कुछ नहीं कर सकते। हमें केवल हिरासत में लेने के लिये कहा गया था।

### संदिग्ध ने कहा मैं निर्दोष हूं



*वहीं मीडिया से चर्चा में आकाश कनौजिया ने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। मुझे पूछताछ के लिए यहां लाया गया था और अब मुझे रिहा कर दिया गया है। मैं आरोपी नहीं हूं। वो हमलावर मेरे जैसा दिख रहा था, इसलिये मुझे ही पकड़ लिया गया पर वो मैं नहीं हूं।*

# देश की पहली सोलर कार 'वेव मोबिलिटी' लांच, सिर्फ 80 पैसे में दौड़ेगी एक किमी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश की कार इंडस्ट्री में तेजी से परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। एक तरफ जहां इलेक्ट्रिक कारों में इनोवेशन देखने को मिल रहा है। तो अब भारतीय बाजार में सोलर कार की एंट्री हो चुकी है। दरअसल, भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 इवेंट में पुणे बेस्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल स्टार्ट-अप कंपनी वेव मोबिलिटी ने देश की पहली सोलर पावर्ड कार 'वेव इवा' को लांच कर दिया।

- कार सिंगल चार्ज पर 250 किलोमीटर तक दौड़ेगी

तीन मीटर से भी छोटी इस इलेक्ट्रिक कार की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत सिर्फ 3.25 लाख रुपए है। कंपनी का दावा है कि ये कार सिंगल चार्ज पर 250 किमी तक दौड़ जाएगी। बात करें 'वेव इवा' सोलर कार के डिजाइन की तो इसमें इसमें जो सोलर पैनल दिया गया है उसे कार के सनरूफ की जगह पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे 1 किमी चलने का खर्च सिर्फ 80 पैसे है।

## तीन मीटर से छोटी इस सोलर ईवी कार की शुरुआती कीमत 3.25 लाख रुपए

### 45 मिनिट में फुल चार्ज हो जाएगी

कार में 18केडबल्यूऐच का लीथियम-ऑयन बैटरी पैक दिया है। इसमें लिक्विड कूल्ड इलेक्ट्रिक मोटर का इस्तेमाल किया गया है जो 12केडब्ल्यू का पावर और 40 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। कंपनी का दावा है कि ये कार सिंगल चार्ज में 250 किमी तक का ड्राइविंग रेंज देती है। इसमें जो सोलर पैनल दिया गया है उसे कार के सनरूफ की जगह पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे 1 किमी तक जाने का खर्च 80 पैसे है। ये 5 सेकेंड में ही 0 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार पकड़ सकती है। वहीं, इसे फुल चार्ज होने में सिर्फ 45 मिनिट का वक्त लगेगा।




### एपल-एंड्रॉयड वाला सिस्टम मिलेगा

कार के अंदर इसमें एसी के साथ एप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो कनेक्टिविटी सिस्टम दिया गया है। इसकी लंबाई 3060 एमएम, चौड़ाई 1150 एमएम, उंचाई 159 एमएम और 170 एमएम का ग्राउंड क्लीयरेंस दिया गया है। इस कार के फ्रंट में इंडिपेंडेंट कोल स्प्रिंग सस्पेंशन और पीछे की तरफ डुअल शॉक सस्पेंशन दिया गया है। इसके फ्रंट में डिस्क ब्रेक और रियर व्हील में ड्रम ब्रेक्स मिलते हैं। इलेक्ट्रिक पावर स्टीयरिंग से लैस इस कार का टर्निंग रेडियस 3.9 मीटर है। रियर व्हील ड्राइव वाली इस कार की टॉप स्पीड 70 किमी है।

### फ्रंट में सिंगल सीट

कंपनी का ये भी दावा है कि ये देश की पहली सोलर पॉवर्ड इलेक्ट्रिक कार है। इसके फ्रंट में सिंगल सीट और रियर में थोड़ी चौड़ी सीट दी है। जिस पर एक एडल्ट के साथ बच्चा बैठ पाएगा। इसकी ड्राइविंग सीट को 6 तरह से एडजेस्ट किया जा सकता है। इसके अलावा कार में पैनरोमिक सनरूफ दिया गया है। इसमें रिवर्स पार्किंग कैमरा भी दिया है।

## खबर संक्षेप

### एसबीआई लाइफ के मुनाफे में 17 प्रतिशत का इजाफा


**नई दिल्ली।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 71 प्रतिशत बढ़कर 551 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 322 करोड़ रुपये रहा था। एसबीआई द्वारा जीवन बीमा कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि नए प्रीमियम और नवीनीकरण प्रीमियम में वृद्धि से मुनाफे में सुधार हुआ है।

### टेक महिंद्रा का शुद्ध लाभ 89 फीसदी बढ़ा




**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा प्रदाता कंपनी टेक महिंद्रा का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 89 प्रतिशत बढ़कर 989 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 524 करोड़ रुपये रहा था। 1.4 प्रतिशत बढ़कर 13,286 करोड़ रुपये हो गई।

### इंडियन होटल्स का लाभ बढ़कर हुआ 29 प्रतिशत




**नई दिल्ली।** टाटा समूह की इंडियन होटल्स कंपनी लि. (आईएचसीएल) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 29 प्रतिशत बढ़कर 582.32 करोड़ रुपये रहा। कुल आय समीक्षाधीन तिमाही में 29 प्रतिशत बढ़कर 2,592 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्तवर्ष 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 2,003.64 करोड़ रुपये थी।

### जियो फाइनेंशियल का लाभ 295 करोड़ रुपए पर स्थिर




**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ दिसंबर 2024 को समाप्त तीसरी 295 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 294 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### आयात शुल्क में कटौती से तेल-तिलहन में गिरावट



**नई दिल्ली।** विदेशों बाजारों में खाद्य तेलों का भाव टूटने तथा देश में आयात शुल्क मूल्य घटाये जाने के कारण बीते सप्ताह अधिकांश खाद्य तेल-तिलहनों के दाम हानि दर्शाते बंद हुए। इस दौरान सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन के दाम हानि दर्शाते बंद हुए।

### पूंजीकरण में इंफोसिस व टीसीएस को बड़ा नुकसान




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1.71 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनियों इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 759.58 अंक या 0.98 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 228.3 अंक या 0.97 प्रतिशत टूटा।

## डेलॉयट इंडिया के विशेषज्ञों ने दिया सुझाव

# विनिर्माण को प्रोत्साहन के लिए कच्चे माल पर सीमा शुल्क घटाए सरकार

*सरकार को स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए आगामी बजट में चिकित्सा उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और जूता-चप्पल (फुटवियर) उद्योग में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल (इनपुट) पर सीमा शुल्क में कटौती करनी चाहिए। कर विशेषज्ञों ने यह सुझाव दिया है।*

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

डेलॉयट इंडिया के भागीदार (अप्रत्यक्ष कर) हरप्रीत सिंह ने कहा कि एक फरवरी को संसद में पेश किए जाने वाले 2025-26 के बजट से सीमा शुल्क पक्ष की प्रमुख मांगें दरों को युक्तिसंगत बनाने, व्यवस्था को सरल करने और मुकदमेबाजी और विवाद प्रबंधन की होंगी।

सिंह ने कहा, ''चरणबद्ध विनिर्माण योजना की तर्ज पर हम इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरणों, स्वास्थ्य सेवा उत्पादों और फार्मास्युटिकल्स में कच्चे माल में कुछ शुल्क कटौती की उम्मीद करते हैं। ये ऐसे उद्योग हैं जहां सरकार विनिर्माण के मामले में प्रोत्साहन देना चाहती है।''

### जुलाई 2024 के बजट में युक्तिकरण पर कहा गया था

जुलाई, 2024 में पेश बजट में घोषित प्रस्तावित सीमा शुल्क युक्तिकरण पर सिंह ने कहा कि जिन क्षेत्रों में करों को तर्कसंगत किया जा सकता है उनमें स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा उपकरण विनिर्माण, रेफ्रिजरेटर, एसी जैसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, जूते और खिलौने शामिल हैं।



### अलग-अलग स्लैब आ सकते हैं

प्राइस वॉटरहाउस एंड कंपनी एलएलपी के प्रबंध निदेशक अनुराग सहगल ने कहा, ''सरकार विभिन्न उत्पादों के लिए अलग-अलग स्लैब ला सकती है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि वह मूल्य श्रृंखला में कहां स्थित है। वस्तुओं को मूल्य वर्धित/प्राथमिक और कच्चे माल/मध्यवर्ती के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है, और उसी के अनुरूप स्लैब तय किए जा सकते हैं।''

### स्लैब को घटाकर चार या पांच किया जाए

वर्गीकरण विवादों को कम करने के लिए, बजट ने सीमा शुल्क दरों की समीक्षा की घोषणा की थी। वर्तमान में, एक दर्जन से अधिक सीमा शुल्क दरें हैं, और सरकार दर स्लैब की संख्या को घटाकर चार या पांच करने पर विचार कर रही है।

- सरकार दरों को युक्तिसंगत बनाए
- स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा उपकरण, फ्रिज, जूते पर कर तर्क संगत करे
- वर्तमान में, एक दर्जन से अधिक सीमा शुल्क दरें हैं

### ढांचे को सरल करने की मांग उठी

नांगिया एंडरसन एलएलपी के कार्यकारी निदेशक-अप्रत्यक्ष कर शिवकुमार रामजी ने कहा कि दरों की बहुलता को कम करने के लिए सीमा शुल्क ढांचे को सरल करने की मांग उठ रही है। इसके अलावा उलट शुल्क ढांचे को भी दुरुस्त करने की जरूरत है। इसके साथ ही, स्पष्टीकरण और दरों को सुसंगत कर वर्गीकरण विवादों को कम करने की जरूरत है।

### सीमा शुल्क विवादों में 50 हजार करोड़ फंसे

ग्रांट थॉर्नटन भारत के भागीदार मनोज मिश्रा ने कहा कि सीमा शुल्क विवादों में करीब 50,000 करोड़ रुपये फंसे हुए हैं और माफी योजना से विवाद निपटाने में मदद मिलेगी।

# विप्रो अगले वित्त वर्ष में करेगी 12,000 छात्रों की नियुक्ति

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश की चौथी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी विप्रो को अगले वित्त वर्ष 2025-26 में 10,000-12,000 छात्रों की भर्ती की उम्मीद है। विप्रो ने शुक्रवार को अपने दिसंबर तिमाही के आंकड़ों की घोषणा की।

कंपनी ने अमेरिका में एच-1बी वीजा व्यवस्था में होने वाले बदलावों के बारे में किसी भी चिंता को कम करने की कोशिश करते हुए कहा कि उसके कर्मचारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अमेरिका में स्थानीय है। विप्रो के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सौरभ गोविल ने कंपनी के तिमाही आंकड़ों की घोषणा करते हुए कहा, "हम बड़ी संख्या में लोगों को नियुक्त कर रहे हैं... जो अमेरिका में स्थानीय हैं और आज अमेरिका में हमारे कर्मचारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा स्थानीय है... हमारे पास एच-1बी वीजा का अच्छा भंडार है, इसलिए हम जब भी आवश्यकता होगी लोगों को स्थानांतरित कर सकते हैं... यदि मांग बढ़ती है, तो आपूर्ति पक्ष हमारे लिए बाधा नहीं बनेगा।" विप्रो के कर्मचारियों की संख्या में चालू वित्त वर्ष (2024-25) की तीसरी तिमाही में 1,157 की कमी आई। वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कर्मचारियों की संख्या 2,32,732 रही, जबकि जुलाई-सितंबर तिमाही में यह 2,33,889 और वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर तिमाही में 2,39,655 थी।

- कंपनी के अधिकांश कर्मचारी अमेरिका में स्थानीय
- हमारे पास एच-1बी वीजा का अच्छा भंडार है

### कंपनी हर तिमाही में 3000 फ्रेशर करेगी शामिल

गोविल ने कहा कि कंपनी ने अपने सभी लंबित प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया है। कंपनी हर तिमाही में 2,500-3,000 'फ्रेशर्स' को शामिल करना जारी रखेगी। इसका मतलब है कि हर वित्त वर्ष में 10,000-12,000 'फ्रेशर्स' को शामिल किया जाएगा।

# सप्ताह में 90 घंटे काम करना मुश्किल : भारतपे सीईओ

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



भारत में 90 घंटे के कार्य सप्ताह को लेकर चल रही बहस के बीच वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी भारतपे के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नलिन नेगी ने कहा है कि जब कार्यस्थल पर कर्मचारियों के परिणामों और उत्पादकता को मापने की बात आती है तो गुणवत्ता अधिक मायने रखती है, न कि लंबे समय तक काम करना।

नेगी ने इस बात पर जोर दिया कि भारतपे में हम काम के घंटों को लेकर अधिक अपेक्षाएं नहीं रखते हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कॉरपोरेट भारत में काम के घंटों को लेकर बहस छिड़ी हुई है। इससे पहले, बुनियादी ढांचा एवं निर्माण कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यन ने रविवार को कर्मचारियों से काम न करा पाने पर खेद व्यक्त किया था। नेगी ने कहा कि काम की गुणवत्ता 'सबसे पहले' है, न कि घंटों की संख्या। नेगी ने कहा, "90 घंटे काम करना काफी कठिन होता है। इसलिए मैं कहूंगा कि यह गुणवत्ता के बारे में है... गुणवत्ता मायने रखती है। भारतपे के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि कार्य और व्यक्तिगत जीवन में संतुलन को लेकर बहस हमेशा से होती रही है और एक युवा संगठन के रूप में भारतपे का लक्ष्य एक आरामदायक और सक्षम वातावरण प्रदान करना है, जहां कर्मचारी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।

- गुणवत्ता रखती है अधिक मायने
- हम काम के घंटों को लेकर अधिक अपेक्षाएं नहीं रखते

### कई उद्योगपति नाराजगी जता चुके

एलएंडटी के चेयरमैन के सप्ताह में 90 घंटे काम करने के सुझाव को लेकर सोशल मीडिया पर कई लोगों ने नाराजगी जताई है। विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों ने भी इसपर अपनी राय जताई है। आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने इसको लेकर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा था, "मैं कड़ी मेहनत और समझदारी से काम करने में विश्वास करता हूं।

## अदाणी एनर्जी के पास ऑर्डर बढ़कर 54,700 करोड़ रुपए ...





**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी बिजली पारेषण और वितरण कंपनी अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने दो नई पारेषण परियोजनाएं हासिल की हैं। इसके साथ ही कंपनी की ऑर्डर बुक बढ़कर 54,700 करोड़ रुपये हो गई है। यह चालू वित्त वर्ष (2024-25) की शुरुआत में मिले ऑर्डर से तीन गुना से भी अधिक है। निवेश बैंकिंग कंपनी जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि अदाणी एनर्जी ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में, राजस्थान में अक्षय ऊर्जा पार्क से संबंधित 28,455 करोड़ रुपये की दो नई पारेषण परियोजनाएं हासिल कीं। इनमें 25,000 करोड़ रुपये की भादला-फतेहपुर एचवीडीसी परियोजना शामिल है, जो एईएसएल का अबतक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। इन ऑर्डर ने टीबीसीबी (शुल्क-आधारित प्रतिस्पर्धी बोली) में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी को दूसरी तिमाही के 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 24 प्रतिशत कर दिया है।

# सेम्बकॉर्प ओडिशा में हरित हाइड्रोजन संयंत्र लगाएगी

- अनुमानित उत्पादन क्षमता 7,20,000 टन सालाना होगी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




ओडिशा में हरित हाइड्रोजन उत्पादन सुविधा स्थापित करने की संभावना तलाशने के मकसद से सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज ने प्रदेश सरकार के साथ दो गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। कंपनी ने एक बयान में कहा कि सेम्बकॉर्प की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनियों- सेम्बकॉर्प ग्रीन हाइड्रोजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसजीएचआईपीएल) और सेम्बकॉर्प डेवलपमेंट लिमिटेड ने सिंगापुर के परिवहन मंत्री और दूसरे वित्तमंत्री ची होंग टाट और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की उपस्थिति में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।

बयान में कहा गया है, ओडिशा औद्योगिक संवर्धन और निवेश निगम लिमिटेड के साथ हस्ताक्षरित एमओयू के तहत, एसजीएचआईपीएल हरित हाइड्रोजन और इसके डेरिवेटिव के लिए एक उत्पादन सुविधा के विकास की संभावना तलाशेगी, जिसकी अनुमानित उत्पादन क्षमता 7,20,000 टन सालाना होगी।

# कंपनियों के नतीजे, ट्रंप की घोषणाओं से चलेगा बाजार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों, डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करने के बाद की घोषणाओं और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। ट्रंप सोमवार को दूसरे कार्यकाल के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। सप्ताह के दौरान भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल), एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, डॉ रेड्डीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील और आईसीआईसीआई बैंक सहित कई बड़ी कंपनियां अपने दिसंबर तिमाही के नतीजों की घोषणा करेंगी। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के बीच का संघर्ष भी बाजार की जटिलता को और बढ़ा रहा है।




- एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक के आएंगे नतीजे

### बाजार में बना रहेगा उतार-चढ़ाव

विशेषज्ञों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख-संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, तीसरी तिमाही के लिए नतीजों का सिलसिला जारी है। ऐसे में घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहेगा।

# सभी खातों और लॉकरों के लिए 'नॉमिनी' सुनिश्चित करें बैंक

एजेंसी ▸▸| मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों से कहा कि वे नए और सभी मौजूदा ग्राहकों के जमा खातों तथा सुरक्षा लॉकरों में नामित (नॉमिनी) सुनिश्चित करें। केंद्रीय बैंक ने कहा कि बड़ी संख्या में खातों में व्यक्ति नामित नहीं हैं।

नामांकन सुविधा का उद्देश्य जमाकर्ता/जमाकर्ताओं की मृत्यु पर परिवार के सदस्यों की कठिनाई को कम करना तथा दावों का शीघ्र निपटान करना है। हालांकि, केंद्रीय बैंक के परिपत्र के अनुसार, रिजर्व बैंक के आकलन के आधार पर यह पाया गया है कि बड़ी संख्या में जमा खातों में नामित उपलब्ध नहीं हैं। इसने कहा, "मृत जमाकर्ताओं के परिवार के सदस्यों को असुविधा और अनावश्यक कठिनाई से बचाने के लिए हम सभी मौजूदा और नए ग्राहकों के लिए नामित व्यक्ति का नाम प्राप्त करने की आवश्यकता पर जोर देते हैं, जिनके पास जमा खाते, सुरक्षित अभिरक्षा लेख और सुरक्षा लॉकर हैं।" आरबीआई ने कहा कि निदेशक मंडल की ग्राहक सेवा समिति (सीएससी) को नामांकन कवरेज की उपलब्धि की निश्चित अवधि पर समीक्षा करनी चाहिए।

- आरबीआई ने सभी बैंकों से कहा
- बड़ी संख्या में खातों में व्यक्ति नामित नहीं

इस संबंध में प्रगति रिपोर्ट 31 मार्च, 2025 से शुरू होकर तिमाही आधार पर रिजर्व बैंक के दक्ष पोर्टल पर दी जानी चाहिए। परिपत्र में कहा गया है कि इसके अलावा, शाखाओं में अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को नामित प्राप्त करने के साथ-साथ मृतक घटकों के दावों को उचित तरीके से निपटाने और नामित व्यक्तियों/कानूनी उत्तराधिकारियों से निपटने के लिए उपयुक्त रूप से प्रशिक्षित किया जा सकता है। आरबीआई ने कहा कि खाता खोलने के फॉर्म को उपयुक्त रूप से संशोधित किया जा सकता है (यदि ऐसा पहले नहीं किया गया है) जिसमें ग्राहकों के लिए नामित सुविधा का लाभ उठाने या इसका विकल्प चुनने का प्रावधान हो।

### ग्राहकों को सीधे सूचित किया जा रहा

ग्राहकों को सीधे सूचित करने के अलावा, संबंधित बैंकों और एनबीएफसी को विभिन्न मीडिया माध्यम से नामांकन सुविधा के उपयोग के लाभों का प्रचार करने के लिए भी कहा गया है, जिसमें सभी पात्र ग्राहक खातों की पूर्ण कवरेज प्राप्त करने के लिए समय-समय पर अभियान शुरू करना भी शामिल है।

## कनाडा के एक पोर्टल ने अदालत में दायर दस्तावेजों का हवाला दिया

# हिंडनबर्ग के नेट एंडरसन सवालों के घेरे में आए

एजेंसी ▸▸| टोरंटो

लगभग आठ साल पुरानी अपनी शोध-निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च को बंद करने की घोषणा करने वाले नेट एंडरसन कंपनियों को लक्षित करके रिपोर्ट तैयार करने में 'हेज फंड्स' के साथ कथित संबंधों के लिए सवालों के घेरे में हैं।

- हिंडनबर्ग ने रिपोर्ट तैयार करते समय एन्सन के साथ मिलीभगत की थी

कनाडा के एक पोर्टल ने ओन्टारियो की एक अदालत में दायर दस्तावेजों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। हेज फंड ऐसी इकाई है, जो बड़े निवेशकों से राशि प्राप्त कर लाभ कमाने के लिए प्रतिभूतियों समेत विभिन्न मदों में निवेश करती है।

*एन्सन के कासम ने कहा शोध विभिन्न स्त्रोतो से साझा की : एक जटिल मानहानि मुकदमे में ओन्टारियो सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस में दायर दस्तावेजों के एक संग्रह में कनाडा के एन्सन 'हेज फंड' के प्रमुख मोएज कासम ने कहा कि उनकी कंपनी ने हिंडनबर्ग के नैट एंडरसन सहित 'विभिन्न स्रोतों के साथ' शोध साझा किया है।*




*कंपनी प्रतिभूति उधार लेकर खुले बाजार में बेचते थे : जहां निवेश कंपनी प्रतिभूति उधार लेकर उसे खुले बाजार में बेचते हैं।*

*भागीदारी के खुलासे के बिना मंदी की रिपोर्ट तैयार की : पोर्टल 'मार्केट फ्रॉड' ने कहा कि अदालती दस्तावेजों से कथित तौर पर पता चला है कि हिंडनबर्ग ने रिपोर्ट तैयार करते समय एन्सन के साथ मिलीभगत की थी। भागीदारी के खुलासे के बिना मंदी की रिपोर्ट तैयार करने पर अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) द्वारा प्रतिभूति धोखाधड़ी का आरोप लगाया जा सकता है।*

### एंडरसन वास्तव में एन्सन फंडस के लिए काम कर रहा था

हालांकि, एन्सन और कासम से तत्काल संपर्क नहीं हो सका, तथा एंडरसन को भेजी गई ईमेल का भी कोई उत्तर नहीं मिला। वेबसाइट ने दावा किया, "एंडरसन और एन्सन फंड्स के बीच ईमेल वार्तालापों से हम इस तथ्य को जानते हैं कि वह वास्तव में एन्सन के लिए काम कर रहा था और उन्होंने जो कुछ भी उससे कहा, उसे प्रकाशित कर दिया, लक्ष्य मूल्य से लेकर रिपोर्ट में क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए तक।

### संवादों के स्क्रीनशॉट साझा

मार्केट फ्रॉड्स ने अपने आरोप के समर्थन में हिंडनबर्ग और एन्सन के बीच कुछ ईमेल संवादों के स्क्रीनशॉट भी साझा किए हैं, जिनके बारे में उसका दावा है कि उसे ये संवाद ओन्टारियो न्यायालय में उपलब्ध दस्तावेजों के माध्यम से प्राप्त हुए हैं।

### एन्सन व एंडरसन के खिलाफ कई मामले

इसमें कहा गया है, एन्सन फंड्स और नैट एंडरसन दोनों के खिलाफ प्रतिभूति धोखाधड़ी के कई मामले हैं, तथा खबर लिखने के समय तक हमने केवल पांच प्रतिशत मामले की ही जांच की है। अब तक हमने जो पढ़ा है, उसके अनुसार यह लगभग निश्चित है कि जब हिंडनबर्ग और एन्सन के बीच का पूरा लेन-देन एसईसी तक पहुंचेगा।

## खबर संक्षेप

### स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन एवं व्यक्तियों को किया जाएगा पुरस्कृत

**कटनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि उपभोक्ता अधिकार दिवस 15 मार्च 2025 के अवसर पर उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन एवं व्यक्तियों को राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जावेगा। उपरोक्त पुरस्कारों के लिये ऐसे संगठनों, व्यक्तियों का चयन 01 जनवरी 2024 से दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक की अवधि में की गई गतिविधियों के आधार पर किया जावेगा। राज्य स्तरीय तीन पुरस्कार मय प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जावेंगे। राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार 1 लाख 11 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 51 हजार रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 25 हजार प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार संभाग स्तरीय प्रथम पुरस्कार 21 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 5 हजार रूपये प्रदान किये जावेंगे। राज्य स्तरीय एवं संभाग स्तरीय आवेदन पृथक-पृथक स्वीकार किये जावेंगे। राज्य स्तरीय पुरस्कार वर्ष 2024-25 हेतु एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार वर्ष 2024-25 हेतु स्पष्ट रूप से लिखा जावे। आवेदन प्रारूप क विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन 23 जनवरी तक संबंधित कार्यालय जिला कलेक्टर (खाद्य) में स्वीकार किये जावेंगे।

### मान्यता के लिए 23 तक कर सकेंगे आवेदन

**कटनी।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा सत्र 2025-26 के लिए जिले में संचालित कक्षा नर्सरी अथवा कक्षा एक से कक्षा 8 वीं तक के निजी विद्यालय शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिए 23 जनवरी 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल ने मान्यता आवेदन की प्रक्रिया को सरलीकृत एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आरटीई एमपी मोबाइल ऐप तैयार किया है जिसके माध्यम से अशासकीय स्कूल स्वयं अपने मोबाइल के द्वारा आवश्यक जानकारी दर्ज कर जरूरी फोटोग्राफ तथा दस्तावेज जीईओ टैग के माध्यम से अपलोड करते हुए मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। जिन विद्यालयों की मान्यता अवधि मार्च 2025 में पूर्ण हो रही है ऐसे विद्यालय समय सीमा में मान्यता नवीनीकरण हेतु आवेदन करेंगे।

### कम्पोस्ट खाद बनाने छात्रों को बताई तकनीकी

**कटनी।** शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में ईको क्लब के द्वारा कम्पोस्ट टेक्नोलॉजी को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे के निर्देशन में ईको क्लब प्रभारी डॉ. जयप्रकाश अवस्थी ने विद्यार्थियों को कार्यशाला को लेकर जानकारी दी।ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा ने कंपोस्ट खाद बनाने की विभिन्न तकनीकी बताई। खाद के उपयोग को लेकर जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण और उसके संरक्षण को लेकर भी जागरूक किया। कार्यशाला में 30 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर डॉ.दीपिका जैन,डॉ अभिलाषा चौरसिया, डॉ दिव्या शुक्ला, डॉ नीमा सिंह, डॉ ईश्वरदीन चौधरी,डॉ आशीष पाण्डेय, सोनम साहू, रहवर रजा मंसूरी, राजाराम सूर्यवंशी सहित स्टॉफ की उपस्थिति रही।

### जाग्रति पार्क में करंट लगने से मासूम की मौत

**कटनी।** माधव नगर थाना अंतर्गत बनें जागृति पार्क में करंट की चपेट मे आने से एक 3 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नई बस्ती निवासी मोहन साहू का 3 वर्षीय नाती खेलते खेलते बिजली के तार के संपर्क में आ गया, जिससे करेंट की चपेट मे आने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद हड़कंप मच गया। तत्काल मासूम को जिला अस्पताल लाया गया जहाँ पर चिकित्स्कों की टीम नें उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली के नईबस्ती क्षेत्र स्थित फर्स्ट स्टेप स्कूल से स्कूल स्टाफ व अन्य बच्चों के साथ पिकनिक मनाने जागृति पार्क गए थे जिसमे 3 वर्षीय मासूम भी शामिल था। पार्क मे खेलते खेलते कैसे वह करेंट की चपेट मे आ गया।

## बरौदा में डेढ़ साल पहले कराया गया निर्माण, उदघाटन के बाद अब तक नहीं खुला अस्पताल

# समस्या : अस्पताल तो है, डॉक्टर नहीं, स्वास्थ्य सुविधाओं को मोहताज ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को अच्छा और सस्ता इलाज मिले,इसके लिए उमरियापान के समीप बरौदा में शासकीय आरोग्यम उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण किया गया था। लेकिन स्वास्थ्य सुविधाओं का यहाँ कोई नामोनिशान नहीं है।अस्पताल में मरीजों के इलाज करने के लिए अब तक कोई स्वास्थ्य विभाग के किसी डॉक्टर या स्टाफ की नियुक्ति नहीं की गई है। देखरेख के अभाव में अस्पताल खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। बरौदा में बीते दो साल पहले स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराया गया।




### शोपीस बनकर रह गया अस्पताल

27 अगस्त 2023 को कांग्रेस विधायक विजयराघवेंद्र सिंह और फिर भाजपा नेताओं ने भी अस्पताल का उद्घाटन किया। लोगों को भी लगा कि नजदीक में अस्पताल होने से उनकी परेशानी दूर होगी। भवन बनने के वर्षों बाद भी लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया नहीं कराई गई।डेढ़ वर्ष से अस्पताल भवन तैयार होकर खड़ा है, लेकिन ग्रामीणों को उपचार नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शासन ने तो अस्पताल के लिए भवन बनवा दिया, लेकिन डॉक्टरों की नियुक्ति करना शायद सरकार भूल गई।अस्पताल के भवन अब खंडहर में तब्दील हो रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि जब से अस्पताल बनी है,आज तक यहाँ किसी का उपचार नहीं किया गया। लाखों रुपये की लागत से बने अस्पताल सफेद हाथी साबित हो रहा है।

### इलाज के लिए भटकाव

ग्रामीणों के मुताबिक जब से अस्पताल बना है, तब से यहां कोई डॉक्टर इलाज के लिए नहीं आए।ग्रामीण भगवान के भरोसे हैं।किसी बड़ी बीमारी या डिलीवरी जैसी स्थिति में उन्हें बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गांव में अस्पताल होने के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में ग्रामीणों को 5 किलोमीटर दूर उमरियापान और 20 किलोमीटर सिहोरा या फिर 45 किलोमीटर दूर कटनी जाकर उपचार कराना पड़ता है। गांव में डॉक्टर न होने के कारण बच्चों के बीमार पड़ने पर उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों का कहना है कि बुखार जैसी साधारण बीमारी का भी यहां कोई उपचार नहीं हो पाता है।अस्पताल बने हुए दो साल हो गए, लेकिन डॉक्टर की नियुक्ति न होने के कारण इसका कोई फायदा नहीं है।अस्पताल में पिछले डेढ़-दो साल से कोई नहीं आया है। गांव का कोई व्यक्ति जब बीमार पड़ता है, तो गांव वाले गाड़ी बुक करके बाहर जाते हैं, लेकिन समय पर उपचार न मिलने के कारण कभी-कभी मरीजों की जान भी चली जाती है।उन्होंने बताया कि जब से अस्पताल बना है उदघाटन होने के बाद अस्पताल कभी खुला ही नहीं और अब तो ये पूरी तरह बंद है।अस्पताल परिसर में झाड़ियां उग आई है। खिड़की दरवाजे जंग खा रहे है। दीवारों पर धब्बे नजर आ रहे है। देखरेख के अभाव में नवीन अस्पताल भवन खंडहर होने लगा है।

### इनका कहना है:

इस संबंध में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह का कहना है कि बरौदा स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और स्टॉफ की नियुक्ति हो,ताकि ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले।इसके लिए शासन स्तर पर प्रयास किये जायेंगे।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर स्टॉफ की नियुक्ति कराकर अस्पताल चालू कराया जाएगा।



## विद्यार्थियों को अजोला उत्पादन का दिया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉक्टर सुनील बाजपेई के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के क्रम में कम लागत तकनीकी के अंतर्गत अजोला उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया अजोला में 25 से 30% प्रोटीन पाए जाने के कारण पशुओं को दुग्ध उत्पादन में वृद्धि तथा धान की फसल में उपयोग करने से नाइट्रोजन स्थिरीकरण करने के कारण धान में एक तिहाई नाइट्रोजन वाली खाद काम देनी पड़ती है प्रोटीन अधिक तथा लिग्निन कम होने के कारण पशुओं के लिए अजोला पशुओं के लिए सुपाच्य पशु पोल्ट्री भेड़ बकरी सूअर खरगोश को सीधे या खली के साथ भी दिया जा सकता है। बिना मिट्टी के पौधे को पानी के ऊपर उगाने की तकनीक जल संवर्धन या हाइड्रोपोनिक्स कहलाती है इस विधि में मिट्टी की आवश्यकता नहीं होती । सब्जियां टमाटर एवं स्ट्रॉबेरी आदि का उत्पादन किया जाता है फसल के उत्पादन में वृद्धि तथा कीट एवं रोग कम लगते हैं। हाइड्रोपोनिक्स के सेटअप के अंतर्गत घटक कंटेनर ग्रो ट्रे वृद्धि का माध्यम पोषक तत्व समाधान एवं हाइड्रोपोनिक सेटअप के प्रकार उतार और प्रवाह प्रणाली पोषक तत्व फिल्म तकनीक ड्रिप तथा विक सिस्टम एरोपॉनिक्स तथा हाइड्रोपोनिक्स खेती के लाभ का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

**जन कल्याण के तहत वार्डवार लग रहे शिविर**

## कवरराम एवं महाराणा प्रताप वार्ड में आयोजित शिविर में दिया गया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत संत कवरराम वार्ड के सामुदायिक भवन में शिविर का आयोजन किया गया।उक्त शिविर में एमआईसी सदस्य स्थानीय पार्षद गोविंद चावला की गरिमामय उपस्थिति में पात्र वंचित नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिया गया।



विदित हो शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे म.प्र भवन संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल योजना,लाडली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, किसान सम्मान निधि, किसान कल्याण योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, आयुष्मान भारत योजना, दिव्यांग छात्रवृति व पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, बहुविकलांग पेंशन, दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना, निशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, संबल योजना, प्रसूति सहायता योजना, विवाह सहायता योजना, मृत्यु की दशा में श्रमिकों के परिवारों को अनुग्रह सहायता योजना, पीएम सम्मांन निधि से नागरिकों को लाभान्वित किए जाने हेतु वार्डों में दिनांक वार शिविर लगाये जा रहे हैं।

रविवार को एमआईसी सदस्य एवं स्थानीय पार्षद तुलसा गुलाब बेन की मौजूदगी में महाराणा प्रताप वार्ड स्थित सामुदायिक भवन में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर लगाया जाकर नागरिकों को शासन की योजनाओं से अवगत कराया गया साथ ही पात्रों को लाभान्वित किए जाने की कार्यवाही की गई।

### आज यहाँ लगेगा शिविर

जनकल्याण अभियान के तहत आज 20 जनवरी को विश्राम बाबा वार्ड का शिविर सुधार न्यास कॉलोनी में स्थित सामुदायिक भवन में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगाया जाकर पात्र नागरिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा।निगमायुक्त नीलेश दुबे ने नागरिकों से शिविरों में पहुँचकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

## भगवान भुवन भास्कर की निकाली गई शोभायात्रा



गहोई दिवस के अवसर पर रविवार को श्री जगन्नाथ मंदिर से भगवान भुवन भास्कर की शोभा यात्रा निकाली गयी जिसमे बच्चो की जीवंत झांकी समेत भगवानो की झाँकिया शामिल रही। जो शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए गहोई धर्मशाला में महाआरती के साथ संपन्न हुई. तत्पश्चात सभी को भोजन प्रसाद भवन में ही कराया गया इस दौरान शोभा यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, हजारी लाल नोगरहींया, अशोक सेठिया, सुरेंद्र सेठिया,कमलेश सुहाने, राकेश सुहाने, अग्रज लहरिया, सिमु गंधी,विभा कंदेले, उमारानी त्रिसोलिया , रजनी बिलैया, अजय मसूरहा दीपक लहरिया, अंशु तुड़हा, सारिका कनकने, अमित कनकने, संजय चोदहा, राजू गंधी, उषा नोगरहिया, व बजरंग बाल रामायण समाज परिवार द्वारा मधुर भजनो की प्रस्तुति क़े साथ शहर मे शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया।

## अगले 5 वर्षों के लिये प्रधानमंत्री आवास प्लस की सूची तैयार होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्ष 2024 से 2029 की अवधि के लिये आवास प्लस की अद्यतन सूची तैयार की जाएगी। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत ऐसे परिवार जिनके नाम आवास योजना की स्थाई प्रतीक्षा सूची में शामिल नही है, ऐसे परिवारों के नाम जोड़ने के लिए आवास प्लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2024 सर्वे अंतर्गत 31 मार्च 2025 तक आवेदन आनलाइन किया जा सकता है। आवेदक अपनी ग्राम पंचायत में जाकर संबंधित सचिव व ग्राम रोजगार सहायक के माध्यम से अपना नाम आवास प्लस 2024 की प्राथमिकता सूची में जुडवा सकता है। इसके अलावा आवेदक अपना नाम स्वयं के मोबाइल से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की बेबसाइट पर जाकर प्रधानमंत्री आवास योजना का एप डाउनलोड कर मोबाईल से सर्वे में अपना आधार नम्बर दर्ज करते हुए फेस ऑथेण्टिकेशन के माध्यम से अपना नाम आवास प्लस में जोड़ सकता है।

हितग्राही की अपात्रता की शर्तें

प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना के लिये कुल 10 तरह के परिवारों को अपात्र घोषित किया गया है। इस योजना में ऐसे परिवारों को लाभान्वित नहीं किया जाएगा, जिनके पास तीन पहिया या चार पहिया मोटराइज्ड वाहन हो या मैकेनाइज्ड तीन या चार पहिया कृषि यंत्र अथवा किसान क्रेडिट कार्ड 50 हजार रूपये से अधिक क्षमता का हो। इसके साथ ही जिन परिवारों का कोई सदस्य शासकीय सेवा में उन्हें भी इस योजना के लिये अपात्र माना गया है। ऐसे परिवार जिनके गैर कृषि प्रतिष्ठान शासकीय योजनाओं के तहत पंजीबद्ध हो या परिवार के किसी सदस्य की 15 हजार रूपये से अधिक मासिक आय हो या इनकम टैक्स या प्रोफेशनल टैक्स का भुगतान करने वाले हो या जिनकी 2.50 एकड़ से अधिक सिंचित भूमि हो या 5 एकड़ से अधिक असिंचित भूमि हो, इन परिवारों के सदस्यों को भी प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना के तहत अपात्र माना गया है।

**अनुभूति कार्यक्रम के तहत सरसवाही के जंगल में आयोजन**

## विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन, विजेता प्रतिभागी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वन विभाग द्वारा सरसवाही के पास जंगल में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एक सैकड़ा से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा की उपस्थिति रही। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रकृति से प्रेम करने और उससे जुड़कर पर्यावरण क संदेश दिया। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि जंगल अनुभूति कार्यक्रम एक सराहनीय पहल है, इससे हमे प्रकृति से जुड़ने और जंगल में हो रहे क्रियाकलापों की जानकारी मिलती है। ऋषि-मुनि सांसारिक मोह माया को त्याग आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए जंगल जाते थे। जहां उन्हें



सुखद अनुभूति होती थी।

उन्होंने प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रदान की। मप्र ईको पर्यटन विकास बोर्ड भोपाल एवं वन विभाग द्वारा आयोजित स्कूल विद्यार्थियों के प्रशिक्षण सह जागरूकता अभियान अनुभूति कार्यक्रम के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारियों द्वारा अनुभूति कार्यक्रम के महत्व, थीम एवं वन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए नेचर ट्रेल वॉक कराई गई, जिसमें विभिन्न वन वृक्ष, औषधीय पौधों, वन सीमा चिन्ह और जीपीएस के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों को बाघ, चीतल, जंगली, सुअर, सांभर के विष्ठा को दिखाया गया, साथ ही वन्य जीवों के बारे में अवगत कराया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में राष्ट्रीय खेल, पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता कराई गई तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण का सन्देश की शानदार प्रस्तुति दी गई। हम है बदलाव थीम पर गीत गाया गया। अंत में पर्यावरण वन संरक्षण के शपथ ग्रहण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। फारेस्ट रेंजर नबी अहमद खान ने बताया कि इस कैंप में शामिल बच्चे सबसे पहले सुरखी टैंक में पक्षियों को दिखाया गया, इसके बाद 2 किलोमीटर का ट्रैक बनाकर उसमें बच्चों को चलवाया गया और ट्रैक के आसपास में जो भी वन्य प्राणियों के चिन्ह थे उनसे अवगत कराया गया। पेंगुलिन के गड्ढे दिखाए, साथ ही सूअर के द्वारा किस तरह से वन परिक्षेत्र में नुकसान किया जाता है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन, टी शर्ट व टोपी की वितरित**

## रन फॉर कटनी मैराथन दौड़ में हर वर्ग के लोग हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रविवार को रन फॉर कटनी का आयोजन किया गया। शहरवासी अपार उत्साह, उमंग से लबरेज नजर आए। देशभक्ति के तरानों में जमकर झूमे व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया। रन फॉर कटनी को लेकर प्रतिभागियों में उत्साह नजर आया। सुबह 7 बजे ठंड के बावजूद छोटे-छोटे बच्चों से लेकर युवा एवं बुजुर्गों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। रन फॉर कटनी मैराथन दौड़ शुरू होने के पहले वार्मअप सेशन कराया गया जिसमें डी.जे फ्रॉलिक्स की धुन पर नेहा मोटवानी, अलोक कचेर द्वारा लीड कराया गया इनके सॉन्गस की धुन पर हजारों की भीड़ थिरकने लगी।

समर्पण भारत बिट्टू सेवा ट्रस्ट के सहयोग से जिला एथलेटिक संघ एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, कार्यक्रम आयोजक मौसूफ बिट्टू,प्रेम बत्रा, दिव्यांशु मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर कटनी को रवाना किया।

रन फॉर कटनी दौड़ स्टेशन चौराहे से शुरू होकर सुभाष चौक, मिशन चौक, चांडक चौक, आदर्श कॉलोनी, तिराहा घंटाघर,गर्ग चौराहा, बरही रोड होते हुए स्टेशन चौराहे पहुंच कर दौड़ समाप्त हुई। मैराथन दौड़ का जगह जगह स्वागत किया गया। नगर निगम के सामने डीपीएस स्कूल परिवार द्वारा,जालपा देवी मड़िया के पास अर्पित चौदहा परिवार द्वारा, घंटाघर के पास यूथ हॉस्टल एसोसिएशन द्वारा वॉटर, ड्रिंक एंड फास्टफूड की व्यवस्था की गई। रन फॉर कटनी में जिले के समस्त स्कूलों-कोलेजों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों एवं छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। कुछ प्रतिभागियों को आयोजन के तहत निशुल्क टी शर्ट व टोपी भी दी गई।

नारी शक्ति सम्मान एवं ग्रुप सम्मान,सोशल मीडिया योद्धाओं का सम्मान किया साथ ही महिलाओं एवं बेटियों का भी सम्मान किया गया

रन फॉर कटनी में हजारों की तादाद में लोग पहुंचे। इसमें युवा, बच्चे, महिलाएं युवतियां व उम्र दराज लोग शामिल थे। इस कार्यक्रम में शामिल होकर हर वर्ग मानो युवा लग रहा था। सभी ने जमकर मौज मस्ती की और कार्यक्रम का आनंद लिया।बच्चों ने दी ग्रुप डांस की प्रस्तुति

### ग्रुप डांस की दी प्रस्तुति

इस अवसर पर बच्चों ने ग्रुप डांस के माध्यम से समाज में एकता एवं स्वस्थ रहने का संदेश दिया गीतांजलि कला परिषद की संचालक सपना नामदेव द्वारा ग्रुप डांस एवं अनामिका एकेडमी द्वारा शानदार ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी गई। रॉक बैंड लाइव की प्रस्तुति दीपक अंश मनीष राज टीम द्वारा की गई रन फॉर कटनी में डी.जे फ्रॉलिक्स आकर्षण का केंद्र रहा।



## नुक्कड़ नाटक एवं फिल्म के माध्यम से दी जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

साइबर फ्रॉड से बचाव हेतु स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का डिजिटल रथ अभिजीत कुमार रंजन पुलिस अधीक्षक कटनी , डॉ संतोष कुमार डहेरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक एवं प्रभात मिश्रा उप पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में पुलिस कंट्रोल रूम कटनी से रवाना किया गया। जो शहर के मुख्य स्थानों पर नुक्कड़ नाटक एवं फिल्म के माध्यम से साइबर जागरूकता का संदेश देगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट और हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में विस्तार से आमजनों को समझाया गया। शाखा प्रबंधक सौरभ यादव के द्वारा बैंक के डिजिटल रथ और उस के माध्यम से होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। डिजिटल रथ जिले में चलित माध्यम से साइबर अपराध से बचाव और जागरूकता का संदेश प्रेषित करेगा।

### विशाल स्वास्थ्य सह जनसमस्या समाधान शिविर

# मां नर्मदा की स्वच्छता के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे

**जबलपुर। उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के मुख्य आतिथ्य में बारहा स्थित रॉयल हेरीटेज पब्लिक स्कूल प्रांगण में विंध्य सांस्कृतिक मंच द्वारा विशाल स्वास्थ्य सह जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक सुशील तिवारी इंदु, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया, कलेक्टर दीपक सक्सेना, अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. सुभाष सक्सेना और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने विंध्य क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि विंध्य क्षेत्र ने विभिन्न क्षेत्रों में देश को बड़ी हस्तियाँ दी हैं। उन्होंने बताया कि चित्रकूट, जो भगवान राम के वनवास के दौरान एक महत्वपूर्ण स्थल रहा है, विंध्य क्षेत्र का सांस्कृतिक धरोहर है। साथ ही इस क्षेत्र में विकास की गति तेज़ी से बढ़ रही है, जिसमें सिंचाई के लिए नहरों का जाल बिछाना भी शामिल है।नगरीय विकास मंत्री विजयवर्गीय ने विंध्य क्षेत्र के युवा कौशल को संवारने पर जोर दिया और समाज की उन्नति के लिए सांसद एवं विधायक निधि से गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने इको टूरिज़्म को बढ़ावा देने और मां नर्मदा की स्वच्छता के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात की।सांसद आशीष दुबे ने विंध्य सांस्कृतिक मंच की सराहना करते हुए क्षेत्र में विकास की दिशा में किए गए प्रयासों का उल्लेख किया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने विंध्य क्षेत्र के सांस्कृतिक योगदान को सराहा और कहा कि यह क्षेत्र महाकौशल को सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध करने में बड़ा योगदान दे रहा है।विधायक सुशील तिवारी ने इस शिविर को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रसार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया और जनता को बेहतर इलाज देने के लिए चिकित्सा विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आत्मनिर्भरता के महत्व को भी रेखांकित किया और मध्यप्रदेश के विकास में योगदान देने की बात कही।कार्यक्रम में दिव्यांगों को ट्राईसाइकल वितरित की गई और मिलिट्री बैंड और बघेली गीतों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने सभी को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर चिकित्सा शिविर और मिलिट्री द्वारा रखे गए हथियारों का प्रदर्शन भी हुआ।



## अपाक्स का सामूहिक वार्षिक कैलेण्डर विमोचित

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी संगठन (अपाक्स) के जिला अध्यक्ष प्रदीप पटेल ने बताया कि नगर निगम परिसर में मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी संगठन (अपाक्स) मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस, इंटक का सामूहिक वार्षिक कैलेण्डर 2025 का विमोचन समाजसेवी पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के अध्यक्ष रवि पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के प्रांतीय महामंत्री रजनीश पटेल की अध्यक्षता में अपाक्स के अध्यक्ष प्रदीप पटेल, कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रवीण सोनी, इंटक के जिला अध्यक्ष दिलीप सेन के संयोजन में हुआ। इस अवसर पर अपाक्स संगठन के संरक्षक राजेंद्र कनौजिया, सुखराम विश्वकर्मा, राजस्व अध्यक्ष रामेश्वर दुबे, कोषाध्यक्ष प्रकाश पटेल, बबलू परोहा, कमलेश तिवारी, रेवाराम, रामजी पटेल, सरवन वेन, निखिल पांडे, अजय केवट, मुन्ना गुप्ता दिलशाद, सुबोध सेन, अमर चौधरी, आदि उपस्थित थे।

## गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ की संविधान संगोष्ठी संपन्न

**जबलपुर**। गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर एवं अन्य आदिवासी संगठनों के तत्वावधान में संविधान संगोष्ठी का आयोजन राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल गोंडवाना चौक जबलपुर में 19 जनवरी को प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ हुआ। भुमका द्वारा राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह की प्रतिमा का विधि विधान से पूजन अर्चन पश्चात अतिथियों द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम को प्रोफेसर पी.एल. अहिरवाल, संभागीय अध्यक्ष किशोरीलाल भलावी, नेमसिंह मरकाम, अजय झारिया, विधि सलाहकार बालकृष्ण चौधरी, घनश्याम यादव ने संबोधित किया। विधि सलाहकार एडवोकेट बालकृष्ण चौधरी ने संविधान में दिए गए अनुच्छेद का विस्तार से वर्णन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आदिवासी छात्रावासों से पधारे लगभग 200 छात्र- छात्राओं का प्रतिमा स्थल पर आगमन हुआ उन्हें राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह संग्रहालय का भ्रमण भी कराया गया और संविधान के बारे में वक्ताओं द्वारा दिए गए उद्बोधन से अपने आपको लाभान्वित किया। प्रोफेसर पीएल अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता नामित होने पर प्रह्लाद चौधरी, सामाजिक क्षेत्र कार्यरत राजेंद्र चौधरी, इंद्र कुमार कुलस्ते को शाल, श्रीफल, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।



## उप मुख्यमंत्री ने किया न्यायाधीश जीपी सिंह की जीवनी का विमोचन

**जबलपुर**। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विंध्य भवन कटंगा में न्यायाधीश जीपी सिंह की जीवनी का विमोचन किया। ज्ञात हो कि उक्त जीवनी वरिष्ठ अधिवक्ता वीएस श्रोती ने लिखा है। इस अवसर पर जस्टिस आरएस झा, जस्टिस पीपी नावलेकर, जस्टिस वीके शुक्ला, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, पूर्व महाधिवक्ता आरएन सिंह सहित विधि जगत के ख्यातिलब्ध न्यायाधीश मौजूद थे। विमोचन समारोह में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद आशीष दुबे सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजदू थे।विमोचन समारोह को उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने संबोधित करते हुए न्यायाधीश जीपी सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि वे सिर्फ एक व्यक्ति ही नहीं, बल्कि एक संस्था थे।

## माता की चौकी में फिल्म अभिनेत्रियों ने शामिल होकर लिया आशीर्वाद

**जबलपुर।**

मकर संक्रांति, लोहड़ी में भव्य माता की चौकी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व श्रीमती सरला देवी और गुप्ता व बेदी परिवार ने किया। कार्यक्रम का आयोजन होटल नर्मदा जंक्शन में किया गया, जो श्रद्धालुओं और शहर के प्रतिष्ठित लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना, सितारों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को खास बनाया। माता की चौकी में बॉलीवुड की कई मशहूर हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे कार्यक्रम और भी खास हो गया, उपस्थित सितारों में मंदाकिनी, भाग्यश्री, तनुश्री दत्ता, मोनिका बेदी, पूनम ढिल्लो, लेडी मनोज कुमार (दीपू शर्मा), आसमा शेख इन कलाकारों ने अपनी उपस्थिति से आयोजन को चार चांद लगा दिए। भक्ति गीतों से सजी संध्या नवी मुंबई से आईं भक्ति गीतकार प्रीति पठानिया ने अपने भजन और गीतों से समां बांध दिया, उनकी मधुर प्रस्तुति ने भक्तों को आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया और आयोजन स्थल पर भक्ति और उल्लास का माहौल छा गया, विशिष्ट अतिथियों में कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह सहित कई अन्य प्रतिष्ठित हस्तियां भी शामिल हुईं। श्रद्धा और उल्लास का संगम माता की चौकी में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति और लोहड़ी के पावन अवसर पर एकजुट होकर भक्ति का अनुभव किया, भजन मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों ने आयोजन स्थल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। यह आयोजन सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में एक यादगार पल के रूप में दर्ज हुआ, जहां श्रद्धा, भक्ति और मनोरंजन का अनूठा संगम देखने को मिला।





### कलेक्टर ने देखी विस्थापन और पुनर्वास की व्यवस्था

**जबलपुर**। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने मदन महल पहाड़ी के अतिक्रमणकारियों को विस्थापित कर तेवर में बसाने की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने तेवर पहुंचकर पुनर्वास स्थल का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मदन महल पहाड़ी को अतिक्रमण मुक्त कर विस्थापितों को यथाशीघ्र तेवर में बसाना सुनिश्चित करें। साथ ही पुनर्वास स्थल पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी सुनिश्चित करायें। बिजली, पानी व सड़क आदि की समुचित व्यवस्था करने के लिए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कलेक्टर सक्सेना ने मदन महल की पहाड़ी पर प्रस्तावित रानी दुर्गावती स्मारक स्थल का निरीक्षण करते हुए कहा कि इस स्मारक के लिए चिन्हित स्थल के आस-पास के लोगों का भी यथा शीघ्र तेवर में पुनर्वास किया जाये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, एसडीएम अनुराग सिंह सहित नगर निगम व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## तमिल संघम ने पोंगल पर दी संस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**जबलपुर।**

तमिल संघम का पोंगल संस्कृतिक कार्यक्रम 19 जनवरी को मानस भवन राइट टाउन स्टेडियम ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें विशेष रूप से श्री आण्डल वैष्णव सभा गोराबाजार, श्री तिरुवेंकट मुडियान सभा सदर एवं तमिल संघम संभाग के पदाधिकारी, सदस्यों ने विशेष योगदान दिया और बड़े हर्षोल्लास के साथ यह पर्व मनाया। इस अवसर पर तमिलनाडु के कलाकारों द्वारा संयुक्त प्रस्तुति दी गई। तमिल संघम, जबलपुर के तत्वावधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पोंगल पर्व के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में डीएस भारती एंड ग्रुप द्वारा तमिल भजनों की प्रस्तुति दी गई। वहीं भोपाल एवं तमिलनाडु के 15 सदस्यीय प्रतिनिधि दल ने तमिल बच्चों की नृत्य कला एवं तमिल धार्मिक गायन की प्रस्तुति दी, समाज के लगभग 100 बच्चों को अध्ययन के क्षेत्र में मेरिट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं सांस्कृतिक कला, खेल जगत में प्रदेश एवं जिले में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश सिंह पीडब्ल्यूडी मंत्री मध्य प्रदेश शासन रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक ईश्वरदास रोहाणी विधायक कैंट विधानसभा ने की। विशेष अतिथि रिंकू विज अध्यक्ष नगर निगम जबलपुर, वी श्रीनिवासन राव उपाध्यक्ष मा.शि. मंडल भोपाल, डॉक्टर कैलाश गुप्ता, डॉक्टर पवन स्थापक नेत्र रोग विशेषज्ञ, सक्षम राष्ट्रीय अध्यक्ष, चमन श्रीवास्तव, अभिषेक चौकसे, इन सभी अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर के संरक्षक विष्णु बाबा, राममूर्ति स्वामी, राजकुमार पिल्लई, आर रमेश पिल्ले, वी रवि पिल्लई, डीएस भारती, कृष्णमूर्ति पिल्ले, तमिल संघम जबलपुर के अध्यक्ष व्ही रमेश पिल्ले, एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## 101 लोगों ने मेडिकल कॉलेज में अपने देह दान की स्वीकृति पत्र प्रदान किया

### विजन जबलपुर का स्थापना दिवस कार्यक्रम

**जबलपुर**। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के मुख्य आतिथ्य में शहीद स्मारक में विजन जबलपुर के नवमें स्थापना दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विजन जबलपुर समाज के उन लोगों के लिए मदद करने के लिए समर्पित है जिन्हें वास्तव में जरूरत है। विजन जबलपुर का उद्देश्य मुख्य रूप से यही है कि दूसरों के लिए जीना ही असली जीना है। इस संस्था के वरिष्ठजन समाज की मदद करने के लिए आगे आकर अपना योगदान दे रहे हैं। 101 लोगों ने मेडिकल कॉलेज में अध्ययन के लिए अपने देह दान की स्वीकृति पत्र प्रदान किया यह बहुत बड़ी बात है। इसके साथ ही समाज कल्याण के लिए इंडियन कॉफी हाउस द्वारा एक हजार यूनिट ब्लड डोनेशन का कैम्प कर जरूरतमंदो को रक्त उपलब्ध कराने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि हमारी सौभाग्यशाली परम्परा है कि समाज में अच्छे काम हो रहे हैं और होते भी रहेंगे। अच्छे काम करने वालों को उन्होंने सम्मानित कर कहा कि समाज में जागरूकता लाने के लिए सकारात्मक माहौल बनाने की आवश्यकता है। बेटा-बेटियों में भेद नहीं होना चाहिए। उन्होंने बेटियों के महत्व को भी रेखांकित किया। साथ ही विजन जबलपुर के समर्पण की भावना को देखते हुए कहा कि लोगों को जागरूक होकर सरकार की योजनाओं को क्रियान्वित कराने में सहभागी बनना चाहिए।



# मकसदों नश्बुलैन और काम पर ही होगा इत्तेहाद : मो. इम्तियाज मोआविन अमीर

### जबलपुर की इत्तेहाद ए उम्मत कॉन्फ्रेंस का आगाज हुआ

**जबलपुर।**

गोहलपुर में आयोजित जमाअत ए इस्लामी हिन्द, जबलपुर की इत्तेहाद ए उम्मत कॉन्फ्रेंस का तिलावते कुरआन से आगाज हुआ, जिसे हाफिज़ शोएब अख्तर पेश इमाम मस्जिद अल सिद्दीक ने की। इसके बाद इस्तकबालिया तकरीर मोहम्मद इम्तियाज मोआविन अमीर ए हल्का मध्यप्रदेश ने पेश की जिसमें उन्होंने इत्तेहाद की जरूस्त और उसकी अहमियत पर बातें रखी जिसमें उन्होंने मिल्लत से एक मकसद और नश्बुलैन के लिए मुत्तहिद होने की बात कही। इसके बाद दिल्ली से तशरीफ लाए इस कॉन्फ्रेंस के मुख्य वक्ता एस अमीनुल हसन ने एत्तेहाद ए उम्मीद की मजबूत बुनियाद के उनवान पर अपनी बातें रखीं। जिन बातों को अहमियत देकर उन्होंने कहा उनमें से एक ये कि “आज इस्लाम पर तरह-तरह के ऐतराज किये जा रहे हैं और मुसलमान के खिलाफ साजिशें की जा रही हैं और उनकी इमेज को बिगाड़ने की पूरी कोशिश की जा रही है। उसके बावजूद मुसलमान को इस्लाम के तआरूफ को पेश करने की जिम्मेदारी अदा करनी है” इस काम को ये उम्मत लेकर खड़ी होती है तो उसके अंदर इत्तेहाद पैदा होगा, उन्होंने आगे कहा कि इत्तेहाद का कतई यह मतलब नहीं है कि लोग अपने-अपने तरीकों और मसलकों को छोड़ दें और इत्तेहाद का ये भी मतलब नहीं है कि इल्मी इख्तेलाफ बाकी न रहे, बल्कि इत्तेहाद का मतलब तो यह है कि इस सब के होते हुए भी एक बड़े मकसद के लिए मिल जुलकर काम किया जाय। आखिर में इजहारे तशक्कुर में नाजिम ए शहर गुलाम रसूल ने प्रोग्राम में आए तमाम लोगों और मुख्य वक्ता का जमाअत की ओर से शुक्रिया अदा किया, वहीं आपने मुख्यतः जबलपुर प्रशासन का और वार्ड के पार्षद पति याकूब अंसारी का भी शुक्रिया अदा किया। आखिर में आप की दुआ से प्रोग्राम मुकम्मल हुआ। इस कांफ्रेंस को सफल बनाने में जमात इस्लामी के कार्यकताओं ने कड़ी मेहनत की जिनमें राशिद, वकार अहमद, आदि का सहयोग रहा।



## छात्रों की अपार आईडी बनाने में आ रही है परेशानी, विभाग करें समस्या का हल

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष ज़ियाउर्रहीम ने बताया कि छात्र-छात्राओं की अपार आईडी बनाने में आधार नंबर अपडेट न होने के कारण परेशानी आ रही है उनके माता-पिता का आधार भी अपडेट न होने के कारण अपार आईडी जेनरेट करने में परेशानी आ रही है जिससे शिक्षक परेशान हैं अतः संगठन आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र से मांग करता है कि आधार अपडेशन के लिए संकुल स्तर पर शिविर लगाकर समस्या का हल करने के लिए आवश्यक पहल कर आदेश जारी किए जाएं, जिससे शिक्षकों और छात्रों की समस्याओ का समाधान हो सके। संगठन के जिला अध्यक्ष जियाउर्रहीम, हेमन्त ठाकरे, राजेश सहारिया, राजकुमार यादव आदि ने मांग की है।

# मां से ही मिलती है बच्चों को संस्कार और संस्कृति

### क्षत्रिय मराठा समाज महिला मंडल का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हल्दी, कुमकुम संपन्न



**जबलपुर।**

“शिवाजी महाराज को जीजा माता ने मातृभूमि और सनातन संस्कृति का पाठ पढ़ाया। समाज को एकजुट करने महिलाओं को मिलकर कार्य करना चाहिए। आयोजनों से घरेलू महिलाएं भी मंच पर शानदार प्रदर्शन कर पाती हैं। सांस्कृतिक विरासत को सहेजने सभी को सामूहिक आयोजनों में हिस्सेदारी करना चाहिए।” उक्त विचार पार्षद प्रतिभा भापकर, शशि जाधव, सुषमा सरफरे, वीना मांडले ने दत्त मंदिर गोलबाजार में क्षत्रिय मराठा समाज जबलपुर महिला मंडल के संयोजन में आयोजित हल्दी कुमकुम और सांस्कृतिक दिवस पर व्यक्त किए। कार्यक्रम शुभारंभ पर गणेश वंदना स्नेह जाधव ने की। आई तुलजा भवानी..., मल्हारी मल्हारी..., जय भवानी जय शिवाजी... सहित जोश और ओज, उमंग उल्लास उत्साह से भरे मातृभूमि मराठी संस्कृति से जुड़े गानों पर सुषमा सरफरे, अर्चना सोनोने और निधि सवड़तकर, दीपा काकडे, स्वाति सपकाड, आरांश काकडे, पूर्वा सोनोने, श्यामा ताई सोनोने, स्वेता और अव्यांश स्वर्णा शिंदे शोभा ताई शिंदे और सुषमा ताई झींगे, संध्या सोनोने, आराध्या काकडे, रिधिमा ढवले, नव्या संवाद प्रतिभा ताई, वीना ताई ने किया, डांस सोनाली शिर्के और गौरी, भारती काड़े, स्वाति सपकाड ने नृत्य संगीत से मंच पर समां बांधा। हल्दी कुमकुम और वान देने का कार्यक्रम अर्चना, निधि सहित महिला मंडल ने किया। मराठी गानों पर शोभा ताई शिंदे, सुषमाताई झींगे, निहिरा मांडले, माया ताई सोनोने, पिंकी सोनोने और प्रतिभा सालूंके ने समूह नृत्य किया, वहीं प्रतिभा जाधव ने एकल नाटक प्रस्तुत किया, प्रतिभा सोनोने ने गीत सुनाया। कार्यक्रम पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ। मंच संचालन रंजना पिंकी सोनोने, आभार धन्यवाद ज्ञापन माया सोनोने, निधि सवडतकर ने किया।

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 15798592F RANK NK (OFC) NAME NITIN KUMAR BATHRE S/O LATE GANESH BATHRE OF UNIT 126 LT AD REGT. (COMP) R/O H NO. 8/6, TIT BUILDING POLICE QUATARE EAST GHAMAPUR, JABALPUR (MP) I, have changed name of my MOTHER from **MOHINI BAATHRE** (Name as per my Army service records) to **MOHANI BATHRE** and date of birth 15/11/1965 (name as per my MOTHER, AADHAR CARD, NO. 5556 9474 4124 vide affidavit dated 18/01/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

CORRECT NAME- MOHANI BATHRE
INCORRECT NAME- MOHINI BAATHRE

## 316 साल पुराने स्पेनिश जहाज के मलबे में दबा है 1.66 लाख करोड़ रुपए का खजाना



**कोलंबिया।** कोलंबिया सरकार ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है, जिसमें बताया गया है कि वे 316 साल पहले कोलम्बियाई कैरेबियन (एटलांटिक महासागर) में डूबे स्पेनिश जहाज सैन होजे के मलबे और खजाने की खोज (एक्सप्लोरेशन) में फिरसे जुटेंगे। दरअसल इसके के लिए सरकार ने एक नौसेना जहाज के रोबोट को समुद्र में भेजने का निर्णय लिया है।

**खजाने की खोज करेगी कोलंबिया सरकार**

जानकारी के अनुसार सालों पहले डूबे स्पेनिश जहाज के बारे में यह रोबोट जानकारी इकट्ठा करने का कार्य करेगा। वहीं इस दौरान, रोबोट मलबे के कुछ हिस्से को बाहर निकालेगा और जांचेगा कि सालों बाद पानी के बाहर निकलने पर मलबे में कैसे बदलाव आते हैं।

### रोबोट में लगेंगे कैमरे और सैटेलाइट से जोड़ेंगे

जानकारी के अनुसार अंदर जाने वाले रोबोट में कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे यह जहाज से जुड़ा रिकॉर्ड इकट्ठा कर सकेगा। इसके अलावा, रोबोट को सैटेलाइट से भी कनेक्ट करने की योजना बनाई गई है। अधिक जानकारी में सामने आया है की कोलंबिया सरकार इस अभियान के लिए इस साल करीब 37 करोड़ रुपए खर्च करने का विचार कर रही है। वहीं इस मिशन को 2024 के सेकेंड हाफ में शुरू किया जा सकता है।


### खोज क्षेत्र की लोकेशन रहेगी सीक्रेट

दरअसल इस दौरान इस रोबोट को किस क्षेत्र में उतारा जाएगा, इसकी जानकारी को सरकार द्वारा सीक्रेट ही रखा जाएगा। आपको बता दें की ऐसा माना जाता है कि डूबने से पहले सैन होजे जहाज पर सोने-चांदी सहित करीब 1 लाख 66 हजार करोड़ डॉलर का 200 टन का खजाना लदा हुआ था। दरअसल यह साल 1708 में किंग फिलिप V का हिस्सा था।

# दुनिया का अनोखा पुल जिस पर बसा है पूरा गांव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

गांव अपने आप में एक संस्कृति और विरासत है। यहां सभी लोग एक-दूसरे से मिलकर रहते हैं। गांव में चौपाल, पंचायत भवन, स्कूल, छोटे बाजार आदि होते हैं। यहां पर किसी जीवन जीने का मुख्य आधार है। यहां सभी त्योहार शादी विवाह आदि सब कुछ सामूहिक तौर पर मनाई जाती है। पहले गांव में शिक्षा और जागरूकता का अभाव था, लेकिन अब सरकार की योजनाओं के तहत इन सब चीजों में पहले से काफी ज्यादा सुधार हुआ है। हालांकि, अब इंसानों ने तरक्की कर ली है। दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक पर एक वीडियो वायरल हुआ है।



जिसे @gunsnrosesgirl3 ने अपने अकाउंट से शेयर किया है। इस वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एक छोटी सी नदी है। बड़े पिलर्स पर पुल बना हुआ है, जिस पर एक बस्ती बसी हुई है। रंग बिरंगे घरों से बस यह पुल काफी ज्यादा अनोखा लग रहा है। इस पुल पर पक्के घर बने हुए हैं, जिसमें तरह-तरह के कमेंट्स भी यूजर्स कर रहे हैं। यहां मार्केट भी नजर आ रहा है। मन में लोगों के प्रश्न यह भी उठ रहा है कि आखिर लोग घर से बाजारों की तरफ कैसे निकालते होंगे। वीडियो को अब तक तीन लाख लोग देख चुके हैं, जबकि हजारों लोग इसे लाइक कर चुके हैं।

### पुल पर बसा अनोखा गांव

कुछ टेक्निक्स को देखकर आंखों पर यकीन भी नहीं होता है। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताएंगे, जो कि पुल पर बसा हुआ है। यहां पर घर सैकड़ों फीट की ऊंचाई पर टंगे हुए हैं। इसे देखकर आपको काफी ज्यादा आश्चर्य होगा। यह गांव किसी अजूबा से काम नहीं है। अक्सर आपने देखा होगा कि पुल को पिलर्स पर तैयार किया जाता है, लेकिन चीन में एक ऐसा पुल है। जिस पर लोगों ने अपना घर बसा रखा है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया एक पर वायरल हो रहा है।

# पांच-पांच लाख के दो इनामी नक्सलियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन की नई नक्सल आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति और जिले में चलाए जा रहे नक्सल अभियान के कारण नक्सलियों के हिंसक और शोषणकारी विचारधारा से तंग आकर कई माओवादी समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय ले रहे हैं। बस्तर क्षेत्र के साथ साथ कबीरधाम जिले में इसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है। अभियान से प्रेरित होकर कवर्धा में सक्रिय 5-5 लाख रुपए के इनामी नक्सली दंपति रमेश उर्फ मेस्सा डिप्टी कमांडर, बोड़ला एरिया कमेटी विस्तार प्लाटून नंबर 3 और उसकी पत्नी रोशनी उर्फ हिड़में सदस्य, बोड़ला एरिया कमेटी विस्तार प्लाटून नंबर 3 ने 18 जनवरी को कबीरधाम पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इन दोनों पर थाना तरेगांव में दर्ज 2-2 नक्सल अपराध दर्ज हैं। इस संबंध में विस्तृत




जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह ने बताया कि रमेश उर्फ मेस्सा ने नक्सली संगठन में डिप्टी कमांडर के रूप में काम करते हुए कई हिंसक गतिविधियों को अंजाम दिया था एवं पुलिस के साथ मुठभेड़ में शामिल रहा। वह संगठन में रहने के दौरान एसएलआर राइफलधारी रहा है। वहीं रोशनी उर्फ हिड़में संगठन की प्रशिक्षित सदस्य थी, जो नक्सली हिंसा में सक्रिय भूमिका निभाती रही तथा संगठन में इन्सास राइफल धारी थी। दोनों ने संगठन में व्याप्त आंतरिक संघर्ष, अमानवीय व्यवहार, स्थानीय आदिवासियों पर अत्याचार, और जंगलों में जीवन की कठिनाईयों से परेशान होकर आत्मसमर्पण का निर्णय लिया।

### पुर्नवास नीति का दिया जाएगा लाभ

आत्मसमर्पित नक्सली दंपति को शासन की पुनर्वास नीति के तहत दोनों को पृथक-पृथक 25,000-25,000 रुपए कुल 50,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि तत्काल नगद प्रदान की गई। इसके साथ ही भविष्य में 3 वर्ष तक 10,000 रुपए मासिक स्टाइपेंड राशि, निःशुल्क आवास एवं भोजन, स्किल डेवलपमेंट हेतु प्रशिक्षण, कृषि भूमि और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

# 125 साल से 'गिरफ्तार' है ये पेड़ पाकिस्तान में काट रहा सजा

**नई दिल्ली।** अब तक आपने कई तरह के अपराध और सज़ा के बारे में सुना होगा। दुनिया के अलग अलग देशों में विभिन्न अपराधों के लिए कई तरह की सज़ा का प्रावधान है। वहीं रेयर ऑफ दर रेयरेस्ट केस में ऐसी सज़ाएं भी सुनाई गई हैं, जो मिसाल की तरह रही हैं। किसी भी सज़ा का उद्देश्य अपराधी को दंडित करने के साथ समाज में एक संदेश देना भी होता है कि ताकि अन्य लोग इसे लेकर सचेत रहें और अपराधों पर लगाम कसी जा सकें। ये पेड़ अब भी ज़ंजीरों से बंधा हुआ है और उस पर एक तख्ती लटकी हुई है जो सारी कहानी बयां करती है।



### पेड़ की गिरफ्तारी

क्या कभी आपने सुना है कि किसी पेड़ को गिरफ्तार किया गया हो और उसे सज़ा सुनाई गई हो। सज़ा स्वरूप उसे ज़ंजीरों में बांधा गया हो और वो भी कोई दो चार या दस साल के लिए नहीं, बल्कि 125 साल तक। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सज़ा निर्धारित की जाती है

### ब्रिटिश अफसर की कारस्तानी

आज हम आपको अजीबोगरीब वाकया बताने जा रहे हैं। ये पेड़ पाकिस्तान के पेशावर में है। तोरखन बॉर्डर के पास लैंडी कोटाल नाम की बस्ती में पिछले 125 साल से ये पेड़ बिना किसी गुनाह के सज़ा काट रहा है। ऑडिटी सेंट्रल न्यूज वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार इसके पीछे एक ब्रिटिश अफसर की सनक भरा फैसला है। दरअसल ब्रिटिश अधिकारी जेम्स स्क्विड ने एक दिन नशे की हालत में अपने सिपाहियों से कहा कि ये पेड़ बार-बार भाग रहा है और उसकी पकड़ में नहीं आ रहा है, इसलिए उसे गिरफ्तार किया जाए। अब सिपाही हकीकत समझ रहे थे लेकिन वो एक अधिकारी के आदेश का पालन न करने की हिमाकत नहीं कर सकते थे।

# जीआरपी के तीन आरक्षकों की डेढ़ करोड़ की संपत्ति जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

पुलिस ने खाकी को ताक में रखकर ट्रेन में गांजा तस्करी कर काली कमाई करने वाले जीआरपी के तीन आरक्षकों का रिकार्ड खंगाल डाला है। जांच के बाद तीनों आरक्षकों की जमीन, वाहन सहित डेढ़ करोड़ की संपत्ति जब्त की गई है। मामले का प्रतिवेदन मुंबई सफेमा कोर्ट में प्रस्तुत किया जा रहा है। फिलहाल आरक्षक जेल में बंद हैं।

■ **गांजा तस्करी: जब्त संपति में जमीन, वाहन सहित अन्य शामिल**

एसपी रजनेश सिंह ने बताया, 23 अक्टूबर 2023 को जीआरपी पुलिस ने योगेश सोंधिया एवं राहित द्विवेदी को पकड़कर उनके कब्जे से 20 किलो गांजा बरामद किया गया था। एटीएस की टीम ने मामले की जांच की जीआरपी आरक्षकों की संलिप्तता उजागर हुई थी। डीजीपी अशोक जुनेजा ने एसपी श्री सिंह को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया था। उनके निर्देश पर एसीसीयू टीम ने जांच के बाद जीआरपी के आरक्षक लक्ष्मण गाईन, मन्नू प्रजापति, संतोष राठौर, सौरभ नागवंशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। एसपी श्री सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थ में एण्ड टू एण्ड कार्रवाई के तहत एसीसीयू आरक्षकों के द्वारा गांजा से कमाई गई संपत्ति की जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने



### आरक्षकों के काले कमाई की विवरण

**आरक्षक लक्ष्मण गाईन:** आरक्षक लक्ष्मण गाईन एवं उसकी पत्नी कृष्णा गाईन के नाम पर सिरगिट्टी वार्ड क्रमांक 7 में 1600 वर्गफीट में बना मकान की 50 लाख रुपए। साले के नाम पर बाइक हार्ले डेविडसन कीमत 2 लाख 80 हजार, टाटा सफारी 7 एस कीमत 20 लाख रुपए।

**आरक्षक संतोष राठौर :** कोरबा करतला फरसवानी में 5232 वर्गफीट जमीन कीमत 10 लाख रुपए। हुण्डई वेन्यू कार कीमत 5 लाख

**आरक्षक मन्नू प्रजापति :** बोदरी में 1250 वर्गफीट जमीन कीमत 15 लाख, पत्नी कुसुम प्रजापति के नाम पर सिरगिट्टी वार्ड क्रमांक 7 में 1428 वर्गफीट जमीन में बना मकान कीमत 40 लाख रुपए, आरक्षक के नाम पर सिरगिट्टी वार्ड क्रमांक 7 में 1000 वर्गफीट जमीन कीमत 10 लाख रुपए।

आरक्षक लक्ष्मण गाईन, मन्नू प्रजापति, संतोष राठौर के पास जमीन, वाहन सहित डेढ़ करोड़ की संपत्ति जब्त कर ली है। पुलिस मामले का प्रकरण मुंबई सफेमा कोर्ट में पेश करेगी।

### राष्ट्रीय उद्यान में शेरनी ने दिया शावक को जन्म

**मुंबई।** मुंबई में संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में 14 साल में पहली बार एक शावक का जन्म हुआ है, जो उद्यान में वन्य जीव प्रजनन कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। राष्ट्रीय उद्यान में शेरनी ने शावक का जन्म दिया। एसजीएनपी ने पिछले साल केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुसार चिड़ियाघर विनिमय कार्यक्रम के तहत दो बाघों के बदले में शेर के जोड़े मानस और मानसी को प्राप्त किया था। पृथकवास की अवधि के उपरांत एसजीएनपी के चिकित्सकों तथा देखभाल करने वाली टीम के प्रयासों के बाद दोनों एक बड़े बाड़े में एक-दूसरे से घुलमिल गए।



## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की

*बस्तर का मामला शीर्ष कोर्ट पहुंचा*

# पिता को दफनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट से मांगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक ईसाई व्यक्ति द्वारा दायर उस याचिका पर सरकार को नोटिस जारी किया जिसमें उसने आरोप लगाया है कि वह बस्तर के छिंदवाड़ा गांव में अपने पादरी पिता को दफनाने में असमर्थ है, क्योंकि लोगों ने इसका कड़ा विरोध किया है तथा पुलिस ने उसे कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि 7 जनवरी को व्यक्ति की मौत के बाद से शव जगदलपुर के जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के शवगृह में पड़ा हुआ है। पुलिस ने तब से कोई कार्रवाई नहीं की है।



### क्या है मामला

सुप्रीम कोर्ट माहरा जाति के रमेश बघेल द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उन्होंने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनके पिता को गांव के कब्रिस्तान में ईसाई व्यक्तियों के लिए निर्दिष्ट क्षेत्र में दफनाने का निर्देश देने के अनुरोध वाली उनकी याचिका को निस्तारित कर दिया गया था।

### छत्तीसगढ़ सरकार से मांगा जवाब

छत्तीसगढ़ सरकार को नोटिस जारी करते हुए पीठ ने कहा, ग्राम पंचायत को छोड़िए, यहां तक कि उच्च न्यायालय ने भी अजीब आदेश पारित किया है। राज्य सरकार क्या कर रही है? इस मामले पर सुनवाई 20 जनवरी को होगी।

*सत्यापन के बगैर होगा बदलाव*

# अब ईपीएफओ के सदस्य अपडेट कर सकेंगे डिटेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

ईपीएफओ के 7.6 करोड़ से अधिक सदस्य अब नियोक्ता द्वारा किसी सत्यापन या ईपीएफओ की मंजूरी के बगैर भी नाम और व्यक्तिगत जानकारियों में ऑनलाइन बदलाव कर सकते हैं। ई-केवाईसी ईपीएफ खाते वाले सदस्य, नियोक्ता के हस्तक्षेप के बिना आधार ओटीपी के साथ सीधे अपने ईपीएफ हस्तांतरण दावे ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को दोनों नई सेवाओं की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि ईपीएफओ सदस्यों द्वारा दर्ज लगभग 27 प्रतिशत शिकायतें सदस्य प्रोफाइल/केवाईसी मुद्दों से संबंधित हैं ।



### आठ लाख आवेदन

वित्त वर्ष 2024-25 में नियोक्ताओं द्वारा ईपीएफओ को भेजे गए आठ लाख अनुरोधों में से केवल 40 प्रतिशत अनुरोध ही पांच दिनों के

### इसलिए किया गया बदलाव

कई कर्मचारियों के लिए, पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान या बाद में पिता/पति या पत्नी का नाम, वैवाहिक स्थिति, राष्ट्रीयता और सेवा विवरण दर्ज करने में नियोक्ताओं द्वारा गलतियां की गईं। इन त्रुटियों को ठीक करने के लिए कर्मचारी को सहायक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन अनुरोध करना पड़ता था। इस अनुरोध को नियोक्ता द्वारा सत्यापित करना होता था (

### बजट में पेश हो सकता है नया आयकर विधेयक

**नई दिल्ली।** सरकार संसद के आगामी बजट सत्र में एक नया आयकर विधेयक पेश कर सकती है। इसका उद्देश्य वर्तमान आयकर कानून को सरल बनाना, उसे समझने योग्य बनाना तथा पृष्ठों की संख्या में लगभग 60 प्रतिशत की कमी करना है। बजट सत्र 31 जनवरी से चार अप्रैल तक चलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई के बजट में छह महीने के भीतर छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा की थी।

### आठ साल से चार सौ मकान जर्जर, 60 करोड़ रुपए जाम

दुर्ग। भिलाई में हाउसिंग बोर्ड द्वारा आठ साल पहले बनाए गए मकान की अब तक बिक्री नही होने से करोडों रुपए का नुकसान हो रहा है। दुर्ग जिले के तालपुरी, चरोदा हाईट, परसदा कुम्हारी और खारून में बनाए गए करीब चार सौ से अधिक मकान खंडहर हो गए हैं। जिसके चलते बोर्ड का करीब साठ करोड रुपए जाम हो गया हैं। हाउसिंग बोर्ड द्वारा वर्ष 2017-18 में इन चारों इलाकों में सैकड़ों मकान बनाए गए थे। वर्तमान में करीब चार सौ से अधिक मकान की बिक्री नहीं हो पाई हैं। लंबे समय से बिक्री नहीं होने के कारण मकान जर्जर हो चुके हैं। यहां मकान की खिड़की के दरवाजे गायब हैं, वही चरोदा हाईट के कई मकानों में खतरनाक दरारे भी आ गई हैं।


हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

**टॉवर**
टावर - सरकारी मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया +नौकरी जमीनी कागज नक्शा ऑफिस लाएं या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं 9407780635, 8319401203 (भोपाल/20/जनवरी)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

### शब्द पहेली - 5753



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-5752 का हल**



### सूडोकु नवताल - 5764

✱✱✱✱✩ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5763 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |



# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होगी 'पंजाब 95'

**मुंबई।** पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'पंजाब 95' अब भारत में नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होगी। यह फिल्म मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन संघर्ष पर आधारित है। सेंसर बोर्ड के कारण अब तक फिल्म भारत में रिलीज नहीं हो पाई है। पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ अपने दिल-लुमिनाती टूर 2024 के बाद अब बड़े पर्दे पर फिल्म 'पंजाब 95' से वापसी कर रहे हैं। यह फिल्म मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन संघर्ष पर आधारित है, जो 1995 में रहस्यमय तरीके से गायब हो गए थे।

## लाइफ Style



# यामी
## गुजराती लड़के से पक्का होगा रिश्ता

यामी गौतम की शादी का विज्ञापन निकला है। अपने सुशील और घरेलू होने की काबिलियत बताते हुए उन्होंने शादी के लिए कई शर्तें रखी हैं। इससे पहले कि मन में कुछ खिचड़ी पकाएं, स्पष्ट कर दें कि यह सब अभिनेत्री की आगामी फिल्म के बारे में हैं, जिसकी झलक आज साझा की गई है। इसमें यामी के साथ प्रतीक गांधी नजर आएंगे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म का पोस्टर काफी मजेदार है। यामी गौतम की आगामी फिल्म का नाम 'धूम धाम' है। यह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आएगी। आज नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पेज से फिल्म की झलक शेयर की गई है। पोस्टर अखबारों में पारंपरिक अंदाज में आने वाले शादी के विज्ञापन की तर्ज पर है। एक लड़की कोयल चड्ढा (यामी गौतम) को लड़के की तलाश है। वहीं, एक गुजराती लड़के डॉ वीर (प्रतीक गांधी) को दुल्हन की तलाश है। दोनों ने अपनी-अपनी मांगों का बाकायदा विज्ञापन में जिक्र किया है। नेटफ्लिक्स ने यह पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन लिखा है, 'हमें रिश्ते के लिए डीएम न करें, क्योंकि हमारी शादी 'धूम धाम' से होने वाली है। पोस्टर में यामी गौतम की तस्वीर है, जिसमें वे पारंपरिक लुक में सिर पर चुनरिया ओढ़े नजर आ रही हैं। इसमें लिखा है, 'वर की तलाश! कोयल चड्ढा (मुंबई)। शादी की उम्र। संस्कारी, आध्यात्मिक और घरेलू युवती। एक सुशाली घर के वर की तलाश है। अगर मेरा डॉगी आपको पसंद करता है तो रिश्ता पक्का समझो'। दूसरा विज्ञापन प्रतीक गांधी की तस्वीर के साथ है। इसके साथ लिखा है, 'डॉ वीर, 29 वर्षीय गुजराती लड़का।

## हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन फेम हेनरी बने पिता

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अभिनेता हेनरी कैविल और उनकी गर्लफ्रेंड नताली विस्कुसो हाल ही में अपने पहले बच्चे के माता-पिता बने हैं। इस खुशखबरी का उन्होंने आधिकारिक तौर पर ऐलान अभी नहीं किया है, लेकिन दोनों को शनिवार को ऑस्ट्रेलिया में एक बेबी कैरिज के साथ चलते हुए देखा गया। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आने के बाद हर तरफ उनके माता-पिता बनने के कयास लगने शुरू हो गए हैं। अप्रैल 2024 में कैविल ने यह पुष्टि की थी कि वह और नताली अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं।



# क्रिस मार्टिन ने कॉन्सर्ट के दौरान पढ़ा 'जय श्रीराम'

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश बैंड कोल्डप्ले के फ्रंटमैन क्रिस मार्टिन ने मुंबई में म्यूजिक ऑफ स्फीयर्स कॉन्सर्ट के दौरान भारतीय फैंस को तब हैरान कर दिया, जब उन्होंने 'जय श्री राम' बोला। कॉन्सर्ट के दौरान हिंदी में अभिवादन से लोगों का दिल जीतने के बाद उन्होंने 'जय श्री राम' का नारा लगाया। दरअसल, सिंगर और कोल्डप्ले के फ्रंटमैन कॉन्सर्ट के दौरान प्रशंसकों द्वारा उठाए गए प्लेकार्ड पढ़ रहे थे। एक प्लेकार्ड पर 'जय श्री राम' लिखा था। मार्टिन ने इसे पढ़ा, जिसके बाद दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाईं। उन्होंने यह भी पूछा कि इसका क्या मतलब है। इतना ही नहीं, उन्होंने अन्य प्लेकार्ड भी पढ़े और उस पर प्रतिक्रिया दी। साथ ही उन्होंने हिंदी में सभी का अभिवादन भी किया। शो के दौरान बैंड ने अपने मशहूर ट्रैक बजाए, जिसमें पैराडाइज, विवा ला विदा, एडवेंचर ऑफ ए लाइफटाइम और येलो शामिल थे।



# मायानगरी में खरीदा एक और आशियाना

**मुंबई।** अभिनय की दुनिया में किस्मत आजमाने मुंबई पहुंचने वाले हर सितारे का सपना उस शहर में घर खरीदने का होता है। मायानगरी कहे जाने वाले इस सपनों के शहर में घर खरीदना मामूली बात नहीं। वहीं, अभिनेत्री, मॉडल और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी नेहा मलिक ने इसी शहर में एक और आशियाना लिया है। जिक्र कर दें कि यह उनका पहला नहीं, बल्कि तीसरा घर है। दो घर वे पहले ही खरीद चुकी हैं। नेहा मलिक सोशल मीडिया की चर्चित हस्ती हैं। अक्सर अपनी बोल्ड और स्टाइलिश तस्वीरों से इंस्टाग्राम पर चर्चा बटोरती हैं। उन्होंने अपने हालिया इंस्टा पोस्ट के जरिए बताया है कि मुंबई में उन्होंने नया घर लिया है। इसकी झलकियां भी उन्होंने शेयर की हैं। साथ ही यूट्यूब पर वीडियो शेयर कर फैंस को होम टूर कराया है।



# किरदार के लिए जुनैद ने की खास तैयारी

**नई दिल्ली।** जुनैद खान और खुशी कपूर नई जोड़ी के रूप में पर्दे पर नजर आने वाले हैं। 'लवयापा' का निर्देशन अद्वैत चंदन ने किया है। इससे पहले वह सीक्रेट सुपरस्टार और लाल सिंह चड्ढा जैसी फिल्म बना चुके हैं। फिल्म में उन्होंने एक स्थानीय दिल्ली के लड़के का किरदार निभाना था। इसके लिए उन्होंने दिल्ली की गलियों में समय बिताया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनके हाव-भाव और बोलचाल की भाषा को आत्मसात किया। जुनैद ने न केवल दिल्ली की बोली को समझा, बल्कि शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर उनके रहने के तरीके को भी महसूस किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चांदनी चौक की भीड़-भाड़ से लेकर लोधी गार्डन की शांति तक, जुनैद ने दिल्ली के विभिन्न पहलुओं को अनुभव किया, जिससे उन्हें अपने किरादर को निभाने में मदद मिली।

## टीवी मसाला



# इन जोड़ियों के बीच पहले प्यार, फिर हुई तकरार...

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री चाहत पांडे हाल ही में, बिग बॉस के घर से एविक्ट हो गई हैं। हालांकि, वह लोगों की पसंदीदा कंटेस्टेंट में से एक रही हैं और टॉप 5 की दावेदार भी थीं। शो में चाहत पांडे और रजत दलाल का कुछ दिनों तक लव एंगल भी निकला। हालांकि, बाद में फैमिली वीक में चाहत की मां ने आकर रजत को लताड़ लगाई। रजत का भी कहना था कि वह बाहर किसी और को डेट कर रहे हैं। अब आलम यह था कि दोनों ही एक-दूसरे का चेहरा देखना पसंद नहीं करते हैं। अभिनेत्री पायल रोहतगी बिग बॉस 2 का हिस्सा रही थीं। इस शो में पायल ने राहुल महाजन को डेट किया था। दोनों को शो में साथ में रोमांस करते हुए भी देखा गया था। हालांकि, बाद में राहुल ने मोनिका बेदी से रोमांस करना शुरू कर दिया, जिसके बाद पायल और राहुल में विवाद हुए और यह विवाद आज तक कायम भी हैं। बिग बॉस 13 में हिमांशी खुराना और आसिम रियाज की जोड़ी काफी पॉपुलर हुई थी। शो के बाद भी लंबे समय तक दोनों साथ ही थे और एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। यह रिश्ता चार साल तक चला भी था, लेकिन साल 2023 में दोनों की राहें अलग हो गईं और दोनों ने अपना ब्रेकअप अनाउंस किया था। बिग बॉस 8 की सबसे चर्चित जोड़ी करिश्मा तन्ना और उपेन पटेल की थी। करिश्मा इस कदर उपेन के प्यार में दीवानी थीं कि वह खुद सलमान खान से भी लड़ गई थीं। हालांकि, शो खत्म होने के बाद इस जोड़ी ने भी अपने रास्ते अलग कर लिए थे।

## श्रद्धा मिश्रा बनीं 'सारेगामापा' की विनर

**नई दिल्ली।** आगरा की बेटी श्रद्धा मिश्रा ने जी टीवी का रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा 2024' जीतकर अपने परिवार और शहर का नाम रोशन कर दिया है। काफी रोमांचक मुकाबले के बाद बाकी खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए श्रद्धा मिश्रा ने 'सा रे गा मा पा' के इस सीजन की विनिंग ट्रॉफी और 10 लाख रुपए प्राइज मनी जीत ली। श्रद्धा का जी टीवी के रियलिटी शो में सफर काफी शानदार रहा। उन्होंने जजों को अपनी गायकी से इंप्रेस किया और उनका सचिन-जिगर के साथ रिकॉर्ड किया पहला ही गाना वायरल हो गया। इन सब बातों के बाद उनका शो जीतना लगभग तय माना जा रहा था। सीजन जीतने के बाद श्रद्धा मिश्रा ने बताया कि हर परफॉर्मेंस के बाद मुझे जज यह बताया करते थे कि मैं विनर बन सकती हूं, लेकिन क्योंकि मुकाबला काफी कांटे का था, इसलिए कभी मैंने ऐसा सोचा नहीं था कि मैं जीत जाऊंगी। श्रद्धा मिश्रा ने बताया, 'मैं बता नहीं सकती कि अभी क्या महसूस कर रही हूं। बहुत बहुत खुश हूं और सा रे गा मा पा 2024 की जीत को हजम कर पाना आसान नहीं है।



# बॉलीवुड स्टार्स के बॉडीगार्ड भी लेते हैं तगड़ी फीस, सुनकर उड़ जाएंगे होश...

*मुंबई। सैफ अली खान पर हुए हमले के बाद पूरा बॉलीवुड हिल गया है। हर एक बड़ा बॉलीवुड स्टार अपनी सुरक्षा के लिए बॉडीगार्ड नियुक्त करता है, ताकि वह सुरक्षित रह सकें। आइए आपको बताते हैं इन बॉलीवुड स्टार्स की सुरक्षा के लिए यह अपने बॉडीगार्ड को कितनी मोटी फीस देते हैं।*

**सैफ अली खान :** सैफ अली खान और करीना कपूर खान के पास बड़ा स्टाफ है। इसमे पीएस, पीआरओ, ड्राइवर, माली, बॉडीगार्ड शामिल हैं। इसमे दोनों ( सैफ और करीना ) का मिलाकर 13 लोग है। घर का स्टाफ 4 लोगों का है। सैफ और करीना के पास कुल 6 ड्राइवर हैं। अलग-अलग बॉडीगार्ड मिलाकर ये संख्या 10 है। इनमें से सैफ और करीना के पास हमेशा 13 लोगों का स्टाफ दिन हो या रात में मौजूद रहता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इन सभी में खासतौर पर सैफ के बॉडीगार्ड की सैलरी करोड़ों में है।



**सलमान खान :** शेरा, जो 1995 से सलमान खान के बॉडीगार्ड हैं, कथित तौर पर सालाना 2 करोड़ रुपए कमाते हैं। शेरा अपनी बॉडी बिल्डिंग के लिए पहचाने जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शेरा ने कहा कि वे अपनी खुद की सुरक्षा फर्म, टाइगर सिक्योरिटी भी चलाते हैं। 2017 में, उन्होंने मुंबई में अपने कॉन्सर्ट के दौरान जस्टिन बीबर की सुरक्षा संभाली थी।

**शाहरुख खान :** रवि सिंह कथित तौर पर एक दशक से अधिक समय से शाहरुख खान के बॉडीगार्ड हैं और अभिनेता की सुरक्षा करते हैं। उन्हें अक्सर अभिनेता के बच्चों आर्यन खान और सुहाना खान की सुरक्षा करते हुए भी देखा गया है। रवि सिंह कथित तौर पर 2.7 करोड़ रुपए का वार्षिक वेतन कमाते हैं।

**आलिया भट्ट :** सुनील तालेकर बचपन से ही आलिया भट्ट के बॉडीगार्ड रहे हैं और कथित तौर पर उनकी बेटी राहा की भी देखभाल वही करते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह अपनी सेवाओं के लिए सालाना 50 लाख रुपए कमाते हैं।

**अक्षय कुमार :** अक्षय कुमार के बॉडीगार्ड श्रेयसे थेले कथित तौर पर हर साल 1.2 करोड़ रुपए लेते हैं, जिससे वह इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा वेतन पाने बॉडीगार्ड की लिस्ट में शुमार हैं।

**आमिर खान :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पूर्व बॉडी बिल्डर युवराज घोरपड़े आमिर खान के निजी अंगरक्षक हैं और कथित तौर पर सालाना लगभग 2 करोड़ रुपए कमाते हैं।

# ऋतिक को रियाद में मिला जॉय अवार्ड



*मुंबई। ऋतिक रोशन ने दशकों के अपने करियर में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। अपने अभिनय, शानदार लुक और बेहतरीन डांसिंग स्किल्स के लिए मशहूर इस अभिनेता ने बॉलीवुड में 25 साल पूरे करके एक नई उपलब्धि हासिल की है। सिनेमा में उनके योगदान के लिए हाल ही में रियाद में जॉय अवॉर्ड्स में उन्हें सम्मानित किया गया। अवॉर्ड स्वीकार करते हुए ऋतिक ने कहा, 'धन्यवाद। धन्यवाद, रियाद। धन्यवाद, जॉय अवाड्र्स। मुझे यहां इंवाइट करने के लिए क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को मेरा धन्यवाद। महामहिम, आप एक दूरदर्शी व्यक्ति हैं और हम सभी के लिए इस शानदार शाम को बनाने के लिए आपका धन्यवाद। मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। मैं प्रोत्साहित हूं। मेरा मतलब है, देखिए मैं किसके साथ हूं।' आगे ऋतिक ने कहा, 'यहां महान दिग्गजों के बीच मुझे यह अवॉर्ड मिला है। 25 साल हो गए हैं। यह एक लंबा समय लगता है, लेकिन मुझे यह समझने में 25 साल लग गए कि अभिनय वास्तव में क्या है।*

## मास्टर विनायक ने 1930 और 1940 के दशकों में सिनेमा में अपनी अमिट छाप छोड़ी

# 87 साल पहले बोल्ड सीन फिल्माकर मचा दिया तहलका

*नई दिल्ली। 19 जनवरी 1906 को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में जन्मे मास्टर विनायक (विनायक दामोदर कर्नाटकी) भारतीय सिनेमा के ऐसे अभिनेता और निर्देशक थे, जिन्होंने 1930 और 1940 के दशकों में सिनेमा में अपनी अमिट छाप छोड़ी। उनकी मित्रता महान गायक दीनानाथ मंगेशकर से गहरी थी।*

### बोल्ड सीन की खूब हुई चर्चा



मास्टर विनायक की फिल्म ब्रह्मचारी (1938) भारतीय सिनेमा की एक महत्वपूर्ण फिल्म मानी जाती है। इस फिल्म में मुख्य नायिका मीनाक्षी शिरोडकर को स्विमिंग सूट में दिखाया गया था, जो उस दौर के हिसाब से काफी विवादास्पद बात थी। फिल्म के इस दृश्य को लेकर दर्शक और समाज में काफी चर्चा और आलोचना हुई थी। इस फिल्म ने सिनेमा की सीमाओं को चुनौती दी और दर्शकों के सोचने का तरीका बदल दिया।

### लता मंगेशकर को फिल्म में दिया पहला मौका

लता मंगेशकर को सिनेमा में पहला मौका देने वाले मास्टर विनायक ही थे। मराठी फिल्म पहिली मंगलागौर (1942) में उन्होंने लता को बड़ा ब्रेक दिया। इस फिल्म में लता ने गाना गाने के साथ अभिनय भी किया था, जो उनके करियर की शुरुआत थी। इसके अलावा 1945 की फिल्म बड़ी मां के लिए भी लता मंगेशकर ने गाना गाया था। यह फिल्म भी मास्टर विनायक के निर्देशन में बनी थी।

### चाइल्ट आर्टिस्ट के रूप में नंदा ने की थी शुरुआत



मास्टर विनायक की बहुत छोटी सी फिल्मी यात्रा रही, लेकिन उन्होंने अपनी कला और मेहनत से भारतीय सिनेमा में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाने में कामयाब रहे। जब उन्होंने बहुत कम उम्र में इस दुनिया से अलविदा कहा, तब उनकी बेटी नंदा को चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में काम करना पड़ा। बाद में, नंदा ने अभिनय की दुनिया में अपना नाम स्थापित किया और बॉलीवुड में एक प्रतिष्ठित अभिनेत्री के रूप में जानी गईं। फिल्म मंदिर (1948) में नंदा ने लता मंगेशकर के छोटे भाई का किरदार निभाया था।

### बेटी नंदा को देते थे लड़के का किरदार

मास्टर विनायक का नाटकों के प्रति गहरा प्रेम था। वह अपने नाटकों में बड़े जुनून के साथ काम करते थे और अक्सर अपनी बेटी नंदा से कहा करते थे, 'तुम्हें आकर बड़ा नाम करना होगा।' नंदा को वह नाटकों में लड़के का किरदार दिया करते थे, जिस पर नंदा हैरान होकर कहतीं, 'आप ऐसा क्यों कर रहे हैं? मुझे अभिनय नहीं करना है।' लेकिन, मास्टर विनायक का विश्वास उनके भीतर था कि वह एक दिन अभिनय की दुनिया में बड़ा नाम हासिल करेंगी।

# सुपर 750 बैडमिंटन: एक्सेलसेन, आन से-यंग ने जीता इंडिया ओपन खिताब



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसेन और आन से-यंग ने रविवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में एकतरफा फाइनल में शानदार जीत दर्ज करके क्रमशः पुरुष और महिला एकल का खिताब हासिल किया। इससे पहले 2017 और 2019 में भी यहां चैंपियन रहे एक्सेलसेन ने पुरुष एकल में पिछले साल के उपविजेता हांगकांग के ली चेउक यियू को 21-16 21-8 से हराया।

दो बार के विश्व चैंपियन एक्सेलसेन ने पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 के शुरुआती दौर में इस प्रतिद्वंद्वी से मिली शिकस्त की निराशा को पीछे छोड़ दिया।



### आन की आसान जीत

*महिला एकल में आन से-यंग ने टूर्नामेंट में अपना प्रभावशाली खेल जारी रखते हुए पी चोचुवोंग को आसानी से 21-12, 21-9 से हरा दिया। गोह सेज फेई और नूर इजुद्दीन की मलेशिया की पुरुष जोड़ी ने खिताबी मुकाबले में किम वोन हो और सियो सेउंग जे की कोरियाई जोड़ी को 21-15,13-21, 21-16 से हराया। मलेशिया की इस जोड़ी ने सेमीफाइनल में भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पराजित किया था।*

### अरिसा-अयाको को युगल खिताब

*महिला युगल के फाइनल में जापान की अरिसा इगाराशी और अयाको सकुरामोतो ने दक्षिण कोरिया की किम हये जांग और कोंग ही यंग को 21-15, 21-13 से हराया। चीन के जियांग जेन बैंग और वेई या शिन की मिश्रित युगल जोड़ी ने थॉम गिक्वेल और डेल्फिन डेलरू की जोड़ी को 21-18 21-17 से हराकर खिताब अपने नाम किया।*

### पुरुष एकल का खिताबी रोमांच

*पिछले सत्र के उपविजता ली लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने के बावजूद खिताब जीतने का सपना पूरा नहीं कर सके। हांगकांग ओपन (2019) के इस चैम्पियन ने पहले गेम में 6-3 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की लेकिन एक्सेलसेन ने वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बना ली। ली ने इसके बाद संघर्ष करना जारी रखा लेकिन एक्सेलसेन की बराबरी नहीं कर सके। ऐक्सेलसेन ने पांच गेम प्वाइंट हासिल किए और ली का शॉट कोर्ट से बाहर जाने के साथ ही उन्होंने पहले गेम को जीत लिया। एक्सेलसेन ने दूसरे गेम में भी अपना दबदबा जारी रखा। उन्होंने लगातार नौ अंक जुटाते हुए 10-6 की बढ़त को 19-6 में बदलकर ली के आत्मविश्वास को तोड़ते हुए आसानी से इस गेम को जीतकर मैच और खिताब जीत लिया।*

## खबर संक्षेप



### सूर्यकुमार की चैंपियंस ट्रॉफी में कमी खलेगी

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना का मानना है कि भारत को आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की कमी खलेगी और वह टीम के लिए 'एक्स फैक्टर' साबित हो सकते थे। सूर्यकुमार को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया है जिसकी घोषणा शनिवार को की गई थी। रैना ने कहा, 'सूर्यकुमार विश्व कप टीम का अभिन्न अंग थे। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो मैदान के किसी भी स्थान पर शॉट मार सकता है। वह खेल के किसी भी चरण में नौ रन प्रति ओवर की दर से रन बना सकता है। वह अपने विशेष खेल से प्रतिद्वंदी टीम पर हावी होने की क्षमता रखता है।'

### भारतीय डिफेंडर प्रीतम चेन्नईयिन एफसी से जुड़े

**चेन्नई।** भारत के डिफेंडर प्रीतम कोटल रविवार को इंडियन सुपर लीग की टीम केरल ब्लास्टर्स एफसी को छोड़कर चेन्नईयिन एफसी में शामिल हो गए। कोटल का अनुबंध ढाई साल का है। भारत के लिए 50 से अधिक मैच खेलने वाले 31 वर्षीय कोटल पिछले एक दशक से आईएसएल में नियमित रूप से खेल रहे हैं। पश्चिम बंगाल का यह खिलाड़ी मोहन बागान सुपर जाइंट की कप्तानी कर चुका है और उनकी अगुआई में टीम ने कोलकाता डर्बी में लगातार आठ जीत दर्ज की।



### पंजाब सरकार की अनदेखी से निराश

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व एथलीट सुचा सिंह को जब लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) से नवाजा गया तो इसे मिलने की खुशी उनकी डबडबाई आंखों और रूंधी आवाज से महसूस की जा सकती थी लेकिन पंजाब सरकार की अनदेखी का दर्द अब भी उनकी जुबां पर आ ही जाता है।



## ऑस्ट्रेलियन ओपन : कोको का लगातार सेटों में जीत दर्ज करने का सिलसिला टूटा

# सबालेंका की लगातार 18वीं जीत, क्वार्टर फाइनल में पहुंचे गॉफ और अल्काराज

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने रविवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार तीसरा खिताब जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। महिला वर्ग में कोको गॉफ का लगातार सेटों में जीत दर्ज करने का सिलसिला टूट गया लेकिन वह अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं।

पिछली दो बार की चैंपियन सबालेंका ने रॉड लेवर एरेना में दिन के खेल की शुरुआत करते हुए 14वीं वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा को 6-1, 6-2 से हराया और इस तरह से ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपनी जीत का सिलसिला 18 मैचों तक बढ़ाया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के महिला एकल में लगातार तीन खिताब जीतने वाली आखिरी खिलाड़ी मार्टिना हिंगिस थी, जिन्होंने 1997 से 1999 तक यह कारनामा किया था। मैच के बाद सबालेंका ने एंड्रीवा को गले लगाया, भीड़ की ओर हाथ हिलाया और अपने पोलेरॉइड कैमरे से एक तस्वीर ली।



### जोकोविच की ग्रैंड जीत


रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले नोवाक जोकोविच और तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज भी आगे बढ़ने में सफल रहे। क्वार्टर फाइनल में दोनों आमने-सामने होंगे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के 10 बार के चैंपियन जोकोविच ने विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज जिरी लेहेस्का को 6-3, 6-4, 7-6 से हराया।

### गॉफ ने की वापसी

गॉफ ने पहला सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करते हुए बेलिंडा बेनसिच पर 5-7, 6-2, 6-1 से जीत हासिल की। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने इससे पहले 2025 में जो 16 सेट खेले थे उन सभी में उन्होंने जीत दर्ज की थी। गॉफ का अब मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में पाउला बडोसा से मुकाबला होगा। बडोसा ने ओल्गा डेनिलोविच को 6-1, 7-6 (2) से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई।

### चौथी बार क्वार्टर खेलेंगे ज्वेरेव

पुरुष वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव में चौथी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में दो बार के उपविजेता रहे ज्वेरेव ने उगो हम्बर्ट को 6-1, 2-6, 6-3, 6-2 से जबकि पॉल ने एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-1, 6-1, 6-1 से हराया। तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज भी आगे बढ़ने में सफल रहे। उन्होंने जैक ड्रेपर के कूल्हे की समस्या के कारण दो सेटों के बाद हट जाने के कारण अंतिम आठ में जगह सुरक्षित की।



### बोपन्ना-शुआई ने अंतिम आठ में बनाई जगह



अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और चीन की उनकी जोड़ीदार झांग शुआई ने रविवार को यहां दूसरे दौर के मैच में वॉकओवर मिलने के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और शुआई का मुकाबला अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और मोनाको के ह्यूगो निस से था, लेकिन यह चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी खेलने के लिए नहीं उतरी।

## इंग्लिश प्रीमियर लीग

# नुनेज़ के दो गोल से जीता लिवरपूल आर्सेनल खिताब की दौड़ में पिछड़ा



एजेंसी ▶▶ लंदन

डार्विन नुनेज़ के इंजरी टाइम में किए गए दो गोल की मदद से लिवरपूल ने ब्रेंटफोर्ड को 2–0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। आर्सेनल ने दो गोल की बढ़त बनाने के बावजूद एस्टन विला से ड्रॉ खेला जिससे वह खिताब की दौड़ में पिछड़ गया।

लिवरपूल एक समय लगातार तीसरा मैच ड्रॉ खेलने की तरफ बढ़ रहा था लेकिन उरुग्वे के स्ट्राइकर नुनेज़ ने अतिरिक्त समय के पहले और तीसरे मिनट में गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित की। अंक तालिका में दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल ने विला के खिलाफ गैब्रियल मार्टिनेली और काई हैवर्टज़ के गोल की मदद से 2-0 की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन आखिर में यह मैच 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ। ओली वॉटकिंस ने विला के लिए बराबरी का गोल दागा। लिवरपूल के इस जीत से 22 मैच में 50 अंक हो गए हैं और उसने आर्सेनल पर छह अंक की बढ़त हासिल कर ली है। आर्सेनल के 22 मैच में 44 अंक हैं।

### रूस की ततियाना ने जीता आईटीएफ डब्लू50 खिताब

**नई दिल्ली।** रूस की ततियाना प्रोजोरोवा ने रविवार को यहां दूसरी वरीय हंगरी की पेना उडवर्डी के खिलाफ महिला एकल फाइनल छह मैच प्वाइंट बचाते हुए आईटीएफ डब्लू50 टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। सातवीं वरीय प्रोजोरोवा ने दूसरे सेट के 12वें गेम में तीन मैच प्वाइंट बचाने के बाद टाईब्रेकर में भी तीन मैच प्वाइंट बचाए और तीन घंटे चले कड़े मुकबले में उडवर्डी के खिलाफ 4-6, 7-6, 6-4 से जीत दर्ज की। प्रोजोरोवा ने कहा, 'मैं बेहद खुश हूं कि यह मैच जीत सकी और इतने सारे अंक बचा सकी और साथ ही अपना मौका भी नहीं गंवाया। मैं इस साल जनवरी में अपना पहला खिताब जीतकर बेहद खुश हूं।

# भारत का धमाकेदार आगाज, वेस्टइंडीज को 44 रन पर समेटकर नौ विकेट से जीता मैच

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

भारतीय अंडर 19 महिला टीम ने विश्व कप में अपने खिताब के बचाव का शानदार आगाज करते हुए रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट की प्रभावशाली जीत दर्ज की। भारत ने ग्रुप ए के इस मैच में वेस्टइंडीज की पारी को महज 44 रन पर समेटने के बाद 4.2 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

बाएं हाथ की स्पिनर पारुनिका सिसौदिया (तीन विकेट) और आयुषी शुक्ला (दो विकेट) के साथ-साथ तेज गेंदबाज वीजे जोशीथा (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी भी भारत ने यहां बयूमास ओवल में वेस्टइंडीज की टीम को 13.2 ओवर पर आउट कर दिया। वेस्टइंडीज के पांच बल्लेबाज खाता खोले बगैर आउट हुए। भारत ने विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमालीनि (नाबाद 16 रन) और सानिका चालके (नाबाद 18 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी से 94 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय टीम अब मंगलवार को मलेशिया के खिलाफ खेलेगी। इस ग्रुप में श्रीलंका की टीम भी शामिल है।

अंडर 19 महिला विश्व कप



### हाथ गंवाया, हौसला कभी कम नहीं हुआः अजीत

**नई दिल्ली।** पेरिस पैराओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित होने वाले वाले पैरा भाला फेंक खिलाड़ी अजीत सिंह यादव ने कहा कि ट्रेन दुर्घटना में एक हाथ गंवाने के बावजूद उन्होंने कभी अपना हौसला कम नहीं होने दिया। अजीत ने 2017 में ट्रेन दुर्घटना में अपना बायां हाथ गंवा दिया था। उन्होंने पेरिस पैरालंपिक में 65.62 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक जीता। अजीत ने साक्षात्कार में अर्जुन पुरस्कार को हौसला बढ़ाने वाला करार देते हुए कहा कि यह उन्हें श्रेष्ठता हासिल करने के लिए और अधिक प्रेरित करेगा। उत्तर प्रदेश के इटावा के 31 साल के इस खिलाड़ी ने कहा, 'इस पुरस्कार ने मुझे और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया है। मैंने पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक के लक्ष्य के साथ गया था लेकिन लगभग आधा मीटर से मैं शीर्ष स्थान हासिल करने से चूक गया।

## टाटा स्टील शतरंज मास्टर्स में जीते हरिकृष्णा

# गुकेश ने अनीश को हराकर की शानदार शुरुआत

एजेंसी ▶▶ विज्क आन ज़ी

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने मुश्किल परिस्थितियों से उबर कर नीदरलैंड के अनीश गिरी को पराजित करके टाटा स्टील शतरंज मास्टर्स टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

गुकेश ने शुक्रवार को भारत के सर्वोच्च खेल पुरस्कार खेल रत्न को प्राप्त करने के बाद एम्स्टर्डम के लिए उड़ान पकड़ी थी तथा वह पहले दौर के मैच से कुछ देर पहले ही यहां पहुंचे थे। इस युवा खिलाड़ी पर शुरू में थकान का असर दिखा और एक समय वह हार की स्थिति में दिख रहे थे लेकिन इसके बाद बाजी पलटने में सफल रहे। ओपन वर्ग में पहले दौर में तीन बाजियों का ही परिणाम निकला। भारत के हरिकृष्णा ने अपने सफेद मोहरों का भरपूर उपयोग करते हुए हमवतन और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी को हराया। लियोन ल्यूक मेंडोंका ने लगभग जीती हुई स्थिति हाथ से निकल जाने दी, क्योंकि उन्होंने कई गलतियां कीं, जिससे जर्मनी के विंसेंट कीमर को विजयी शुरुआत मिली, जबकि आर प्रज्ञाननंदा ने नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ अपना मुकाबला ड्रॉ खेला। पहले दौर की अन्य बाजी भी बराबरी पर छूटी।



### वेई यी ने बांटे अंक

*चीन के गत चैंपियन वेई यी ने अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना के साथ, नीदरलैंड के मैक्स वार्मरडैम ने सर्बिया के एलेक्सी साराना के साथ और एक अन्य स्थानीय खिलाड़ी जॉर्डन वैन फॉरेस्ट ने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के साथ अंक बांटे। चैलेंजर्स वर्ग में आर वैशाली ने विश्व के सबसे कम उम्र के अंतरराष्ट्रीय मास्टर अर्जेंटीना के ओरो फॉस्टिनो को हराकर विजयी शुरुआत की, लेकिन दिव्या देशमुख अपने से ऊंची रैंकिंग वाली उज्बेकिस्तान की नोदिरबेक याकुबोएव से हार गईं।*

**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक नर्मदापुरम वन वृत नर्मदापुरम म.प्र.**
Ph.No.(07574)252521, E-Mail-ccf-hbd@mpgov.org
**काष्ठ परिवहन हेतु द्वितीय संक्षिप्त निविदा सूचना**
**वन वर्ष 2024–25 नर्मदापरुम वन वृत्त**

निविदा क्रमांक / 2024–25 / 02 / नर्मदापुरम दिनांक 16/01/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नर्मदापुरम वन वृत के अंतर्गत हरदा (उत्पादन) वनमण्डल में वर्ष 2024–25 के दिल्ली डिपो एवं विदोहन कूपों से प्राप्त वनोपज परिवहन हेतु शेष रहे कूपो का काष्ठ परिवहन हेतु निविदा सूचना निम्नांकित तिथियों को अपरान्ह 2.00 बजे (दो बजे) तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत पते पर मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदाकार / व्यक्ति यदि चाहे तो संबंधित वनमण्डल कार्यालय में भी इन तिथियों के एक दिन पूर्व तक (अवकाश के दिनों को छोडकर) कार्यालयीन दिवस में निविदा दे सकते है। प्राप्त निविदायें निविदा तिथि को ही दिन के 3.00 बजे (तीन बजे) मुख्य वनसंरक्षक, वृत नर्मदापुरम के द्वारा उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।

| प्रथम दौर निविदा दिनांक | द्वितीय दौर निविदा दिनांक | तृतीय दौर निविदा दिनांक | तृतीय दौर निविदा उपरान्त नीलाम दिनांक |
|---|---|---|---|
| 31 / 01 / 2025 | 07 / 02 / 2025 | 14 / 02 / 2025 | 21 / 02 / 2025 |

निविदा खुलने के पश्चात शेष बचे समूहों का निवर्तन दिनांक 21 / 02 / 2025 को सायं 4.00 बजे (चार बजे) नीलाम व्दारा निविदा शर्तो के अनुसार किया जावेगा।

1– प्रत्येक समूह के लिये निर्धारित फार्म में अलग अलग निविदा दी जावे। निर्धारित निविदा फार्म रूपये 100 / –(अंकन सौ रूपये) की अदायगी पर हरदा (उत्पादन) वनमण्डल में प्राप्त किये जा सकते है।

2– परिवहन निविदा / नीलाम से संबंधित विस्तृत जानकारी, निविदा शर्ते एवं परिवहन समूहों की सूची हरदा (उत्पादन) वनमण्डल से किसी भी कार्य दिवस / समय में प्राप्त की जा सकती है।

(अशोक कुमार) मुख्य वन संरक्षक
नर्मदापुरम वृत नर्मदापुरम

G-21922/24

**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंडला संभाग मंडला**
**बिंझिया चौराहे के पास मंडला**

पत्र क्रमांक / 1612 / निविदा / ग्रा.या. सेवा/2025 मण्डला दिनांक 15/01/2025

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 02-2025**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से दो लिफाफा पद्धति के आधार पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारिक पोर्टल http://mptenders.gov.in पर मध्यप्रदेश सरकार के केन्द्रीयकृत पंजीयन पद्धति में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से विभाग द्वारा जारी टेण्डर डाक्यूमेंट अपेंडिक्स 2.10 प्रतिशत दर पर मंडला जिले में निम्न तालिका में अंकित कार्यो हेतु ऑनलाईन मोहरबंद निविदा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की दिनांक 11/04/2022 से प्रभावशील दर अनुसूची एवं निविदा आमंत्रण सूचना के दिनांक तक संशोधित के आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सेण्डर सिस्टम नंबर | विकास खण्ड | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | कार्य अवधि वर्षाकाल सहित (माह में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रू में) | आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | | मवई | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य शासकीय हाई स्कूल कुम्हली | 12.32 | 24600 | 03 माह | 2000 | द्वितीय |
| 2 | | मवई | अटल टिकरिंग लेब निर्माण कार्य शासकीय हाई स्कूल कुम्हली | 12.70 | 25400 | 03 माह | 2000 | द्वितीय |
| | | | योग | 25.02 | | | | |

उपरोक्त निविदाओ की जानकारी http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने पर इसकी सूचना ऑन लाइन प्रदर्शित की जावेगी।

1. निविदा संबंधी तिथियां (Key Dates)
1. Purchase of Tender Start Date 27.01.2025 Time 11.00 Am
2. Purchase of Tender End Date 01.02.2025 Time 18.00 Pm
3. Bid Submission Start Date 27.01.2025 Time 11.00 Am
4. Bid Submission End Date 01.02.2025 Time 18.00 Pm
5. Envolape A Open Date 04.02.2025 Time 11.00 AM
6. Envolape C Open Date 04.02.2024 Time 11.00 Am

गीता आरमो
(9691818756)
कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
मण्डला संभाग मण्डला

G21896/24





## अब सॉफ्टवेयर बनाएगा केंद्राध्यक्ष, मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने किया तय

# बोर्ड परीक्षा में केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति में नहीं चलेगी मनमानी

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में केंद्राध्यक्षों की तैनाती में अब मनमानी नहीं चलेगी। मंडल ने तय किया है कि इस बार किसी परीक्षा केंद्र पर केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष का फैसला अधिकारी नहीं, बल्कि मशीन करेगी। मंडल के इस आदेश के साथ केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष बनाए जाने को लेकर विवाद भी शुरू हो गया है। ऐसा इसलिए कि बड़वानी जिले में परीक्षा के करीब डेढ़ महीने पहले केंद्राध्यक्षों और सहायक केंद्राध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई। बड़वानी डीईओ शीला चौहान ने सभी केंद्राध्यक्षों और सहायक केंद्राध्यक्षों की एक दिन पहले बैठक भी बुलाई थी। जिला शिक्षा अधिकारी के इस फैसले से परीक्षा की गोपनीयता पर सवाल खड़े होने लगे हैं। हालांकि सफाई में अधिकारियों का कहना है कि यह फाइनल सूची नहीं है। अभी इसका रेंडमाइजेशन होना बाकी है।

मंडल की दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से शुरू हो रही है। दोनों परीक्षाओं में 16.50 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इस बार परीक्षा में नकल पर रोक और प्रश्नपत्र को लीक होने से बचाने के



लिए बोर्ड ने नियमों में कुछ बदलाव किए हैं। एक बदलाव केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष की चयन प्रक्रिया में भी हुआ है। इसमें माशिमं द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर केंद्राध्यक्षों एवं सहायक केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति विकासखंड स्तर पर नहीं होगी। केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष बनाने के योग्य लोगों की एक जिलास्तरीय सूची तैयार होगी। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित एक समिति इसका अनुमोदन करेगी। जिला शिक्षा अधिकारी इस सूची को जिला सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) को भेजेंगे। वहां पहले से मौजूद केंद्रों की सूची के साथ इस सूची को भी विशेष सॉफ्टवेयर में डाला जाएगा। वह सॉफ्टवेयर रेंडम पद्धति से किसी शिक्षक का नाम जिले के किसी केंद्र के साथ केंद्राध्यक्ष अथवा सहायक केंद्राध्यक्ष के तौर पर जोड़ देगा।

### जिनके बच्चे परीक्षा में उनसे परहेज

बोर्ड ने साफ कहा है कि जिन शिक्षकों के बच्चे दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में बैठने जा रहे हैं, उन्हें पर्यवेक्षक और केंद्राध्यक्ष नहीं बनाया जाएगा। गंभीर बीमारी से पीड़ित शिक्षकों को भी परीक्षा कार्य में नहीं लगाया जाएगा। साथ में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को उनके विषयों के प्रश्न-पत्रों में पर्यवेक्षक के रूप में भी ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी।

### ऐसे लोगों को केंद्राध्यक्ष बनाने की मनाही

पिछले सालों की परीक्षा में जिन परीक्षा केंद्रों पर सामूहिक नकल के प्रकरण सामने आए थे, ऐसे परीक्षा केंद्रों पर उस समय नियुक्त केंद्राध्यक्षों को इस वर्ष की परीक्षा में केंद्राध्यक्ष नहीं बनाया जाएगा। गोपनीयता भंग करने अथवा परीक्षा कार्य में घोर लापरवाही बरतने वाले केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, शिक्षक या अन्य कर्मचारी को ड्यूटी पर नहीं लगाए जाएंगे। मंडल परीक्षा कार्य में लापरवाही बरतने वाले (डिबार किए गए) शिक्षकों और प्राचार्यों को अपात्र कर दिया गया है।

### 9वीं व 11वीं की परीक्षा के लिए राज्य स्तर पर तैयार होंगे प्रश्नपत्र

**बेसिक व स्टैंडर्ड के प्रश्नपत्रों का कठिनाई का स्तर अलग-अलग होगा**


**जबलपुर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों की नौवीं व 11वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं तीन फरवरी से शुरू होंगी। नौवीं की परीक्षा पांच से 22 फरवरी तक सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक होंगी। वहीं 11वीं की परीक्षा तीन से 22 फरवरी तक दोपहर दो से शाम पांच बजे तक संचालित होंगी। विद्यार्थियों को समय से आधा घंटे पहले परीक्षा कक्ष में पहुंचना होगा। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

डीपीआई ने प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा आयोजित करने की जिम्मेदारी मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद को दी गई है। इस परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र राज्य स्तर पर तैयार किए जाएंगे। वहां से जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से स्कूलों तक पहुंचेंगे। शेष प्रश्न पत्र आवश्यकतानुसार माध्यमवार जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी अपने निर्देशन में प्राचार्य जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय के माध्यम से विषय शिक्षक द्वारा तैयार कराए जाएंगे। यह प्रश्नपत्र तैयार करने में ऐसे शिक्षकों को प्राथमिकता दी गई, जिन्हें माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा प्रश्नपत्र निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया है। बता दें, कि दोनों कक्षाओं के करीब 18 लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

**संजय टाइगर रिजर्व को 2253, कूनो को 43 चीतल भेजे**

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से चीतलों की शिफ्टिंग शुरू

**जबलपुर।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व (बीटीआर) से बड़ी संख्या में चीतलों की शिफ्टिंग की जा रही है। भोपाल वन विभाग मुख्यालय से अनुमति के बाद संजय टाइगर रिजर्व और कूनो नेशनल पार्क में चीतलों को भेजा जा रहा है। 17 जनवरी तक संजय टाइगर रिजर्व में 2253 और कूनो में 43 चीतलों को शिफ्ट किया जा चुका है।



बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 30 हजार से अधिक स्वस्थ चीतल मौजूद हैं। यहां पर्याप्त घास के मैदान और बेहतर खाद्य व्यवस्था के कारण चीतलों का स्वास्थ्य उत्तम है। योजना के अनुसार, संजय टाइगर रिजर्व में कुल 2500 और कूनो में 50 चीतलों के शिफ्टिंग का लक्ष्य रखा गया है। बीटीआर के उपसंचालक पीके वर्मा के अनुसार, जब किसी क्षेत्र में बाघों का विस्थापन होता है या बाघों की संख्या बढने से चीतलों की कमी होती है तो वहां चीतल संख्या को बढ़ाने में काफी समय लगता है। इसलिए जिन पार्कों में चीतलों की अधिक संख्या होती है, वहां से दूसरे क्षेत्रों में शिफ्ट किया जाता है।

**एम.पी. किसान एप के माध्यम से मोबाइल से घर बैठे कर सकेंगे पंजीयन**

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन आज से 31 मार्च तक



**जबलपुर।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 20 जनवरी से 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। किसान स्वयं के मोबाईल से एम.पी. किसान एप के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। किसानों को पंजीयन केन्द्रों में लाईन लगाकर पंजीयन कराने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2425 रुपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रुपये अधिक है।

### पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था

पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र और एम.पी. किसान एप पर भी की गई है।

### पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। इन केन्द्रों पर पंजीयन के लिये शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में कलेक्टर निर्देश जारी करेंगे। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा।सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। पूर्व वर्षों की किसी अपात्र संस्था में केन्द्र प्रभारी एवं ऑपरेटर को किसी अन्य संस्था में पंजीयन के लिए नहीं रखा जायेगा।

**अजीवन सजा काट रहे बंदियों को मिलेगी अच्छे आचरण पर रिहाई**

## गणतंत्र दिवस पर जेल से रिहा होंगे 11 कैदी

हरिभूमि जबलपुर।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 11 अनुशासित कैदियों को इस गणतंत्र दिवस के अवसर पर जेल से रिहा किया जाएगा। इनमें 10 पुरुष और 1 महिला कैदी शामिल हैं, जिन्हें सजा पूरी करने पर रिहाई मिलेगी। जेल अधिकारियों ने इन कैदियों से बातचीत की और उन्हें भविष्य में अपराधों से दूर रहने की सलाह दी। कैदियों ने भी वादा किया कि वे अब कभी ऐसी गलती नहीं करेंगे, जिसका खामियाजा उन्हें और उनके परिवार को भुगतना पड़े।



सूत्रों के अनुसार, राज्य सरकार के आदेश के बाद अब साल में चार बार रिहाई का प्रावधान किया गया है। पहले कैदी केवल स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) और गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) पर ही रिहा होते थे, लेकिन अब 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) और 14 अप्रैल (बाबा साहेब आंबेडकर जयंती) को भी कैदी रिहा होंगे। इससे पहले, कैदियों को स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के बीच 6 महीने इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब रिहाई का समय कम हो गया है। गणतंत्र दिवस के मौके पर जेल में बंद कैदियों को विशेष आहार भी प्रदान किया जाएगा। हाल ही में कुछ कैदियों ने खास तरह के व्यंजन बनाने की ट्रेनिंग ली है। जेल में करीब 2650 कैदी हैं, और इनके लिए विशेष भोजन की तैयारी आज से शुरू हो चुकी है।

इस वर्ष नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के मौके पर केंद्रीय कारागार में साहित्यिक, सांस्कृतिक और खेल-क्रीड़ा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जेल में "प्रतिभा प्रतियोगिता" का आयोजन भी किया जाएगा। इसके अलावा, जेल प्रशासन ने नेताजी की स्मृतियों को सहेजते हुए एक संग्रहालय बनाया है, जिसमें उनकी जीवंत झांकी प्रदर्शित की जाएगी।

अखिलेश तोमर, जेल अधीक्षक ने जानकारी दी कि इस गणतंत्र दिवस पर 11 अनुशासित कैदी रिहा होंगे, जिनका आचरण अच्छा रहा और जिन्होंने आजीवन कारावास की सजा पूरी की है।

**दिन में मौसम सामान्य रात में ठंडी**

## तापमान में स्थिरता मौसम में बदलाव

**जबलपुर।** मौसम में बदलाव देखा जा रहा है पिछले 2 दिनों से दिन का तापमान सामान्य बना हुआ है, जबकी रात का तापमान सामान्य से तीन डिग्री नीचे चल रहा है। दिन में तेज धूप की वजह से ठंड का अहसास नहीं होता.



सूर्यास्त के बाद ठंड जोर मारने लगती है। मौसम विभाग का कहना है कि 2-4 दिनों बाद फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार बन रहे हैं। जिसके बाद एक बार फिर मौसम में बदलाव आएगा. फिलहाल दिन में लोगों को ठंड से राहत है, लेकिन शाम ढलने के बाद शीतल बयारों के बाद ठंड शुरु हो जाती है। 21 तारीख के बाद फिर एक बार पश्चिमी विक्षोभ बन रहा है। उसके बाद फिर तापमान में वृद्धि होगी और बारिश के बाद फिर तापमान नीचे गिरेगा। मौसम कार्यालय के मुताबिक आने वालें दिनों में एक बार फिर मौसम के मिजाज बदलेंगे।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान जबलपुर शहर का अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस सामान्य रिकार्ड किया गया। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 07.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। हवा में नमी प्रातः काल 95 प्रतिशत और सायंकाल 53 प्रतिशत आंकी गई। उत्तरी हवाएं 3-4 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। सूर्योदय सुबह 5.53 बजे और सूर्यास्त शाम 5.49 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तामपान 20.4 और न्यूनतम 8.4 डिग्री रिकार्ड किया गया था। अगले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना।

## डम्पर की टक्कर से दो एमआर की मौत

**जबलपुर।** खितौला थानान्तर्गत कल अपरान्ह साढ़े तीन बजे एनएच-30 जबलपुर कटनी रोड खितौला मोड के पास तेज रफ्तार डम्पर के चालाक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटर साइकिल सवार एक दवा कंपनी के दो चिकित्सा प्रतिनिधियों (एमआर) को टक्कर मार दी। घटना में मोटर साइकिल चला रहे एक एमआर की गाड़ी से गिरकर आयी संघातक चोटों के कारण मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका साथी एमआर भी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ईलाज के लिए एम्बुलेंस से मेडिकल अस्पताल भिजवाया गयाँ जहां डाक्टर ने घायल एमआर को चैक कर मृत करार दिया। आरोपी डम्पर चालक पर धारा 281, 125 ए बीएनएस 184 एमवी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। खिलौता पुलिस ने बताया कि जबलपुर कटनी रोड खितौला मूड के पास एक्सीडेंट होने की सूचना पर पहुंचाी पुलिस को राजीव डडवाल ने बताया कि उसके दोस्त्र घमापुर निवासी शिवम कुमार पाण्डे व मढ़ई राझी निवासी राजकुमार पिल्ले मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 एनडी 76 से सिहोरा दवा कंपनी के प्रसार प्रचार के लिए गये थे। गाडी शिवम चला रहा था। जहां से वापस लौटते समय अपरान्ह 3.30 बजे एनएच 30 जबलपुर कटनी रोड खितौला मोड़ के पास तेज रफ्तार हाईवा डम्पर क्रमांक एमपी 20 रेडपी 8722 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुये मोटर साइकिल में टक्कर मार दी।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240